हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शनिवार • 21.12.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 149 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## जयपुर टैंकर ब्लास्ट में 11 की मौत
## 35 घायल, 40 गाड़ियां भी जलीं

एजेंसी

**जयपुर :** जयपुर के पास शुक्रवार अलसुबह एलपीजी टैंकर को एक ट्रक द्वारा टक्कर मारे जाने के बाद लगी आग ने 30 से अधिक वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया और इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 35 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जयपुर के अजमेर रोड पर हुए भीषण हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुख जताया है। हादसे में मरने वालों को दो लाख रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी।

हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुख जताया है। हादसे में मरने वालों को दो लाख रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे पर दुख जताते हुए एक्स पोस्ट में लिखा, "जयपुर में हुई सड़क दुर्घटना के कारण अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना करती हूं। उनके परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी शोक संवेदनाएं। मेरी प्रार्थना है कि घायल हुए लोग शीघ्र ही स्वस्थ हों।"

जयपुर अग्निकांड पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गहरा दुख जताया है। इस हादसे में मरने वालों के परिवार वालों को दो लाख रुपए की आर्थिक मदद करने की घोषणा की है। साथ ही घायलों के परिवार वालों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे।



बता दें कि जयपुर टैंकर विस्फोट हादसे में अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है और 53 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। वहीं इस हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है जिसमें साफ नजर आ रहा है कि सीएनजी से भरा एक टैंकर ट्रैफिक प्वाइंट पर यूटर्न ले रहा था, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टैंकर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद टैंकर में बड़ा धमाका होता और आग भड़क उठी। इस धमाके बाद आसपास के दायरे में खड़ी गाड़ियां आग की चपेट में आ गईं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हादसे के बारे में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बात कर जानकारी ली। मुख्यमंत्री शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा व गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम घटनास्थल पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि घटना की विस्तृत जांच करवाएंगे। घायलों के इलाज की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि हादसा अलसुबह करीब साढ़े पांच बजे हुआ। शुरूआती जानकारी के अनुसार जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भांकरोटा के पास एलपीजी टैंकर को एक ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे आग लग गई। उन्होंने बताया कि देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और वहां से गुजर रही एक बस सहित अनेक ट्रक, कार उसकी चपेट में आ गए। घटना के वीडियो में लोग जान बचाने के लिए भागते नजर आए और शुरूआत में स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग की लपटें एक किलोमीटर दूर से नजर आ रही थीं और राष्ट्रीय राजमार्ग का एक बड़ा हिस्सा "आग के गोले" में तब्दील हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी में कम से कम तीस वाहनों के जलने की सूचना है। चिकित्सा विभाग के प्रवक्ता के अनुसार साढ़े 11 बजे तक सात लोगों की मौत की सूचना है। एसएमएस अस्पताल प्रशासन से प्राप्त जानकारी अनुसार सुबह 11 बजे तक 34 घायल भर्ती हैं। घटनास्थल पर पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा, बहुत ही दर्दनाक घटना है। मैं अस्पताल जाकर आया हूं। मैंने वहां उचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं। हम घटना की विस्तृत जांच करवाएंगे। घायलों के इलाज की व्यवस्था करेंगे।

उन्होंने कहा, ऐसे हादसों को किस तरह से रोका जाए इस पर भी सरकार निश्चित रूप से विचार करेगी। प्रशासन पूरी तरह से लगा (बचाव कार्य में) हुआ है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, जिलाधिकारी जितेंद्र सोनी तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, राजस्थान के जयपुर में हुआ सड़क हादसा अत्यंत दुःखद है। इस हादसे में अपना जीवन गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। इस संबंध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बात हुई। स्थानीय प्रशासन घायलों को तुरंत उपचार प्रदान करने का काम कर रहा है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हादसे पर शोक जताया है।

हादसे की सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इससे पहले अस्पताल पहुंचे और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गैस टैंकर में आग लगने की घटना में नागरिकों के हताहत होने का दुखद समाचार सुनकर मन अत्यंत व्यथित है। घटना की सूचना मिलते ही एसएमएस अस्पताल जाकर चिकित्सकों को तत्काल आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं घायलों की समुचित देखभाल हेतु निर्देशित किया।

## पूर्व सीएम ओम प्रकाश चौटाला का निधन



एजेंसी

**गुरुग्राम :** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला का शुक्रवार को निधन हो गया है। 89 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। वह इंडियन नेशनल लोकदल के चीफ थे। इनेलो मीडिया समन्वयक राकेश सिहाग ने जानकारी देते हुए बताया कि ओम प्रकाश चौटाला का गुरुग्राम में उनके आवास पर शुक्रवार को निधन हो गया है। चौटाला को गुरुग्राम में उनके घर में दिल का दौरा पड़ा जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

### प्रधानमंत्री ने किया दुःख व्यक्त



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर दुख व्यक्त किया और प्रदेश की राजनीति में उनके सक्रिय योगदान को याद किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के साथ मुलाकात की अपनी एक पुरानी तस्वीर एक्स पर साझा करते हुए लिखा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। प्रदेश की राजनीति में वे वर्षों तक सक्रिय रहे और चौधरी देवीलाल जी के कार्यों को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया। शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

### मल्लिकार्जुन खरगे ने पूर्व सीएम के निधन को बताया दुःखद



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्वीट कर हरियाणा के पूर्व सीएम चौधरी ओम प्रकाश चौटाला के निधन की शोक जाहिर किया है। उन्होंने इसे दुखद कहा है। खरगे ने कहा कि चौटाला ने हरियाणा और देश की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। दुख की इस घड़ी में हम अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। खरगे ने उनके परिवार और समर्थकों के प्रति गहरी संवेदनाएं और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं।

### ओम प्रकाश चौटाला पांच बार रह चुके हैं सीएम

ओम प्रकाश चौटाला हरियाणा के पांच बार सीएम रह चुके हैं। उनके निधन से पूरे हरियाणा समेत राजनीति जगत में शोक है। ओम प्रकाश चौटाला सात बार के विधायक रहे हैं। ओम प्रकाश चौटाला हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और देश के डिप्टी पीएम रह चुके चौधरी देवीलाल के बेटे हैं।

### हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने जताया दुःख

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सिनी ने पूर्व सीएम ओम प्रकाश चोटाला के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि इनेलो सुप्रीमो और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला जी का निधन बेहद दुखद है। उन्हें मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने जीवन भर राज्य और समाज की सेवा की है। यह राजनीति के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

### बादल से थी गहरी दोस्ती

ओमप्रकाश चौटाला का जन्म एक जनवरी 1935 को सिरसा जिले के डबवाली स्थित चौटाला गांव में हुआ था, जो कि पहले पंजाब का हिस्सा होता था। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री सरदार प्रकाश सिंह बादल से उनकी प्रगाढ़ मित्रता थी। हरियाणा के दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला का पार्थिव शरीर शनिवार को उनके पैतृक गांव चौटाला के निकट स्थित तेजा खेड़ा फार्म हाउस में जनता के दर्शनों के लिए रखा जाएगा। यहां उनके चाहने वाले उनके अंतिम दर्शन कर सकेंगे।

### शनिवार को होगा अंतिम संस्कार

चौटाला के पुत्र अभय चौटाला ने कहा कि दिवंगत नेता का पार्थिव शरीर शनिवार सुबह नौ से अपराह्न दो बजे तक जनता के दर्शनों के लिए रखने के बाद अपराह्न तीन बजे तेजा खेड़ा फार्म हाउस में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

एक नजर

### खलिहान में सो रहे मां बेटे की जलकर मौत


**गिरिडीह :** डुमरी प्रखण्ड के मधुबन थाना इलाके के छछंदो पंचायत के जोभी गांव में गुरूवार की देर रात में एक दर्दनाक घटना हुई । बताया गया कि धान के खलिहान में गांव की एक महिला और उसके पुत्र की जल कर मौत हो गई। दोनों पूरी तरह से जल गए थे। दोनों मृतक की पहचान जोभी गांव निवासी सोमरा मुर्मू की पत्नी नुनिया देवी (40) और उनका छोटा पुत्र चांद मुर्मू (12) के रूप में हुई है। पति सोमरा मुर्मू का कहना है कि रात को उनकी पत्नी और उनका पुत्र खलिहान में सोने गया था। देर रात जब लोगों की चिख पुकार सुनी तो वह भागकर खलिहान पहुंचा जहां आग लगी हुई थी और उसके चपेट में आकर दोनों की मौत हो गई । बताया कि उसके छह बच्चे हैं जिनमें से सबसे छोटा चांद मुर्मू था ।घटना की जानकारी मिलते ही मधुबन थाना पुलिस शुक्रवार को घटना स्थल पर पहुंच कर छानबीन कर जले हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया। आशंका जताई जा रही है कि खेत के समीप खलिहान के बाहर ठंड से बचने के लिए आग तापकर मां- बेटे सोने चल गये थे। आग की चिंगारी संभवतः रह गई हो और फिर वह पुआल से बने कुंभा (घर) में पकड़ लिया हो। इससे जलकर दोनों की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। घटना की खबर सुन स्थानीय विधायक जयराम महतो, जेएमएम नेता अखिलेश महतो, झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष राजकुमार महतो राजू, भाजपा नेता दीपक श्रीवास्तव आदि गांव पहुंच कर शोकाकुल परिवार से मिल सांत्वना दी।

## भोपाल के जंगल में लावारिस कार से मिला 52 किलो सोना, 10 करोड़ कैश

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में आयकर विभाग की जारी कार्रवाई के दौरान राजधानी भोपाल के करीब स्थित मेडोरा के जंगल में एक कार से 52 किलोग्राम सोना बरामद हुआ है। यह सोना किसका है और कहां से लाकर कहां ले जाया जा रहा था, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

राज्य में इन दिनों आयकर विभाग की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आयकर विभाग ने बिल्डर के भोपाल, ग्वालियर के अलावा इंदौर में कई ठिकानों पर दबिश दी। इसके साथ परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक के यहां भी तलाशी का अभियान चला। यह कार्रवाई चल



रही थी कि गुरुवार की देर रात राजधानी के करीब रातीबड़ क्षेत्र में स्थित मेंडोरा के जंगल में एक लावारिस कार मिली। इस कार का कांच तोड़कर देखा गया तो उसमें 52 किलोग्राम सोना मिला। बताया जा रहा है कि आयकर विभाग के दल ने पुलिस के साथ मिलकर कार्रवाई को अंजाम दिया है। यह कार ग्वालियर नंबर की है। इतना ही नहीं इस कार पर सायरन लगे हुए हैं और पुलिस का निशान भी अंकित है। पता चला है कि इस कार का पंजीकरण किसी महिला के नाम पर है।

कार के भीतर एक महिला का शॉल और मेकअप का सामान भी मिला है। इस आधार पर यह आशंका जताई जा रही है कि जब कार को लावारिस हालत में छोड़ा गया, उस वक्त कोई महिला भी कार में रही होगी। इसके साथ ही जिस क्षेत्र में यह कार मिली है, उस क्षेत्र में कई वरिष्ठ अधिकारियों के फार्म हाउस भी हैं।

## हंगामे के बीच संसद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** संसद के शीतकालीन सत्र में शुक्रवार को भी दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। इसके कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इस सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही 11.00 बजे शुरू होते ही विपक्ष के सांसदों ने बाबा साहेब आंबेडकर के कथित अपमान को लेकर सदन में हंगामा शुरू कर दिया। स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों को शांत रहने को कहा लेकिन हंगामा नहीं रुका। नतीजतन, उन्होंने हंगामा कर रहे सांसदों से कहा कि राष्ट्रगीत होने जा रहा है, इसलिए वह अपनी सीटों पर चले जाएं। उसके बाद



सदन में राष्ट्रगीत हुआ और लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया।

आंबेडकर और सांसदों के बीच हुई धक्का मुक्की के मुद्दे को लेकर हंगामे के बीच शुक्रवार को राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। शुक्रवार को सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। सदन की कार्यवाही शुरू होने पर 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के लिए राज्यसभा के 12 सांसद को नामित किया गया। इनमें सांसद घनश्याम तिवाड़ी, भुवनेश्वर कलिता, के. लक्ष्मण, कविता पाटीदार, संजय कुमार झा, रणदीप सिंह सुरजेवाला, मुकुल बालकृष्ण वासनिक, साकेत गोखले, पी. विल्सन, संजय सिंह, मानस रंजन मंगराज और वी. विजयसाई रेड्डी शामिल हैं। इस सप्ताह के शुरूआत में लोकसभा से 27 सदस्यों को जेपीसी के लिए नामित किया गया था।

शुक्रवार को सभापति जगदीप धनखड़ ने सभा के शीतकालीन सत्र में अपने समापन भाषण में कहा कि संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर इस सत्र का समापन करते हुए हमें गंभीर चिंतन का क्षण देखना पड़ रहा है। ऐतिहासिक संविधान सदन में संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों की पुष्टि करना था लेकिन इस सदन में हुए कार्य एक अलग कहानी बयां करते हैं। उन्होंने कहा कि इस सत्र की उत्पादकता मात्र 40.03 प्रतिशत है, जिसमें केवल 43 घंटे और 27 मिनट ही प्रभावी कामकाज हुआ।

## रक्षा प्रणालियों में उभरती प्रौद्योगिकी व एआई को उच्च प्राथमिकता दे रहा भारत : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि भारत उभरती प्रौद्योगिकियों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को उच्च प्राथमिकता दे रहा है तथा भारतीय रक्षा प्रणालियों में उनका उपयोग कर रहा है ताकि दक्षता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में वृद्धि हो सके। राष्ट्रपति मुर्मू शुक्रवार को सिकंदराबाद स्थित रक्षा प्रबंधन महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रपति निशान (प्रेसिडेंट कलर्स) अलंकर समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इस त्रि-सेवा प्रशिक्षण संस्थान को प्रेसिडेंट कलर्स प्रदान करते हुए बहुत खुशी हो रही है। यह अवसर भविष्य के लिए हमारे सशस्त्र बलों के रणनीतिक नेताओं को विकसित करने में रक्षा प्रबंधन कॉलेज की



महत्वपूर्ण भूमिका को दशार्ता है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की बढ़ी हुई रक्षा प्रबंधन क्षमता कूटनीतिक और सैन्य साझेदारी को मजबूत करने तथा रक्षा निर्यात बढ़ाने में मदद करेगी। इससे भारत को वैश्विक सुरक्षा मंचों पर सक्रिय रुख बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी में प्रगति का राष्ट्रीय सुरक्षा पर गहरा प्रभाव पड़ता है। युद्ध की पारंपरिक परिभाषाओं और तरीकों को उभरती प्रौद्योगिकियों और नई रणनीतिक साझेदारियों द्वारा चुनौती दी जा रही है। भारत उभरती प्रौद्योगिकियों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को उच्च प्राथमिकता दे रहा है और बढ़ी हुई दक्षता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए भारतीय रक्षा प्रणालियों में उनका उपयोग कर रहा है। हम एक समग्र दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिसमें अपनी पारंपरिक सेनाओं को उन्नत करना और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन, साइबर युद्ध क्षमताओं और अंतरिक्ष रक्षा प्रौद्योगिकियों सहित अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाना शामिल है।

उन्होंने कहा कि हमारे सशस्त्र बलों के जवालों को नवीनतम तकनीकी विकास के साथ खुद को अपडेट रखने की आवश्यकता है। ग्रे जोन युद्ध और हाइब्रिड युद्ध के इस युग में, कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट जैसे संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी से समय के साथ निरंतर विकसित होने और तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने का आग्रह किया। बहुपक्षीय आर्थिक और सैन्य ढांचे और जुड़ावों के माध्यम से क्षेत्रीय और वैश्विक रक्षा चचाओं में भारत का प्रभाव काफी बढ़ गया है। वैश्विक स्तर पर भारत की रक्षा क्षमताएं इसकी ताकत और दूरदर्शी दृष्टि दोनों को दर्शाती हैं। आत्मनिर्भरता, तकनीकी उन्नति और रणनीतिक सहयोग पर ध्यान केंद्रित करके भारत न केवल अपनी सीमाओं को सुरक्षित कर रहा है बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता में भी योगदान दे रहा है।

## अनियंत्रित कार ने आग ताप रहे पांच लोगों को रौंदा, दो की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** जिले के मोहम्मदगंज-जपला मुख्य पथ पर मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के सबनवा मोड़ के पास गुरुवार रात एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे अलाव ताप रहे पांच लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में सबनवा गांव के ही अरशद खान और आशिफ खान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इमरान खान, जहांगीर खान और हसनैन खान गंभीर रूप से घायल हो गए। जख्मी में दो लोगों को बेहतर इलाज के लिए हुसैनाबाद के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया है। एक को कम चोट आने के कारण गांव में ही इलाज किया गया। हादसे के बाद कार खाई में जा गिरी।

घटना के बाद उग्र लोगों ने मोहम्मदगंज-जपला मुख्य सड़क को जाम कर दिया। सड़क पर भारी भीड़ जमा हो गई और यातायात



प्रभावित हो गई । ग्रामीण प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे और सड़क सुरक्षा के ठोस उपायों की आवश्यकता पर जोर दे रहे हैं। घटना के बाद कार में सवार दो में से चालक मौके से फरार हो गया, जबकि दूसरे को ग्रामीणों ने पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी है, जिससे उसकी हालत भी गम्भीर है। उसे पुलिस के हवाले कर दिया है। उसकी पहचान की कोशिश की जा रही है। मोहम्मदगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची है और जाम हटाने की कोशिश की। हैदरनगर और हुसैनाबाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मोहम्मदगंज सीओ रणवीर कुमार और हैदरनगर सीओ भी घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझा कर जाम हटवाया।

उन्होंने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की और कहा कि घटना की जांच की जा रही है। मामले में प्रभावित परिवारों ने मुआवजा की मांग की प्रशासनिक पदाधिकारी ने कहा कि नियम संगत सरकारी स्तर पर मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। काफी समझाने के बाद देर रात जाम हटाया गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार रात सड़क किनारे कुछ ग्रामीण अलाव ताप रहे थे। इसी बीच अनियंत्रित वाहन सभी को रौंदते हुए गड्ढे में जा गिरी।

एक नजर

## डाड़ीकला गांव में केनरा बैंक ने लगाया कैंप



**बड़कागांव :** बड़कागांव के हजारीबाग रोड स्थित संचालित केनरा बैंक शाखा की ओर से ग्रामीणों को स्मृद्ध बनाने के लिए अंतिम व्यक्ति को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने का काम किया गया है। बड़कागांव केनरा बैंक प्रबंधक शशि कुमार बागे के नेतृत्व में बैंक कर्मियों के द्वारा डाड़ीकला गांव में कैंप लगाकर ग्रामीणों का टैब मशीन से दर्जनों खाता खोले गए। तथा तुरंत खाता नंबर मुहैया कराया गया। इस दौरान केनरा बैंक में उपलब्ध चालू खाता, बचत खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना, जनधन योजना खाता, सामान्य बचत खाता, केसीसी मुद्रा लोन सावधि खाता, हाउसिंग लोन के अलावा अन्य लोन से संबंधित विकास योजनाओं की भी जानकारी ग्रामीणों को दी गई। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से बैंक प्रबंधक शशि कुमार बागे, प्रधान कैशियर मृत्युंजय कुमार, सहेस कुमार के अलावा अन्य लोग शामिल थे।

## चौकीदार के पद पर नियुक्ति के लिए कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न

**हजारीबाग :** चौकीदार के रिक्त पदों की भर्ती के लिए आज लिखित परीक्षा आयोजित की गई। यह लिखित परीक्षा विधि व्यवस्था संधारण के साथ-साथ निष्पक्ष, कदाचार मुक्त, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। हजारीबाग जिला से कुल 194 चौकदार पदों के लिए 20 दिसंबर परीक्षा आयोजित की गई। गौरतलब है कि 20 दिसंबर को आयोजित लिखित परीक्षा का परीक्षाफल जल्द ही प्रकाशित किया जाएगा। लिखित परीक्षा के परिणाम के उपरांत दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन होगा। आज संपन्न हुए सभी परीक्षा केंद्रों में उपायुक्त नैंसी सहाय के निदेर्शानुसार सीसीटीवी अधिष्ठापन,पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था की समुचित की गई थी। साथ ही सभी केन्द्रों में पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। परीक्षा की अवधि परीक्षा की अवधि डेढ़ घंटे की थी,जिसका समय पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक थी। परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक गेजेट्स पूर्णत: प्रतिबंधित थी। प्रवेश के पूर्व प्रत्येक परीक्षार्थियों का फ्रीस्किंग किया गया। लिखित परीक्षा कुल 50 बहुविकल्पीय प्रश्नों थी, जिसमें 45 प्रश्न सामान्य ज्ञान एवं 05 प्रश्न अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में अंकित किए गए स्थानीय भाषा से सम्बंधित थे। प्रश्न जिला से संबंधित सामान्य ज्ञान एवं स्थानीय भाषा से संबंधित थे। लिखित परीक्षा में कुल प्राप्तांक के अनुसार सफल उम्मीदवारों की शारीरिक जांच की जाएगी। इस परीक्षा के लिए अलग से प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किया जाएगा। पूर्व में निर्गत प्रवेश पत्र ही अनुमान्य होंगे।

## भीम आर्मी ने गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया

**केरेडारी :** भीम आर्मी केरेडारी प्रखण्ड कमिटी के तत्वावधान में केरेडारी मुख्य चौक में भारत के गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। इससे पूर्व कार्यकर्ताओ ने प्रखण्ड मुख्यालय स्थित कृषि फार्म मैदान से जोरदार नारे के साथ यात्रा निकाला गया। यह यात्रा मुख्य बाजार होकर पुन: मुख्य चौक पहुँचा, जहाँ पुतला दहन किया गया। यात्रा में अमित शाह गद्दी छोड़ो, बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर का अपमान करना बंद करो।

# 114 करोड़ की सड़क परियोजना में अनियमितता पांच गांवों के ग्रामीणों ने रुकवाया काम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय से बाँझेडीह तक करीब 114 करोड़ रुपये की प्राक्कलित राशि से सड़क निर्माण का कार्य स्पाइका कंपनी को सौंपा गया है। लेकिन निर्माण कार्य में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव और दुलमाहा मुखिया नारायण यादव के नेतृत्व में पांच गांवों के दर्जनों ग्रामीणों ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने आरोप लगाया कि कंपनी स्थानीय लोगों की भागीदारी को पूरी तरह से नजर

**ग्रामीणों का आरोप : सड़क पिचिंग में असमानता, कहीं 18 फीट तो कहीं 12 फीट चौड़ाई**

अंदाज कर रही है। निर्माण कार्य में कहीं 12 फीट चौड़ी सड़क पर पिचिंग की जा रही है, तो कहीं 18 फीट तक ढलाई की जा रही है। यह प्राक्कलन के अनुसार नहीं है, जिससे ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है। किशुन यादव ने बताया कि जब इस मुद्दे पर कंपनी के सुपरवाइजर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि फॉरेस्ट विभाग से एनओसी सिर्फ 12 फीट की सड़क के लिए मिली है। लेकिन उपाध्यक्ष ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि प्राक्कलन के अनुसार सड़क का



निर्माण नहीं होने से यह परियोजना ग्रामीणों के लिए लंबे समय तक लाभकारी नहीं होगी। मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि इस प्रकार की अनियमितता न केवल परियोजना की गुणवत्ता को प्रभावित करेगी, बल्कि इससे ग्रामीणों की मूलभूत जरूरतें भी पूरी नहीं होंगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्य की तुरंत जांच कराने और प्राक्कलन के अनुसार कार्य सुनिश्चित करने की मांग की। दुलमाहा के मुखिया नारायण यादव ने कहा कि कंपनी द्वारा निर्धारित मानकों की अनदेखी ग्रामीणों के लिए अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि जब तक निर्माण कार्य को सही तरीके से नहीं किया जाता, ग्रामीण इसे जारी नहीं होने देंगे। सामाजिक कार्यकर्ता सूरज दास ने स्पष्ट किया कि अगर उनकी मांगों को अनदेखा किया गया, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। मौके पर एआईएमआईएम विस प्रभारी सूरज दास, रंजीत यादव, गुलाब दास, सागर चंद्रवंशी, मनोहर यादव, मनोज यादव, प्रभु यादव, रंजीत पाण्डेय, शशि पाण्डेय, राजेन्द्र भुइयांज दुखी भुईयां, सुखदेव भुइयां, बिनोद सिंह, सुरेंद्र पासवान, नागेश्वर रविदास, विजय राणा, जितेंद्र पांडेय, मनोहर यादव, संजय पांडे, अमरजीत यादव, केदार राणा, चन्दन पंडित, छोटी दास, दीपक राम, उदय कुमार, दिनेश यादव, गोलू, सुरेश यादव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## डॉ. आंबेडकर के प्रति अपमानजनक टिप्पणी अस्वीकार्य : मुन्ना



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा संसद में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर पर कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर झूठा मुकदमा दर्ज किए जाने के विरोध में झारखंड कांग्रेस ने शुक्रवार को आक्रोशपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में यह विरोध मार्च कांग्रेस भवन से अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाला गया। प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान मुन्ना सिंह ने कहा कि, अमित शाह द्वारा संसद में की गई टिप्पणी भारत रत्न डॉ. अंबेडकर के प्रति अपमानजनक और अस्वीकार्य है। यह न केवल संविधान निमार्ता का अपमान है, बल्कि पूरे देश के लिए दुखद है। राहुल गांधी के खिलाफ झूठे मुकदमे से यह स्पष्ट हो गया है कि सरकार विपक्ष को दबाने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस कार्यकताओं ने इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और डॉ. अंबेडकर का सम्मान सुरक्षित रखने तथा राहुल गांधी पर लगाए गए झूठे मुकदमे को वापस लेने की मांग की। अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अपनी नीति में सुधार नहीं किया, तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा।

## मोबाइल छिनतई का एसडीपीओ ने किया उद्वेदन, आरोपी को भेजा जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना क्षेत्र में 18 दिसंबर को एक महिला के हाथ से मोबाइल छीनतई की घटना को लेकर एसडीपीओ पवन कुमार के निदेर्शानुसार एसआईटी गठित कर 24 घंटे के अंदर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में एसडीपीओ कार्यालय में एसडीपीओ पवन कुमार ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए कहा कि ग्राम टूलटूल जिला चतरा निवासी रीना कुमारी पति श्यामदेव पासवान बैंक ऑफ इंडिया बड़कागांव से 18 दिसंबर को 2.35 बजे अपनी बहन सोनी कुमारी के साथ लौट रही थी। इसी बीच बड़का गांव चौक की और से अचानक एक पल्सर बाइक रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच-02 बीएफ 7326 से एक सवार व्यक्ति पीछे से आया और रीना कुमारी के हाथ से मोबाइल छीनकर



बड़कागांव मुख्य चौक की ओर भाग गया। इस संबंध में रीना कुमारी ने बड़का गांव थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीपीओ पवन कुमार के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया। जिसमें बड़कागांव थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल, डाडीकला ओपी प्रभारी पिंटू कुमार ने करवाई करते हुए कांड के आरोपी डाडीकला निवासी जुबेर अंसारी, पिता फारूक अंसारी को सोनबरसा एनटीपीसी ग्राउंड से गिरफ्तार किया गया। इस दौरान जुबेर के पास से महिला से छीने गए वीवो कंपनी के मोबाइल एवं घटना में प्रयोग में लाये गए पल्सर बाइक नं 02 बीएफ 7326 बरामद किया गया। पुलिस ने कार्रवाई के पश्चात आरोपी जुबेर अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इधर तरफ प्रेस वार्ता हो रहा था, उसी दरमियान उचक्को ने बड़कागाव चौक स्थित प्रभात होटल के पास महिला के हाथ से मोबाइल छीनतई कर फरार हो गया। उचक्को ने तीन दिनों में दूसरी घटना को अंजाम दे दिया। प्रेस वार्ता में बड़कागांव थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल उपस्थित थे।

## समाज कल्याण विभाग ने बालिका को प्रशासन के प्रयास ने परिवार से मिलाया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग शिप्रा सिन्हा के दिशा-निर्देश पर एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। विदित हो कि समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत जिले में शक्ति सदन का संचालन किया जा रहा है जो पूर्व में स्वाधार गृह एवं उज्जवला होम के नाम से संचालित था। इस शक्ति सदन में शोषण अथवा उत्पीडन की पीडिता महिलाओं को अल्पकालिक आश्रय एवं पुनर्वास की व्यवस्था की जाती है। उल्लेखनीय है कि शक्ति सदन में आवासित एक बालिका लगभग 05 वर्ष पूर्व अपने माता-पिता व परिवार से भटक गई थी जिसे पुलिस के द्वारा 16 अक्टूबर को संस्था को सुपुर्द किया गया था। संबंधित बालिका के साथ उत्पीडन किए जाने के कारण वह अपने घर-परिवार के बारे में स्पष्ट रूप से कुछ बताने में सक्षम नहीं थी। बालिका से पूछताछ पर वह अपना घर चतरा जिले के नवाटाँड बता रही थी। ऐसी स्थिति में चतरा जिले के बाल कल्याण समिति से संपर्क स्थापित किया गया तथा संबंधित क्षेत्र का सत्यापन किये जाने हेतु अनुरोध किया गया था परन्तु सफलता नहीं मिली। तत्पश्चात अन्य स्त्रोतों से भी जानकारी प्राप्त की गई, परन्तु कोई स्पष्ट जानकारी नही मिल पाई। तदोपरांत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी हजारीबाग के निर्देश पर दो सदस्यीय टीम का गठन किया गया, जिसमें विधि-सह-परिवीक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह एवं शक्ति सदन की प्रभारी प्रतिमा कुमारी थे। साथ ही साथ आवश्यक सहयोग के लिए बाल कल्याण समिति के सदस्य मुन्ना पाण्डेय एवं महिला पर्यवेक्षिका अनुसूइया कुमारी को भी शामिल कर लिया गया था।

## आखिर कौन है बाबू भैया, पूरे शहर में चला रहा है उगाही का साम्राज्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग में फुटकर दुकानदारों से इन दिनों अवैध उगाही का खेल जोरों पर है। शहर के गांधी मैदान, झील परिसर, मेन रोड, गुरु गोविंद सिंह रोड, आदि जगह पर ठेला, दुकान लगाने वाले फुटकर दुकानदारों से अवैध उगाही की जा रही है। इन इलाकों में रोजाना हजारों फुटकर विक्रेता अपना दुकान लगाते है। फुटकर दुकानदारों को सरकारी संरक्षण देने और रोड टैक्स के नाम पर एक दुकान से 50 से लेकर 500 रुपए वसूल की जा रही है। वसूली करने वाले खुद को नगर निगम का एजेंट बता कर भी वसूली कर रहे है। दिन भर में मुश्किल से 300 से 400 की कमाई करने वाले फुटकर दुकानदार इससे काफी परेशान है। कमीशन नहीं देने पर एजेंट के द्वारा फुटपाथ पर लगने वाले दुकान में तोड़ फोड़ कर दी जाती है। गाली गलौज की जाती है। नगर निगम के द्वारा दुकान हटाने की धमकी दी जाती है। शहर की कई फुटकर दुकानदारों ने बताया कि कोई बाबू भैया का युवक खुद को नगर निगम का एजेंट बताकर रोजाना शाम 50 से लेकर 500 रुपए तक की मांग करता है। रुपया नहीं देने पर दुकान में उसके साथ आए लोग गाली गलौज करते हैं। नगर निगम के द्वारा हटवा देने की धमकी तक देते है। रोजाना शाम में आकर रुपया ले जाता है। इसका कोई बिल नहीं दिया जाता है। नगर निगम अगर सरकारी दुकान फुटकर विक्रेताओं को उपलब्ध करवा देता तो इस तरह का उगाही नहीं देखना पड़ता। वहीं नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त अनिल पांडे ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। नगर निगम के द्वारा किसी को एजेंट या प्रतिनिधि नहीं नियुक्त किया गया है।

# भाजपा के मंडल स्तरीय सदस्यता अभियान कार्यशाला का हुआ आयोजन, पार्टी की मजबूती को लेकर हुई चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** पटना रोड स्थित भगवान केसरी के आवास पर भाजपा बरही पश्चिम मंडल द्वारा मंडल स्तरीय सदस्यता अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी ने की और संचालन मंडल महामंत्री प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने किया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सदस्यता अभियान प्रभारी बालमुकुंद साहू उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार 22 दिसंबर से सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा। उन्होंने भाजपा कार्यकताओं से इस अभियान में सक्रिय योगदान देकर इसे सफल बनाने की अपील की। कार्यक्रम में

- **भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय योगदान देकर सदस्यता अभियान को बनाएं सफल : बालमुकुंद साव**
- **अभियान से पार्टी को मिलेगी जमीनी मजबूती, अधिक लोगों को जोड़ने का होगा प्रयास : रमेश ठाकुर**

भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इनमें जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित साहू, वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह और संजीव कतरियार, जिला परिषद सदस्य प्रीति गुप्ता, जिला कार्य समिति सदस्य गजाधर प्रसाद, चौपारण पूर्वी



के मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता मौजूद थे। कार्यशाला में महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संगीता शर्मा, सुनैना कुमारी, सुमन देवी, किरण वर्मा और सुषमा कुमारी सहित कई महिलाओं ने भी भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओ ने सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्धता जताई। जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि यह अभियान पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाएगा और अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ने का माध्यम बनेगा। मौके पर मंडल महामंत्री नवल किशोर सिंह, प्रमोद सिंह चंद्रवंशी, मंडल उपाध्यक्ष विपिन कुमार सिंहा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संगीता शर्मा, सुनैना कुमारी, सुमन देवी, किरण वर्मा, सुषमा कुमारी, मुखिया विशेश्वर यादव, मोतीलाल चौधरी, खिरोधर यादव, हरेंद्र गोप, उप मुखिया मनोज उपाध्याय, बालेश्वर यादव, संतोष निषाद, सीताराम साहू, उमेश सिंह, प्रदीप कुमार पांडे, दिनेश साहू, वासुदेव यादव, नितेश कुमार यादव, प्रेमचंद कुमार, उमेश सिंह, अनिल राम, राम प्रसाद, बैद्यनाथ यादव समेत अन्य भाजपा के कार्यकर्ता गण उपस्थित हुए।इस कार्यशाला में शामिल सभी नेताओं और कार्यकताओं ने अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

संक्षिप्त खबरें

## 325 किसानों को वितरित किए गए बनराजा मुर्गी के चूजे



**बरही :** झारखंड में अनुसूचित जाति के किसानों को आर्थिक और पोषण स्तर पर सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गौरियाकरमा द्वारा एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत बरही, चौपारण, बरकट्ठा और इचाक प्रखंडों के 325 चयनित किसानों को बनराजा नस्ल के मुर्गी के चूजों का वितरण किया गया। इस अभियान की शुरूआत गहन सर्वेक्षण के बाद की गई, जिसमें मुर्गी पालन में रुचि रखने वाले जरूरतमंद किसानों का चयन किया गया। चयनित किसानों को उनके गांव में ही प्रशिक्षण प्रदान किया गया और फिर पटना वेटरनरी कॉलेज से मंगवाए गए बनराजा चूजों का वितरण किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ. कृष्णा प्रकाश और डॉ. शिल्पी केरकेट्टा द्वारा तैयार की गई थी। इसे संस्थान के विशेष कार्य अधिकारी डॉ. विशाल नाथ के प्रयास और निदेशक की अनुमति से पहली बार जमीन पर उतारा गया। इस परियोजना में पशु विज्ञान के वैज्ञानिकों, जैसे डॉ. सनत कुमार महंता, डॉ. शिल्पी केरकेट्टा और डॉ. मोनिका तथा प्रसार के वैज्ञानिक डॉ. पंकज कुमार सिन्हा ने तकनीकी सहायता प्रदान की। डॉ विशाल नाथ ने बताया कि बनराजा मुर्गी पालन न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाएगा, बल्कि उनके पोषण स्तर में भी सुधार लाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल अनुसूचित जाति के छोटे किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के मुख्य प्रशासकीय अधिकारी दिलीप रॉय का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने चूजों की सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बीमार बिरहोर युवक की डॉक्टर ने की इलाज, एंबुलेंस से घर पहुंचाया

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत चंदौल पंचायत के लौकुरा गांव स्थित कदमाटोला में कई दिनों से गंभीर रूप से बीमार बिरहोर युवक 19 वर्षीय संतोष बिरहोर की इलाज बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर अविनाश कुमार के द्वारा किया गया। स्वस्थ होने के बाद उसे एंबुलेंस से घर पहुंचाया गया। बताते चले की 19 दिसंबर की शाम को बिरहोर युवक गंभीर रूप से बीमार होने की जानकारी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अविनाश कुमार को मिली। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए एंबुलेंस भेज कर युवक को बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर इलाज किया। स्वस्थ होने के उपरांत दूसरे दिन 12:00 एंबुलेंस से घर भेजा गया। डॉ अविनाश कुमार ने बताया कि बिरहोर युवक को बुखार, ठंड, दस्त और पेट में दर्द की शिकायत थी।

## राहुल गांधी पर फर्जी मुकदमा करने के विरोध में सड़कों पर उतरे कांग्रेस कार्यकर्ता



**हजारीबाग :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निदेर्शानुसार केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारत रत्न भीमराव आम्बेडकर के बारे में राज्यसभा में बेहद अपमान जनक टिप्पणी तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ दुर्व्यवहार किए जाने पर जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम से चलकर अन्नदा चौक तक विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि अमित शाह ने लोकतंत्र के मंदिर में बाबा साहब का अपमान लगातार करते रहते है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ दुर्व्यवहार और फर्जी मुकदमा कर भाजपा अडानी के मुद्दे से जनता को भटकाने का प्रयास कर रही है। सभी ने एक स्वर में कड़ा विरोध करते हुए अमित शाह से इस्तीफा की मांग की। विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह, बिनोद सिंह, जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, लाल बिहारी सिंह, अजय गुप्ता, रघु जायसवाल, संजय तिवारी, साजिद हुसैन, गोविंद राम, गुड्डु सिंह, परवेज अहमद, कृष्णा किशोर प्रसाद, सदरूल होदा, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, सुनिल सिंह राठौर, सुनिल अग्रवाल, महिला अध्यक्ष बेबी देवी, युवा अध्यक्ष प्रकाश यादव, मनिषा टोप्पो, डॉ. प्रकाश कुमार, कोमल कुमारी, जयप्रकाश यादव, अनिल कुमार भुईया, राशिद खान, सुनिता देवी, शफा रजा, अमर सिंह यादव, सैयद अशरफ अली, मो. वारिस, अशोक कुमार, अजित कुमार गुप्ता, मुस्ताक अंसारी, रियाजउद्दिन अंसारी के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

## संत जेवियर स्कूल में 70वां वार्षिक खेल दिवस का हुआ भव्य आयोजन



**हजारीबाग :** शुक्रवार को संत जेवियर स्कूल के प्रांगण में 70 वां वार्षिक खेल दिवस का बृहत आयोजन संपन्न हुआ। इस आयोजन की तैयारी करीब एक महीने से चल रही थी। जिसमें विद्यालय का हर विभाग शामिल था जिनका समय एवम स्थान निश्चित था 'विद्यालय के प्राचार्य फादर रौसनर खलखो एस० जे ०के संरक्षण में आयोजन की पूरी तैयारी की गई। विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई थी जिसे सभी ने पूरी ईमानदारी से पूर्ण किया। इस खेल समारोह के मुख्य अतिथि संत जेवियर विद्यालय के पूर्व छात्र उत्तपल भट्टाचार्य थे जिन्होंने1974 में दसवीं की परीक्षा पास की थी तत्पश्चात अपने अध्ययन को जारी रखते हुए इन्होंने हांगकांग यूनिवर्सिटी से फाइनेंस में पी० एच० डी० की उपाधि ली ' नियत समय पर विद्यालय पधार कर अपनी सहभागिता निभाई। विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल श्री राजीव रंजन मल्लिक थे जो संत जेवियर विद्यालय 1999 बैच के ही पूर्व छात्र रहे हैं। मुख्य अतिथि का स्वागत स्कूल के प्राचार्य फादर रौसनर खलखो एस० जे० ने किया। अन्य अतिथियों को भी ससम्मान बैठाया गया। अभिभावकों तथा बच्चों के बैठने का भी उत्तम प्रबंध किया गया था। वार्षिक खेल दिवस का यह आयोजन विद्यालय के खेल के मैदान में संपन्न हुआ। विद्यालय के इस बृहत आयोजन में 138 खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई जिसमें दौड़, हाई जंप, लॉन्ग जंप, गोला फेंक, चक्का फेंक, तिकड़ी कूद और प्राथमिक स्कूल के बच्चों की कुछ मजेदार प्रतियोगिताएं शामिल है।

## एक नजर

### पीएमएफएमई योजना का जिलों में व्यापक प्रचार-प्रसार करें : मुख्य सचिव

**रांची :** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) का जिलों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये, ताकि अधिक से अधिक उद्यमियों को इस योजना का लाभ दिया जा सके। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के उद्यमियों, विशेषकर महिला उद्यमियों के स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिया। वह शुक्रवार को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) राज्यस्तरीय अप्रूवल कमिटी की बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं।
बैठक में कृषि सचिव, उद्योग सचिव, वित्त विभाग के प्रतिनिधि, उद्योग निदेशक, सीईओ, लघु कुटीर बोर्ड, नबार्ड, एसएलबीसी, बीआइटी मेसरा, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि आजि उपस्थित थे।

### फायरिंग मामले में दो अपराधी गिरफ्तार

**रांची :** खलारी थाना पुलिस ने फायरिंग मामले में दो अपराधी सोनालाल महतो और दीपक कुमार उर्फ दीप को गिरफ्तार किया है। इनकी बाइक और दो मोबाइल फोन जब्त किया गया है। थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि खलारी में अक्टूबर में अपराधियों ने शंकर महतो के पुरनी राय स्थित घर पर फायरिंग की थी। इस संबंध में बीकेएस तिवारी गिरोह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

### कोर्ट ने पति की हत्या करने वाली पत्नी और उसके प्रेमी को दोषी करार दिया

**रांची :** प्रेमी के संग मिलकर पत्नी के द्वारा अपने पति की हत्या मामले में आरोपी पत्नी अंजली देवी और उनके प्रेमी राज मुंडा को अपर न्यायुक्त मनीष रंजन की कोर्ट ने दोषी करार दिया है। दोनों की सजा के बिंदु पर अदालत 21 दिसंबर को सुनवाई करेगा। हत्या की यह घटना खेलगांव थाना क्षेत्र के गाड़ीगांव पाहन टोली की है। मृतक राजू मिर्धा की पत्नी अंजली देवी का राज मुंडा से अवैध संबंध था। राजू मिर्धा कमाने गुजरात गया था, उसी दौरान उसकी पत्नी का परिचय नामकुम थाना क्षेत्र के लालखटंगा निवासी राज मुंडा से हो गया था। राजू मिर्धा की पत्नी और बच्चे गाड़ीगांव पाहन टोली में किराए के मकान में रहते थे। वहीं राजू मिर्धा की अनुपस्थिति में राज मुंडा अक्सर उनके घर आना जाना करता था और वह दोनो शादी करना चाहते थे। 26 अगस्त 2021 की रात राजू मिर्धा घर पर सो रहा था तभी उनकी पत्नी अंजली देवी और उसकी पत्नी के प्रेमी राज मुंडा ने राजू मिर्धा की गला दबाकर उसका हत्या कर दी थी।

### अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**रांची :** कोतवाली थाना क्षेत्र के बड़ा तालाब से पुलिस ने शुक्रवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। घटनास्थल से कोई पहचान पत्र या अन्य सुराग बरामद नहीं हुआ है। पुलिस मामले की गहन जांच पड़ताल कर रही है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

ई-निविदा सूचना संख्या: एसटी-प्रोज-केजीपी-एचडब्ल्यूएच-5 ईआई, दिनांक: 19.12.2024। भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से [illegible] सीएसटीई/परियोजना, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। कार्य के नाम का संक्षिप्त विवरण सहित उसका स्थान: खड़गपुर मंडल के [illegible], [illegible], उलुबेड़िया, [illegible] एवं [illegible] पर एक नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग द्वारा पुराने पैनल इंटरलॉकिंग की बदली के लिए, भवन के निर्माण सहित सभी एस एंड टी कार्य। कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 56,31,47,366.03। बयाना राशि: ₹ 29,65,700। ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 20.01.2025 को दोपहर 1.00 बजे वेबसाइट जहाँ निविदा प्रकाशित की गई है: www.ireps.gov.in (PR-934)

# उद्योगों की मांग के अनुरूप रोजगार व कार्यबल का सृजन विभाग का उद्देश्य : श्रम मंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि उद्योगों की मांग के अनुरूप रोजगार और कार्यबल का सृजन विभाग का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि हम प्रशिक्षण कार्यक्रमों में समय की मांग के अनुसार नए जॉब रोल शामिल करेंगे, जिससे झारखण्ड के युवा प्रतिभा प्रतिस्पर्धा में पीछे न रहें। श्रम विभाग कौशल विकास के क्षेत्र में जल्द ही नए जॉब रोल शामिल करेगा, जिसमें से एक विदेशी भाषा प्रशिक्षण में शामिल होगी।
यादव शुक्रवार को श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तहत झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी की ओर से रांची के एक स्थानीय होटल में 'स्किल स्टेकहोल्डर्स कनेक्ट 2024' के उद्घाटन के अवसर पर बोले रहे थे। उन्होंने कहा कि कम जनसंख्या वाले देशों में बेहतर वेतन के साथ रोजगार की काफी संभावनाएं हैं। हमारी कोशिश है कि युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएं।
मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार का श्रम विभाग कौशल विकास के महत्वपूर्ण ढांचे के रूप में काम कर रहा है। हमारा प्रयास कौशल विकास की चुनौतियों का समाधान ढूंढना है। इसके लिए आवश्यक है कि सभी हितधारक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।
बैठक को श्रम सचिव मुकेश कुमार, झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के मिशन निदेशक-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार लाल ने भी संबोधित किया। इस एकदिवसीय उन्मुखीकरण एवं परिचर्चा कार्यक्रम में झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के पदाधिकारी सहित अन्य प्रतिनिधि एवं कर्मचारी मौजूद थे। झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाइटी की ओर से कुल 5.25 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित करने के साथ 4.5 लाख युवाओं को प्रमाणित किया गया, जिनमें 2.25 लाख युवाओं को नियोजित किया गया है। नियोजित युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रवासन के लिए कुल सात राज्यों में आठ प्रवासन सहायता केन्द्र खोले गए हैं।




## राजस्व संग्रहण को लेकर गंभीरता दिखाएं आम जनों की समस्याओं को दूर करें : बिरुआ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजस्व संग्रहण की दिशा में भू राजस्व विभाग के अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। आम जनों की समस्याओं को दूर करने की दिशा में सार्थक प्रयास होना चाहिए। विसंगतियों को दूर कर हमें राज्य और राज्यवासियों की बेहतरी के लिए कार्य करना है। ये बातें मंत्री परिवहन, भूमि सुधार एवं भू - राजस्व दीपक बिरुआ ने कही। मंत्री झारखण्ड मंत्रालय में भू राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। मंत्री द्वारा आहूत बैठक में विभागीय सचिव के अतिरिक्त सभी जिला के एसी और डीसीएलआर उपस्थित थे। करीब दो घंटे तक चली इस बैठक में मंत्री ने सभी एसी और डीसीएलआर से एक एक कर बात कर उनके कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने भूमि के संबंधित मामलों एवं आम लोगों से जुड़े मामलों पर गंभीरता कार्यों करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया है। मंत्री ने कहा इस तरह की समीक्षा बैठक समय - समय पर आयोजित होगी, ताकि कार्यों की गति और अधिकारियों की कार्य क्षमता का आकलन बेहतर निर्णय लिया जा सके।

## राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव शुरू

### जीवंत प्रदर्शनी और साबरमती आश्रम मेले के आकर्षण का केंद्र




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के सिद्धांतों को गांव तक ले जाने का एक सार्थक प्रयास है। खादी से जुड़कर बुनकरों और कारीगरों को एक बाजार मिला है। जहां उनकी प्रतिभा को उचित दाम मिल रहा है। उम्मीद करती हूं कि यह मेला हम सभी की उम्मीदों पर खरा उतरे। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका सिंह शुक्रवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रही थी।
इस अवसर पर उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की दूरदर्शी सोच से राज्य उन्नति की पथ पर आगे बढ़ रहा है। हमें खादी को बहुत आगे लेकर जाना है इसलिए खादी से जुड़े बुनकरों की समस्याओं पर ध्यान देना है। उन्हें प्रशिक्षित करना है ताकि पलायन रोका जा सके और झारखंड आगे बढ़े। विभाग से जुड़ी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना है। खादी से जुड़कर गांव में रहने वाले लोगों की आर्थिक उन्नति संभव है।
उद्योग सचिव जितेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि 20 दिसंबर से 6 जनवरी तक चलने वाले इस मेले का मुख्य उद्देश्य खादी को बढ़ावा देना है।उन्होंने बताया कि इस बार 500 से ज्यादा स्टाल लगे हैं। कला और संस्कृति विभाग की ओर से हर दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस बार मेले में स्टॉल के नाम पेड़ों के नाम पर रखे गए हैं। वहीं खादी संस्थाओं के साथ साथ विभिन्न सरकारी, पीएमईजीपी, सरस एवं गैर सरकारी संस्थाओं के स्टॉल भी लगाए गए हैं। मेले में चलंत शौचालय और चलंत एटीएम की भी व्यवस्था की गई है।
कार्यक्रम में उद्योग निदेशक सुशांत गौरव, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग के सीईओ हिमांशु मोहन, झारक्राफ्ट की एमडी कीर्ति सहित अन्य गणमान्य लोग मंच पर उपस्थित थे।

## नगर निगम के निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 240 निगमकर्मियों की हुई जांच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची नगर निगम और पथ विक्रेता शिकायत निवारण समाधान समिति की पहल पर शुक्रवार को रांची नगर निगम में नगर निगम के कर्मियों और पदाधिकारियों के लिए एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ साकेत और उनकी टीम ने निगम कर्मियों का मधुमेह, बीपी, पल्स, रक्तचाप, ईसीजी आदि की जांच की। साथ ही उन्हें चिकित्सीय सलाह दी। बता दें कि इस शिविर में लगभग 240 लोगों को जांच की गयी। इसके अलावा चिकित्सकों ने कर्मियों को नियमित स्वास्थ्य जांच से होने वाले लाभ और रोगों से बचाव के विषय पर विस्तृत जानकारी दी। जानकारी हो कि इस शिविर को सफल बनाने में निगम प्रशासक संदीप सिंह, अपर प्रशासक संजय कुमार सहित पथ विक्रेता शिकायत निवारण एवं समाधान समिति के अध्यक्ष कुमार दिनेश, सदस्य सतीश गिरी आदि ने योगदान दिया। इस मौके पर समाधान समिति के अध्यक्ष कुमार दिनेश ने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच से अनेक प्रकार की बीमारियों से बचाव होता है। साथ ही सही समय पर उपचार प्राप्त होने से किसी के भी जीवन को बचाया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ साकेत को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में योगदान देने के लिए धन्यवाद भी दिया।



## जेएसएससी प्रदर्शन मामले में देवेंद्रनाथ महतो सहित 100 पर प्राथमिकी दर्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची में जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रद करने की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन के मामले में पुलिस ने जेकेएलएम नेता देवेंद्रनाथ महतो सहित 100 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। यह प्रदर्शन जेएसएससी कार्यालय के सामने हुआ था, जहां प्रमाण पत्र जांच कार्यक्रम बाधित करने के दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया था। नामकुम के सीओ कमल किशोर सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि एसडीओ रांची द्वारा लगाई गई निषेधाज्ञा के बावजूद देवेंद्रनाथ महतो के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी नामकुम बाजार से जेसएससी कार्यालय की ओर बढ़ने लगे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से शांत रहने और नियमों का पालन करने की अपील की। लेकिन भीड़ ने इसे अनदेखा करते हुए उग्र नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों ने सरकारी काम में बाधा डालने की कोशिश की और बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों पर हमला हुआ, जिसनें एएसआई संतोष कुमार सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने सरकारी काम में बाधा, निषेधाज्ञा उल्लंघन और हिंसा के आरोप में देवेंद्रनाथ महतो सहित अन्य प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

# रणनीति बना नशे के कारोबार की कसें नकेल : मुख्य सचिव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



- सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर पोस्ते की खेती करनेवालों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें।
- लोग पोस्ते की खेती से दूर हों, इसके लिए उचित आमदनी का विकल्प दें।
- अभियान चलाकर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करें।

**रांची :** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा है कि सभी संबंधित विभाग नशे के कारोबार पर रणनीति बना कर नकेल कसें। उन्होंने निर्देश दिया कि पोस्ते की खेती, उसकी फसल से अफीम का उत्पादन और वितरण मार्ग पर पैनी नजर रखें। उन्होंने कहा कि पोस्ते की खेती से ज्यादा आमदनी होने के कारण ही लोग इसमें संलग्न होते हैं। वे जेल जाने तक से नहीं डरते। इसे लेकर पोस्ते की खेती से लोगों को निरुत्साहित करने और कृषि विभाग से मिलकर आमदनी का वैकल्पिक साधन उपलब्ध कराने की जरूरत है। वह शुक्रवार को सचिवालय में पोस्ते की खेती पर रोकथाम को लेकर गृह विभाग द्वारा आयोजित बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की पहचान करने, धर-पकड़ करने के साथ ज्यादा जरूरी है कि उन्हें सजा दिलाने के बिंदू पर भी फोकस करें। नशे के कारोबार से जुड़े पूरे नेटवर्क को ध्वस्त कर ही हम मुकम्मल सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर पोस्ते की खेती जंगल में जलाशयों के पास होती है। वन विभाग जिला प्रशासन से समन्वय बनाकर ऐसे स्थलों को चिह्नित करे और फसलों को नष्ट करने के साथ इसकी खेती से जुड़े लोगों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही जंगल की खाली जमीन पर पौधरोपण आदि के माध्यम से वन विभाग पोस्ते की खेती करनेवालों को हतोत्साहित करे।
उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार पर जन जागरूकता के माध्यम से भी नकेल कसा जा सकता है। इसके लिए हर स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाए। खासकर पंचायती राज विभाग को इसमें शामिल कर उनके संसाधनों का उपयोग जागरूकता अभियान में काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। उन्होंने कतिपय शहरों में ड्रग्स की बढ़ती लत पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जागरूकता अभियान में शिक्षा विभाग को जोड़ कर स्कूल स्तर से नशे के खिलाफ माहौल बनाने की जरूरत है। इस पर भी रणनीति बना कर कार्य करने पर उन्होंने बल दिया।
उसके पहले बैठक में पोस्ते की खेती से प्रभावित जिलों चतरा, खूंटी, हजारीबाग, लातेहार, पलामू, रांची, चाईबासा और सरायकेला-खारसावां जिले के पुलिस अधीक्षकों और उपायुक्तों ने पोस्ते की खेती पर नकेल कसने की कार्रवाई से अवगत कराया। साथ ही आगे की रणनीति भी बतायी। एनडीपीएस की ओर से पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से नशे के कारोबार पर विस्तृत प्रकाश डाला गया और उसकी रोकथाम के उपायों पर सुझाव साझा किया गया। बैठक में गृह सचिव वंदना डाडेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने भी कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। बैठक में पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे एवं वन विभाग के सचिव अबूबकर सिद्धकी भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्राओं से छेड़छाड़ की घटनाएं रोकने को लेकर पुलिस ने चलाई मुहिम



**रांची :** राजधानी रांची में छात्राओं से छेड़छाड़ (इव-टीचिंग) की लगातार हो रही घटनाओं को रोकने को लेकर पुलिस ने मुहिम शुरू की है। इसी क्रम में शुक्रवार को एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में रांची जिला के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के सभी थाना क्षेत्रों में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए पैदल मार्च किया गया। इसके तहत सभी थाना क्षेत्रों में पढ़ने वाले स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थान एवं गर्ल्स हॉस्टल में जाकर पुलिस अधिकारियों ने बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी। छेड़छाड़ का मामला सामने आने पर शिक्षण संस्थानों को 100, 112 डायल कर तथा क्यूआर कोड के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने के लिए कहा गया। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। ऐसे मामलों में कार्रवाई में लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### हथियार तस्करी गिरोह का सरगना गिरफ्तार



**रांची :** कोतवाली थाना पुलिस ने हथियार तस्करी गिरोह के सरगना डेविड उर्फ ओम शंकर गुप्ता को गिरफ्तार किया है। डेविड उर्फ ओम शंकर गुप्ता गत माह हुए विधानसभा चुनाव में हटिया विधानसभा से चुनाव लड़ा था। इसके पास से दो आई फोन बरामद किया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कुछ अपराधी अवैध हथियार लेकर कोतवाली थाना क्षेत्र के पुरानी रांची अखाड़ा चौक के पास किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं। कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने हथियार तस्कर को गिरफ्तार कर लिया था। इस तस्करी में शामिल अन्य प्राथमिकी आरोपितों के खिलाफ पुलिस छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में डेविड उर्फ ओम शंकर गुप्ता को गिरफ्तार किया गया। डीएसपी प्रकाश सोय ने शुक्रवार को बताया कि डेविड उर्फ ओम शंकर गुप्ता गिरोह का सरगना है। उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस हथियार तस्करी के धंधे में कई अन्य आरोपितों के शामिल होने की बात पूछताछ में सामने आयी है।

### झारखंड में बढ़ेंगे मिल्क कलेक्शन सेंटर : शिल्पी नेहा तिर्की



**रांची :** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची के होटवार स्थित मेधा डेयरी प्लांट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैटल फीड प्रोडक्शन का भी जायजा लिया। मंत्री ने मेधा के उत्पाद को राज्य के अंदर ही नहीं बल्कि दूसरे राज्यों तक पहुंचाने की बात कही। मंत्री ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में बिचौलिये सक्रिय हैं। ऐसे में पशुपालक किसानों को दूध का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने राज्य में मिल्क कलेक्शन सेंटर में इजाफा करने की बात कही। ताकि बिचौलियों के सिंडिकेट को समाप्त कर पशुपालकों से उचित मूल्य पर दूध एकत्रित किया जा सके। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि वर्तमान में तीन लाख लीटर दूध कलेक्शन हो रहा है, लेकिन बाजार की मांग 10 लाख लीटर प्रतिदिन है। बाजार के डिमांड को दूसरी कंपनियां पूरी कर रही हैं। मंत्री ने कहा कि पशुपालन के जरिये महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं। मंत्री ने बताया कि मांडर की एक महिला 2016 से पशुपालन से जुड़ी है। आज वह दूध बेचकर प्रति माह 2 लाख रुपये तक का आय हासिल कर रही है।

### यौन शोषण के आरोपी पूर्व डीडीसी को अग्रिम बेल देने से सिविल कोर्ट का इनकार

**रांची :** रांची सिविल कोर्ट ने शादी का झांसा देकर महिला का 16 साल तक यौन शोषण करने के आरोपी सेवानिवृत्त डीडीसी अरविंद कुमार चौधरी को राहत देने से इनकार कर दिया है। सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त मनीष रंजन की कोर्ट ने अरविंद कुमार चौधरी की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही कोर्ट ने उनके बेटे मनीष आनंद की अग्रिम जमानत याचिका भी खारिज कर दी। जिससे दोनों की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। महिला की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता शिशिर राज ने कोर्ट में पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि महिला नामकुम की रहने वाली है। विधवा महिला और अरविंद कुमार चौधरी की मुलाकात वर्ष 2008 में नौकरी को लेकर हुई थी। नौकरी देने का वादा करते हुए पाकुड़ में तैनात अधिकारी अरविंद कुमार ने महिला को मिलने के लिए बुलाया। फिर एक होटल में ले जाकर उसका यौन शोषण किया। जब महिला ने इसका विरोध किया तो उन्होंने उससे शादी करने का वादा किया। इस दौरान अरविंद कुमार ने अपने आपको कुंवारा बताया और महिला के संपर्क में रहा। लोहरदगा ट्रांसफर होने के बाद अरविंद कुमार ने फिर से महिला को बुलाया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद वर्ष 2012 में अरविंद कुमार डीडीसी पद से सेवानिवृत्त हो गये।

### 27 दिसंबर से शुरू होगा मछली घर का कार्निवल 2025

**रांची :** नया साल शुरू होने में कुछ ही दिन बाकी रह गये हैं। ऐसे में हर कोई अपने अपने स्तर से नये साल की तैयारी में जुट गया है। वहीं रांची के एक्वा वर्ल्ड मछली घर में फिर से कार्निवल 2025 का शो शुरू होने जा रहा है। इस बार यह प्रोग्राम 27 दिसंबर से 2 जनवरी तक चलेगा। हर दिन कई कार्यक्रम का आयोजन होगा। 27 दिसंबर की सुबह 11 बजे से कार्यक्रम आरंभ हो जाएगा वहीं 2 जनवरी को रात 8 बजे आखिरी कार्यक्रम के साथ समापन होगा। इस दौरान पेंटिंग प्रतियोगिता, बेस्ट जूता कॉम्पिटिशन, लक्की ड्रॉ, चिप्स खाओ प्रतियोगिता, ट्रेजर हंड, बेस्ट हेयर स्टाइल समेत कई प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बच्चों के लिए अनेकों कार्यक्रम को आयोजन होगा। हर दिन कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 11 बजे होगी । खास बात यह है कि हर दिन का आखिरी कार्यक्रम लक्की ड्रॉ रहेगा। पास के जरिए आप फ्री एंट्री कर सकते हैं, वहीं अगर आपके पास "पास" नहीं है तो आप टिकट कटवाकर भी एंट्री ले सकते हैं।

## एक नजर

### एटीएस की टीम ने गैंगस्टर प्रिंस खान का घर किया कुर्क

**धनबाद** : रांची एटीएस की टीम ने शुक्रवार को बैंक मोड़ थाना की पुलिस के साथ गैंगस्टर प्रिंस खान के वासेपुर के मखदमी रोड स्थित आवास की कुर्की-जब्ती करने पहुंची। एटीएस ने यह कार्रवाई पिछले दिनों धनबाद के क्लि नी लैब में हुई फायरिंग की घटना को लेकर की है। एटीएस के पदाधिकारी रोशन बाड़ा ने बताया कि पिछले दिनों धनबाद के गया पुल स्थित क्लि नी लैब में फायरिंग की घटना में गैंगस्टर प्रिंस खान के खिलाफ बैंक मोड़ थाना में मामला दर्ज हुआ था। कुर्की के वक्त प्रिंस के घर से कोई सामान बरामद नहीं हुआ। ज्ञात हो कि उक्त घर में पहले भी दो-तीन बार कुर्की-जब्ती की कार्रवाई हो चुकी है।

### रोटरी प्ले ग्रुप में क्रिसमस उत्सव का हुआ आयोजन

**बोकारो** : रोटरी प्ले ग्रुप ने आज सेक्टर 4 स्थित स्कूल परिसर में क्रिसमस का उत्सव बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया। यह आयोजन इतना हृदयस्पर्शी था कि इसने सभी उपस्थित लोगों के दिलों खुशी और उमंग भर दी। लाल पोशाकों में सजे और सांता क्लॉज का रूप धारण किए बच्चों ने इस उत्सव की शोभा बढ़ाई। उनकी ऊर्जा और खिलखिलाती मुस्कान ने पूरे वातावरण को जादुई बना दिया और इस दिन को अविस्मरणीय बना दिया। प्रधानाचार्य रोटेरियन मानसी साहना ने इस कार्यक्रम को व्यवस्थित करने में प्रमुख भूमिका निभाई। उनकी अटूट समर्पण भावना और जुनून ने इस आयोजन को अद्वितीय बना दिया। सूक्ष्म से सूक्ष्म बातों पर ध्यान देने वाले उनके अथक प्रयासों ने सभी पर गहरी छाप छोड़ी। उप-प्रधानाचार्य रोटेरियन सीमा गिरी ने भी प्रधानाचार्य के साथ मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने भी पूरे उत्साह के साथ इस आयोजन में भाग लिया। उनकी प्रतिबद्धता और टीम वर्क वास्तव में प्रशंसनीय थी। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता ने पूरे टीम को उनके नि:स्वार्थ प्रयासों के लिए हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया। स्कूल की चेयरपर्सन रोटेरियन पूनम त्रेहान ने भी सबकी सराहना करते हुए सबको धन्यवाद दिया। यह क्रिसमस उत्सव रोटरी प्ले ग्रुप द्वारा आयोजित सबसे विशेष आयोजनों में से एक के रूप में याद किया जाएगा। बच्चों के बीच की खुशी और सौहार्दता, साथ ही आयोजन टीम की लगन और समर्पण, ने इसे वास्तव में एक जादुई और स्मरणीय अनुभव बना दिया।

### डॉ. भीमराव आंबेडकर के अपमान के विरोध में जेएमएम ने किया विरोध प्रदर्शन

**बोकारो** : झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो जिला समिति की ओर से जिला अध्यक्ष हीरलाला मांझी के नेतृत्व में बिरसा चौक बोकारो में गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया जैसा कि विगत दिनों संसद भवन में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के ऊपर आपत्तिजनक टिप्पणी किया गया इसको लेकर बोकारो झामुमो कड़ा विरोध करती है जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी ने कहा संविधान रचयिता भीम राव अम्बेडकर देश के संविधान बनाए जिसके गलत टिप्पणी का हमलोग कड़ी निदा करते है साथ महामहिम राष्ट्रपति से मांग करते है कि अविलंब गृह मंत्री को बर्खास्त करे अन्यथा झामुमो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी जरूरत पड़ने पर दिल्ली कूच किया जाएगा। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य बी के चौधरी मंटू यादव मो हसन जिला उपाध्यक्ष घुनू हंसदा विजय रजवार जिला कोषाध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य अशोक मुर्मू जिला संगठन सचिव फैयाज खान मदन महतो कन्हैया सिंह पार्वज आलम सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एचडीएफसी बैंक के एटीम से 29.56 लाख रुपये चोरी का हुआ खुलासा, दो गिरफ्तार





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : चन्दनकियारी बाजार स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीम मशीन की चोरी तथा उससे 29.56 लाख रुपए की चोरी का पुलिस ने उदभेदन कर लिया है। इस मामले मे शामिल तीन अपराधियों मे से दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने टूटे हुए एटीएम मशीन को बरामद कर लिया है। इसकी जानकारी प्रेसवार्ता के दौरान बोकारो एसपी मनोज सवागीर्यारी ने दी। उन्होंने बताया की सन्नी कुमार के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करवाई गयी थी, पुलिस ने मामले का अनुसन्धान शुरू करते हुए कांड दर्ज किया था। घटना के त्वरित उद्देदन हेतु एसडीपीओ चास के नेतृत्व मे एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी टीम के द्वारा तकनीकी शाखा एवं मानवीय सूचना के आधार पर घटना का उदभेदन करते हुए कांड में शामिल दो अपराध कर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। तथा इनके निशानदेही पर चोरी किया गया एटीम मशीन एवं मशीन को ले जाने में प्रयुक्त ट्रॉली को भी बरामद किया गया है। घटना में शामिल एक अभियुक्त फरार है। जिसकी गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है एवं चोरी किये गये रुपयो की बरमदनी हेतु प्रयास किया जा रहा है। गिरफ्तारअपराधियो मे मनोहर कुमार साहनी,तथा रामकुमार शामिल है। दोनों गिरफ्तार अपराधी धनबाद के तेतुलमारी के निवासी है।

## एडीएम लॉ एंड आर्डर ने सुनी जनता की समस्याएं




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा ने समाहरणालय में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना। लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया। जनता दरबार में रैयती खतियान जमीन को गैराबद की सूची से हटाने से संबंधित, आर्म लाइसेंस, प्रधानमंत्री आवास से संबंधित, म्युटेशन, जमीन की रजिस्ट्री, जमीन मापी से संबंधित मामले, अवैध खनन, प्रदूषण से संबंधित मामले, वंशावली निर्गत करने से संबंधित, पारिवारिक मामले, स्वास्थ्य संबंधित मामले, रोजगार एवं शिक्षा से संबंधित मामले, जमीन से जुड़े मामले सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

## वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी के कुलदीप महतो ने राज्य चयन ट्रायल में किया शानदार प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो** : वेदांता ई एस एल तीरंदाजी अकादमी के उभरते सितारे कुलदीप महतो ने 14 दिसंबर, 2024 को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जमशेदपुर में आयोजित राज्य चयन ट्रायल में शानदार प्रदर्शन किया। बिजुलिया हाई स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र कुलदीप सियालजोरी पंचायत के बुढिबिनोर गांव के रहने वाले हैं और उन्हें अनुभवी हेड कोच बुधेश्वर मुर्मू के शागिर्द हैं। कुलदीप ने राज्य चयन ट्रायल में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से बोकारो को गौरवान्वित किया है। अपने पहले राज्य स्तरीय ट्रायल में, कुलदीप ने 720 में से 697 अंक हासिल कर दूसरा स्थान हासिल किया और आगामी 41वीं एनटीपीसी सब-जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए झारखंड राज्य टीम में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त किया। प्रतिष्ठित चैंपियनशिप 3 से 10 जनवरी, 2025 तक जयपुर, राजस्थान में आयोजित की जाएगी। ई एस एल स्टील लिमिटेड ने अपने आस-पास के समुदाय के विकास और सर्वांगीण विकास के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता और समर्थन को जारी रखते हुए और समुदाय में खेल भावना और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के एक हिस्से के रूप में 2020 में प्रतिष्ठित वेदांता ई एस एल तीरंदाजी अकादमी की स्थापना की है। वेदांता ई एस एल तीरंदाजी अकादमी एक अत्याधुनिक तीरंदाजी संस्थान है, जो सियालजोरी में वेदांता ई एस एल प्लांट परिसर के अंदर स्थित है, जो बोकारो जिले के ग्रामीण क्षेत्र के महत्वाकांक्षी तीरंदाजों को खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक संसाधन और मार्गदर्शन प्रदान करता है। अकादमी ने राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी स्थापना के बाद से कुल 185 पदक जीतकर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। अकादमी ने दो प्रमुख आयोजनों की मेजबानी की है, जिसने छात्रों को हर साल पदक की संख्या में लगातार वृद्धि के अलावा उत्कृष्ट प्रदर्शन भी प्रदान किया है।

## एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। शुक्रवार को बीएसएल के सीजीएम सुजय कुमार व ओएनजीसी के चीफ मैनेजर अनूप मिंज ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। सीजीएम सुजय कुमार ने कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के जीवन को बेहतर दिशा प्रदान करता है। यह अनुशासन का पाठ पढ़ाता है। साथ ही टीम व खेल भावना विकसित करता है। खिलाड़ी खेल के मैदान में ही नहीं, अपितु हर दिन फेयर प्लेयर के रुप में भूमिका निभाता है। बच्चों को मोबाइल से दूर रहना चाहिए। इन्हें खेल के मैदान से नाता जोड़ना चाहिए। सीजीएम सुजय कुमार, चीफ मैनेजर अनूप मिंज, स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस, डीपीएस के प्रधानाध्यापक डा.एएस गंगवार, जीजीपीएस चास के प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार, चिन्मय विद्यालय के प्रधानाध्यापक सूरज शर्मा, रेनबो पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक बिपुल कुमार सिंह, मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार पाठक, विद्यालय प्रबंधन समिति के पीके जकारिया, पीई ईप्पन व अशोक तनेजा ने गुब्बारा उड़ा कर बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। आगत अतिथियों का स्वागत हेडमिस्ट्रेस सपना जोशी ने किया। अतिथि ने ध्वजारोहण किया। विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट के माध्यम से अतिथि को सलामी दी। बच्चों ने खेल भावना के तहत प्रदर्शन का संकल्प लिया।

## डीपीएस की छात्रा त्रिनयोना को मिला विश्वरत्न सम्मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में डीपीएस बोकारो का प्रयास एक बार फिर सार्थक सिद्ध हुआ है। विद्यालय की 10वीं कक्षा की होनहार छात्रा त्रिनयोना को उत्कृष्ट नृत्यकला के लिए प्रतिष्ठित विश्वरत्न सम्मान से नवाजा गया है। संगीत, कला सहित विभिन्न विधाओं में प्रतिभाओं का मूल्यांकन कर प्रोत्साहित करने वाली जानी-मानी संस्था वर्दी वेलनेस ने व्यापक स्तर पर एक स्पर्धा करवाई थी। इसमें नृत्य संबंधी सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि के लिए विद्यार्थियों की कैटेगरी में पूरे झारखंड से एकमात्र त्रिनयोना को विश्वरत्न सम्मान के लिए चयनित किया गया। उसे स्मृति-चिह्न, प्रशस्ति प्रमाण-पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए शुक्रवार को विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने त्रिनयोना को पुरस्कृत करते हुए बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे में अपनी खास प्रतिभा होती है और डीपीएस बोकारो अपने विद्यार्थियों की हर प्रतिभा को निखारने का हर अवसर और मंच प्रदान करता रहा है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण उत्थान के लिए यह बेहद जरूरी है।

### बीसीसीएल प्रबंधन के समक्ष रैयत विस्थापित संघर्ष मोर्चा ने किया प्रदर्शन

# 11 सूत्री मांगों पर विचार नहीं हुआ तो होगा उग्र आंदोलन : भागीरथ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : रैयत विस्थापित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले शक्ति चौक से विशाल महारैली निकाली गई। रैयत विस्थापित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले ध्रुव महतो और भागीरथ रवानी ने निकाला मोटरसाइकिल जुलूस शक्ति चौक से नया मोड़ होते हुए लोयाबाद होते हुए करकेंद, केदुआ होते हुए नेपाल रवानी चौक गोधर तक मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के नेतृत्व कर रहे ध्रुव महतो, भगीरथ महतो व डालू राम महतो ने शक्ति चौक स्थित शहीद शक्ति नाथ महतो के आदमकद प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर अर्पित किए। सिजुआ क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय व कतरास क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय में 11सूत्री मांग पत्र को सौंपा। तत्पश्चात तेतुलमारी, पांडेयडीह, नयामोड, लोयाबाद, केन्दुआ, करकेन्द होते हुए गोधर के कुसुंडा क्षेत्रीय महाप्रबंधक के मुख्य गेट के समीप सभा को संबोधित करते हुए ध्रुव महतो ने कहा कि हमारी 11 सूत्री मांग को यदि पूरी नहीं होती है तो 15 दिन बाद बीसीसीएल के ट्रांसपोर्टिंग कार्य का चक्का जाम करेंगे। रैयत विस्थापित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले कार्यकताओं ने अपने 11 सूत्री मांगों के समर्थन में पहल करने के लिए सैकड़ों समर्थको के साथ कुसुंडा क्षेत्र संख्या 6 के क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य द्वार पर भगीरथ रवानी के नेतृत्व में शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन कर महाप्रबन्धक कुसुंडा क्षेत्र संख्यां 6 को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भगीरथ रवानी तथा संचालन रमेश रवानी ने की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सभाध्यक्ष भगीरथ रवानी ने कहा कि मोर्चा के द्वारा पिछले दिनों अपनी सारी समस्यायों एवं मुख्य धारा से जुड़े बातों को विस्तार पूर्वक मांग रखी गई थी,जिस पर आजतक क्षेत्रीय प्रबंधन एवं कोलयरी प्रबंधन द्वारा 11 सूत्री मांगों पर कोई भी उचित करवाई नही हुई। हमारी मानवो को नजरंदाज कर बीसीसीएल प्रबंधन मात्र अपनी मनमानी कर रही है उन्होंने कहा कि हम हमलोग का सब्र टूट गई है यदि हमारी मांग को पूरी नहीं होती है तो बीसीसीएल के एक छटाक कोयला उठने नहीं देगे।जल्द से जल्द हमारी मांगे को पूरी करे। उन्होंने कहा कि पुनः आपके समक्ष 11 सूत्री मांग पत्र कार्यालय में दे रहा हूँ हमारी मांगों पर 15 दिनों के अंदर सकरात्मक विचार कर मोर्चा के साथ बैठक सुनिश्चित कर मांग पत्रों पर उचित वार्ता कर इस जटिल समस्या का समाधान करने की कृपा करें। अन्यथा मोर्चा से समय रहते वार्ता कर समस्या का समाधान नही किया गया तो मोर्चा किसी भी प्रकार का आंदोलन छेड़ने को बाध्य होगी। जिसकी सारी जबाबदेही बीसीसीएल प्रबन्धन की होगी। कार्यक्रम के मौके पर मुख्य रूप से भगीरथ रवानी, ध्रुव महतो, राजू रवानी, रमेश रवानी,डालु महतो, नरेश महतो, छूटू लाल सोरेन, वीरेंद्र किस्कु, फूलचन्द महतो, कार्तिक महतो, अम्न चन्द महतो, गोविंद मांझी, झंडू महतो, सुरेश किस्कु, खलील अंसारी, बसंत चौहान, रविन्द्र राम, बद्री रवानी, अरुण हेंब्रम इत्यादि के अलावे मोर्चा के हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बसपा ने गृहमंत्री अमित शाह का फूंका पुतला



**धनबाद** : शुक्रवार को रणधीर वर्मा चौक पर बहुजन समाज पार्टी ने गृहमंत्री अमित शाह का पुतला फूंका। इस दौरान सुबल दास ने कहा गृह मंत्री का अब तक पद से नहीं हटना और बाबा साहेब अंबेडकर पर हुए अपमान पर माफी नहीं मांगना भाजपा आरएसएस का डॉ. भीमराव आंबेडकर समेत दलित विरोधी मानसिकता है। जिसे बसपा बर्दाश्त नहीं करेगी। कांग्रेस द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को अपमानित करने का सारा रिकॉर्ड भाजपा ने तोड़ दिया है। कहा की अब बसपा के रास्ते ही बाबा साहब का सम्मान सुरक्षित रह सकता है। कार्यक्रम में सुबल दास पूर्व प्रदेश अध्यक्ष झारखंड, अभय कुमार जिलाध्यक्ष, गणेश भारती जिला उपाध्यक्ष, बाबूलाल मांझी पूर्व जिलाध्यक्ष, सुनील रविदास जिला प्रभारी, मनोज दास महासचिव, मोतीलाल किस्कू पूर्व प्रत्याशी, राजीव कुमार, रंजीत कुमार पासवान, योगेंद्र बिन, अजीत दास, पप्पू पासवान, रमेश रविदास, बादल दत्ता प्रेम वाल्मीकि शेषनाथ समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डॉ. पूजा सांस्कृतिक एवं सभ्यता की शिक्षा के प्रसार के लिए कई पुरस्कारों से हुईं सम्मानित



**धनबाद** : डॉ. पूजा, शैलपुत्री कात्यायनी फाउंडेशन की निदेशक को भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता पर शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान और उपलब्धियों के लिए दिल्ली विधानसभापति रामनिवास गोयल द्वारा दिल्ली विधानसभा में 22 नवंबर को भारत विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. पूजा ने बातचीत के दौरान बताया कि उन्हें लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड 2024 में बिहार और झारखंड में 400 घंटे विद्यार्थियों को भारतीय सभ्यता एवं सांस्कृतिक शिक्षा के प्रशिक्षण के लिए मिला। विश्व पटल में भारत का नाम रोशन करने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने महाराष्ट्र रत्न पुरस्कार दिया। शिशु वाटिका विद्या भारती के एक मूल अंग के रिसर्च के लिए वेस्ट बंगाल सरकार ने उन्हें पुरस्कार दिया। इंटरनेशनल इमीनेंस अवार्ड 2024 और यूथ लीडरशिप इन द वर्ल्ड सेबी होटल लेमन गुरुग्राम में, राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान लिंगायत इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में गजेंद्र चौहान के द्वारा 7 दिसंबर 2024 को नई दिल्ली में सम्मानित किया गया साथ आगामी 11 जनवरी 2025 को ग्लोबल यूनिवर्सिटी आफ बोंस इन अमेरिका के द्वारा सामाजिक कार्यों के लिए चयनित किया गया है विकसित भारत 2047 का अवार्ड पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के द्वारा यूथ लीडरशिप के लिए देने की घोषणा हुई है।

### झामुमो के पदाधिकारी ने विधायक संजीव सरदार का किया स्वागत



**धनबाद** : पोटका के लोकप्रिय विधायक संजीव सरदार विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो के पिताजी के ब्रम्हभोज में जाते समय कुछ पल के लिए रानीबाँध धैया हनुमान मंदिर धनबाद के पास रुके। साथ ही झारखण्ड मुक्ति मोर्चा धनबाद महानगर समिति के पदाधिकारियों ढ़ोल नागाड़े के साथ माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किए। स्वागत में मुख्यरूप से झामुमो केंद्रीय सदस्य जग्गू महतो, महानगर अध्यक्ष मंटु कुमार चौहान, उपाध्यक्ष मिहिर दत्ता,युवा महानगर उपाध्यक्ष सप्पू महतो, वकील दास,कोषाध्यक्ष टिंकू सरकार, संयुक्त सचिव राजेश तुरी, मिडिया प्रभारी मिलन महतो, अल्पसंख्यक अध्यक्ष सद्दाम हुसैन उपस्थित थे।

### विधायक की जनहित में चंद्रपुरा, दुगदा जारीडीह को बोकारो कोर्ट से जोड़ने की मांग

**बोकारो** : डुमरी विधायक जय राम महतो जी का बोकारो के अधिवक्ताओं ने आज कोर्ट परिसर में जोरदार स्वागत किया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने आए दिन अधिवक्ताओं पर हो रहे हमले से बचाव के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट विधान सभा से पास करवाने की मांग की। अधिवक्ता सोमनाथ शेखर ने जनहित में चंद्रपुरा, दुगदा, जारीडीह को बोकारो कोर्ट के क्षेत्राधिकार में जोड़ने की मांग की। अतुल कुमार ने अधिवक्ताओं के लिए दिल्ली के तर्ज पर इंश्योरेंस पॉलिसी लाने में पहल करने की बात कही। विधायक जी ने अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी मांग को विधान सभा के पटल पर रखेंगे और जल्द लागू करवाने का प्रयास करेंगे।

### अमित शाह की विवादित टिप्पणी को लेकर भीम आर्मी और बहुजन युवा शक्ति ने किया विरोध प्रदर्शन



**बोकारो** : आल इंडिया एससी एसटी एंड बैकवर्ड को ऑर्डिनेशन कौंसिल, भीम आर्मी (भारत एकता मिशन) बोकारो महानगर,बोकारो एवं बहुजन युवा शक्ति बोकारो के बैनर तले एक विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन हुआ। जिसका मुख्य बिंदु भारत के गृह मंत्री अमित शाह थे। अमित शाह के द्वारा डॉ भीम राव अंबेडकर के लिए संसद में अभद्र तरीके से लिए गए नाम से भारत के सभी वर्ग के समाज आहत हुए है। इस विरोध रैली में विशेष रूप से उपस्थित कौंसिल के प्रदेश महासचिव मनोज पासवान ने अपने संबोधन में बताया डॉ अंबेडकर साहेब हमारे पुरे देश के लिए पूजनीय हैं और आदर्श भी हैं। डॉ भीम राव अंबेडकर का अपमान पूरे भारत का अपमान है। संयुक्त रूप से अपने संबोधन में भीम आर्मी (भारत एकता मिशन) के बोकारो महानगर अध्यक्ष श्री अजय कुमार, कौंसिल के अध्यक्ष श्री सरोज कुमार, महासचिव संजय कुमार एवं ने बताया कि नफरत की राजनीति पर भारत का विकास का नींव नहीं रखा जा सकता है, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के साथ हम सब की भावनाएं जुड़ी हुई हैं। हम सब अपनी एकता का परिचय देते हुए एक साथ मिलकर पूरे भारत में ऐसी पार्टी को केंद्र और राज्य से दूर रखेंगे।

**एक नजर**

### एसएस हाई स्कूल में हुई चोरी की घटना पुलिस कर रही छान बीन

**अनगड़ा** : एस एस हाई स्कूल +2 में 19 दिसंबर की रात को अज्ञात लोगों ने चोरी कि घटना को अंजाम दिया। स्कूल के प्रधाध्यापक संगीता मेडम ने बताया कि जिस तरह से घटना को अंजाम दिया है। इससे पता चलता है कि तीन चार की संख्या में लोग रहे होंगे बदमासो ने पहले कैमरा तोड़ा उसके बाद दरवाजा तोड़ कर ऑफिस में अंदर प्रवेश किया रखे आलमारी को तोड़ कर पैसा चोरी कार भाग निकले मेडम से पैसे के बारे में पूछे जाने से बताया कि मैट्रिक और इंटमीडिएट के छात्र छात्राओं का रजिस्ट्रेशन हो रहा है वहीं पैस ऑफिस में रखा हुआ था।

### ईईएफ मैदान में कल 40 प्लस फुटबॉल टूर्नामेंट का होगा आयोजन

**अनगड़ा** : ई ई एफ ग्राउंड टाटीसिलवे में लीजेंड फुटबॉल क्लब टाटीसिलवे के तत्वाधान में आगामी 22 दिसंबर को एक दिवसीय 40 प्लस फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन होगा.। यह खेल में 40 प्लस के लिए आयोजित इस अनोखे टूर्नामेंट की इलाके में खासी चर्चा है। टूनार्मेंट के आयोजन को लेकर शुक्रवार को आयोजन समिति और फुटबॉल प्रेमियों की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व फुटबॉलर कार्तिक महतो ने किया। जबकि संचालन मंतोष करमाली ने किया। बैठक के दौरान टूर्नामेंट के सफल संचालन के लिए एक कमेटी का गठन भी किया गया है। कमेटी के अध्यक्ष कार्तिक ने बताया की इस अनोखे 40 प्लस टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें भाग लेगी।

# स्कॉर्पियो का शीशा तोड़कर चोरों ने उड़ाये पांच लाख, पुलिस कर रही छापेमारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : रामगढ़ शहर में एक बार फिर चोरों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने रामगढ़ कॉलेज जैसे भीड़ भाड़ वाले इलाके में एक स्कॉर्पियो का शीशा तोड़कर पांच लाख रुपए उड़ा लिए हैं। यह घटना रामगढ़ शहर की जेजे टेंट के मालिक अजय कुमार महतो के साथ घटी है। चोरों ने जैसे ही गाड़ी की डिक्की का शीशा तोड़ा वह रुपये से भरा बैग लेकर फरार हो गए। गाड़ी का शीशा टूटने की आवाज सुनकर लोगों ने शोर मचाया।



अजय कुमार जब वहां पहुंचे तो अपना सिर पीट लिए। रामगढ़ पुलिस ने इस मामले में (कांड संख्या 397/24)अंकित कर कार्रवाई शुरू कर दी है। रामगढ़ थाना क्षेत्र के गोसा निवासी अजय कुमार महतो ने शुक्रवार को बताया कि डीएस कॉम्प्लेक्स में स्थित एक्सिस बैंक से पांच लाख रुपए निकाले थे। फिर वे स्टाफ सचिन कुमार के साथ स्कॉर्पियो ( जेएच 24 ई 7771) से नईसराय एप्पल शोरूम पहुंचे। यहां उन्होंने मोबाइल खरीदा। बाद में रामगढ़ कॉलेज गेट के पास रोड किनारे लगाकर जी मार्ट के अंदर चले गए। थोड़ी देर बाद हल्ला होने पर बाहर निकले तो देखा कि गाड़ी का शीशा टूटा हुआ है और रुपये गायब हैं। रामगढ़ जिले में चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि देखने को मिल रही है। एक के बाद एक चोरी, छिनतई की घटनाओं से शहर वासी परेशान है। लेकिन पुलिस के हाथ इन चोरों तक नही पहुंच पा रहे। जिससे चोरों का मनोबल बढ़ते जा रहा है और एक के बाद एक चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। चोरी की इस घटना का पता लगाने के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को कंगाल रही है। कुछ संदिग्ध लोगों को पुलिस ने पूछताछ के लिए भी हिरासत में लिया है।

### चैनपुर में सड़क हादसे में महिला की मौत

**चैनपुर** : चैनपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर शाम एक दुखद सड़क हादसे में तिगावल डाडटोली निवासी 60 वर्षीय महिला फुलमनी टोप्पो की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह चैनपुर साप्ताहिक बाजार आई थी और लौटते के क्रम में महिला को एक ऑटो ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। ऑटो चालक मौके से फरार हो गया। यह घटना चैनपुर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दिन हुई, जब सड़कों पर भीड़भाड़ अधिक होती है। अक्सर इस दिन सड़क दुर्घटनाएं देखने को मिलती हैं, जिसमें लोगों की मौत हो जाती है या वे घायल होकर बुरी तरह चोटिल हो जाते हैं।


**Government of Jharkhand**
**Industry Department**
**Directorate of Handlooms, Sericulture and Handcrafts**
**Udyog Bhawan, 3rd floor, Ratu Road, Ranchi, Jharkhand – 834001**

**Tender Cancellation Notice**


No- 04/re0yo0- 09-17/2023 1273 dated: 19.12.2024

Please refer to Directorate of Handloom, Sericulture and Handicraft E- Procurement Tender no.- **1224 dated- 06.12.2024** published thourgh online on website https://jharkhandtenders.gov.in/ for Selection of Consultancy Agency to work as Project Management Unit through PR no- 341800 is cancelled due to unavoidable reason.

PR 342503 Directorate of Handloom Sericulture and Handicraft (24-25)_D

**Deputy Director**
**Directorate of Handloom, sericulture and Handicraft**


## एसडीपीओ लालित मीणा ने छात्रों को दिया पढ़ाई का मंत्र



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर** : चैनपुर में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए चैनपुर एसडीपीओ ललित मिना ने परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर के बच्चों को पढ़ाया। परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज में एसडीपीओ लालित मीणा ने बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए रिमेडियल क्लास ली जिसका उद्देश्य छात्रों को आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार करना और उनकी शैक्षणिक मदद करना था। मीणा ने छात्रों को अपनी पढ़ाई के प्रति गंभीर रहने और नियमित अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विशेष रूप से कमजोर छात्रों के लिए इंग्लिश पर ध्यान देने और सवाल को कैसे एप्रोच करना है इसपर ध्यान केंद्रित किया। कॉलेज प्रबंधन ने मीणा के प्रयासों की सराहना की और इसे छात्रों के लिए प्रेरणादायक कदम बताया। इस पहल से छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी और वे अपने भविष्य को उज्ज्वल बना पाएंगे। शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए यह पहल एक अच्छी शुरूआत है।

## गांव में चल रही योजना हो दुरुस्त, जिला परिषद की दुकानों का बकाया हो वसूल : डीडीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : पंचायती राज के तहत जितनी भी योजनाएं जिला परिषद के अंतर्गत संचालित हो रही हैं। उन्हें लेकर अधिकारी अब काफी गंभीर हो गए हैं। चुनावी वर्ष को लेकर जिला परिषद की बैठक कई महीनों बाद शुक्रवार को आयोजित की गई। इस बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी और डीडीसी रोबिन टोप्पो ने सभी विभागों की समीक्षा की। पंचायती राज के अंतर्गत आने वाली जितनी भी योजनाएं थी, उससे जुड़े हुए योजनाओं की शिकायतों को तत्काल दूर करने का निर्देश दिया गया है। आपूर्ति विभाग, खनन विभाग, पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उद्योग विभाग की योजनाओं पर एक बार फिर प्रकाश डाला गया। डीडीसी रोबिन टोप्पो ने बताया कि गांव में जितनी भी योजनाएं संचालित हो रही है, विभागीय अधिकारी उसे तत्काल दुरुस्त करें। बैठक के दौरान जिला पार्षदों ने इस मुद्दे को उठाया कि उन्हें किसी भी योजना के संचालक को लेकर कोई जानकारी नहीं मिलती। डीडीसी ने सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिया है कि वे योजनाओं से जुड़ी हुई जानकारी संबंधित जनप्रतिनिधियों को जरूर दें ताकि स्पॉट पर उनका सहयोग भी मिल सके। साथ ही स्थानीय समस्या के निपटारे में भी उनकी भूमिका अहम साबित हो सकती है। डीडीसी रोबिन टोप्पो ने बैठक के दौरान जिला परिषद की दुकानों का बकाया किराया वसूल करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कई दुकानदार ऐसे हैं जिन्होंने जिला परिषद की दुकानों को आवंटित तो करा लिया है, लेकिन वह उसका किराया भुगतान नहीं कर रहे हैं। इन लोगों के जरिये समय पर किराया भुगतान नहीं किया जाएगा, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने विभागीय कर्मचारियों को अभियान चलाकर बकाया वसूल करने का निर्देश दिया। डीडीसी ने बताया की आपूर्ति विभाग के द्वारा दाल-भात योजना की समीक्षा की गई। लेकिन उन लोगों ने जिले में बनाए गए नौ केंद्रों की जानकारी नहीं होने की बात कही। इसके अलावा पीएचईडी विभाग को उन स्थानों का निरीक्षण करने की बात कही गई, जहां जलापूर्ति में परेशानी हो रही है। स्वास्थ्य विभाग में भी कई योजनाओं का लाभ नहीं मिलने की बात उठाई गई। इन सभी मुद्दों पर अधिकारियों को तत्काल सामंजस्य बैठाकर जनता को लाभ दिलाने का निर्देश दिया गया।


**Government of Jharkhand**
**Directorate of Food & Consumer Affairs**
**3rd Floor, JSFC Bhawan, Kadru, Jharkhand Ranchi -834002**

**Reverse e- Auction Notice**

**Tender Ref. No.-Kha.Up.Ni.-24(Chini)-04/2024 - 1698**
**Dated :- 20/12/2024**

**For Supply of Free Flow White Crystal Sugar (Grade-S-30/M-30) (As Per FSSAI Norms) for 4th Quarter (January 2025 to March 2025) of Financial Year 2024-25 through reverse e-auction platform of NCDEX e Markets Limited**

| Bid Details | |
|---|---|
| Name of the Client | Directorate of Food & Consumer Affairs 3rd Floor, JSFC Bhawan, Kadru, Ranchi - 834002 |
| Date of Tender published on website | 21-12-2024 |
| Bidding Document Cost | Rs.10,000/-(Rupees Ten Thousand Only) (Non-Refundable & non-Adjustable) as a Demand Draft in favour of " Director, Directorate of Food and Consumer Affairs, Jharkhand Ranchi " in the office of Directorate of Food and Consumer Affairs, Jharkhand, Ranchi, 3rd Floor, JSFC Bhawan, Kadru, Ranchi – 834002 before last date of submission of bid documents by 05:00 PM. |
| Earnest Money Deposit (EMD) | 2 % (Two percent) of the quoted Bid value/Tender Value. |
| Quantity (In MT) | 2700 MT (Approximately) for three Months |
| NCDEX e Markets Limited (NeML) registration fee | Rs 5000/-only (Non-refundable) +18 % GST i.e. Rs 5900 (as applicable) |
| Availability of tender documents | www.neml.in&http://jharkhand.gov.in/food |
| Last Date of Uploading Document on https://jhtenders.neml.in | 13-01-2025 |
| Date of Reverse e- Auction | Will be published after technical evaluation. |
| Pre-Bid Meeting | 31-12-2024, at 3:00 pm through Google Meet (https://meet.google.com/qwh-eykv-inr) |
| Availability of RFP *documents* | The RFP is available and can be downloaded from http://jharkhand.gov.in/food & www.neml.in. All Subsequent changes to the Bidding document shall be published on the above website. |
| Name and concerned person for Correspondence | Ritesh Kumar-9470396902 |

1. All eligible Individuals or partnership firm, Registered Company or Co-operative society or any legal organization should mandatorily register with NCDEX e Markets Ltd for participation in Reverse Auction Registration Fee Rs. 5,000/- (Five Thousand) + 18% GST i.e. Rs 5900.
2. Any changes/modification in the Tender documents will be posted on website http://jharkhand.gov.in/food & https://www.neml.in
3. The schedule of reverse e- auction to be conducted will be posted on website- *http://jharkhand.gov.in/food.*
4. Any changes/ modification in the Tender documents in the tender documents will be posted on website http://jharkhand. gov.in/food

Sd/-
Director
(Directorate of Food & Consumer Affairs)

PR 342544 Directorate of Food and Consumer Affairs(24-25).D


## क्रिसमस गैदरिंग रेलवे इन्स्टीट्यूट मुरी में धूमधाम से मनाया गया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मुरी** : मुरी रेलवे इन्स्टीट्यूट मुरी में मैरी क्रिसमस को लेकर क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया, आयोजन रेलवे ट्राईबल फैमिली एस ई आर रांची डीवीजन मुरी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि रेलवे स्वास्थ मुरी के डाक्टर जे कच्छप को बैच लगा कर क्रिसमस टोपी पहना कर स्वागत किया गया।। शिबू पाहन, लोको पायलट अरूण कुमार भगत, मैरी क्रिसमस के उपर टुकूर टुकूर मरियम को देखे ला गे गीत को गाया गाया। उसुर्लाइन स्कूल के छात्रों ने प्रभु येशु के जन्म पर नाटक प्रस्तुत किया गया और डान्स प्रस्तुत किया गया। उसुर्लाइन स्कूल के प्रिंसिपल सरिता बोदरा अपने अभिभाषण में उसुलाईन परिवार की ओर से रेलवे भाइयों को धन्यवाद दिया। रेलवे भाइयों को उनकी सेवाओं के लिए क्रिसमस की बधाई दी। उसुर्लाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल के स्टूडेंट्स ने 'क्रिसमस जन्मा है जन्मा ईसु प्रभु आया है देती है हम को खुशी'के गीत पर जोर दार ढंग से डांस किया। सफल बनाने में निरंजन बालदार एवं सहयोगीयो की सराहनीय भूमिका रही।

## सिल्ली पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली** : सिल्ली पुलिस ने शुक्रवार के दिन सिल्ली साहेब बांध से लेकर ग्राम विकास विद्यालय तक पैदल मार्च कर महिला बाल सुधार एवं छेड़खानी के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। जागरूकता अभियान का नेतृत्व सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर कर रहे थे। थाना प्रभारी में लोगों से अपील किया कि कहीं भी स्कूली बच्चियों और महिलाओं के साथ युवकों द्वारा फब्तियां कसते या छेड़खानी करते हुए नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचना दें ताकि पुलिस उन पर अभिलंब सख्ती के साथ कार्रवाई कर सके। विद्यालय के आसपास के सौ मीटर के दायरे में नशीली या मादक पदार्थ का बिक्री नहीं होना चाहिए ताकि विद्यालय पूरी तरह से फ्री जोन बन सके। इसी क्रम में कुछ वाहन चालकों को रोक कर यातायात के नियमों का पालन करने के लिए भी प्रेरित किया गया। अभिभावकों को हिदायत दिया गया की नाबालिक बच्चों को किसी भी स्थिति में मोटरसाइकिल चलाने ना दें।

### महिला टीम ने गोल्ड मेडल पर निशाना साधा



**सिल्ली** : सिल्ली 20 दिसंबर तक चल रही 44 वां एनटीपीसी सीनियर रिकर्व राउण्ड राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के अंतिम एवं चौथा दिन झारखण्ड टीम में ओलंपियन अंकिता भगत, कॉमोलिक बारी और बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी सिल्ली की तमन्ना वर्मा की तिड़की ने मध्य प्रदेश टीम को 5-3 से पराजित कर दिया और स्वर्ण पदक पर पर कब्जा जमाया। वहीं एकेडमी की वर्षा खालको ने भी इन्डियन राउंड में टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता वही जोन्हा की मनीषा कुमारी 30 मी की दूरी में स्वर्ण पदक मिक्स टीम इवेंट में रजत पदक जीता। पदक जीतने पर राँची जिला तीरंदाजी संघ सह बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो एवं अध्यक्ष नेहा महतो सचिव चंचल भट्टाचार्य अंतर्राष्ट्रीय कोच प्रकाश राम शिशिर महतो रोहित कोइरी रोहित भरद्वाज एवं सिल्ली वासी ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी।


**e-Procurement Cell**
**Executive Engineer, National Rural Employment Programme, Ranchi**
**JHARKHAND, RANCHI**

**Very Short Term e-Procurement Notice**
**Tender Reference No.44/2024-25**

| Sl. No | Name of Scheme | Estimated Amount (Lacs) | Earnest Money (Lacs) | BoQ Cost | Scheme Completion Date | Tools & Plant |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Proposed Construction of Scheduled Tribe Residential Middle School at Amanburu, Bundu | 29456900.00 | 600000.00 | 10000.00 | 18 Month | कार्य के अनुरूप |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | Date of Publication of Tender on Website | 21.12.2024 at 11:00 AM |
| 4 | Start Date of Submission of Bids | 21.12.2024 at 1:00 PM |
| 5 | Last Date/Time of Submission of Bids | 28.12.2024 at 11:00 AM |
| 6 | Date/Time of opening of Bid | 30.12.2024 at 2:00 PM |
| 7 | Name & Address of office Inviting tender e-Procurement Cell, | National Rural Employment Programme, Ranchi. |
| 8 | Helpline Number of e-procurement Cell | 94727-45569 |

Any change can be seen on Website http:// Jharkhandtenders.gov.in.
Any other information can be seen on http:// Jharkhandtenders.gov.in.

Nodal Officer
e-Procurement Cell
Executive Engineer, National Rural Employment Programme, Ranchi

PR 342492 NREP(24-25).D


# पिकनिक का मौसम आते ही खिलने लगे हैं खूंटी के ग्रामीणों के चेहरे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी** : झारखंड के खूंटी जिले में पर्यटन स्थलों के आसपास रहने वाले ग्रामीणों के चेहरे खिलने लगे है। नवंबर माह से ही जिले के पेरवांघाघ, पंचघाघ, सप्तधारा, रानी फॉल, पांडूपुड़िंग, चंचला घाघ, बाघलता सहित अन्य पर्यटन स्थलों में सैलानियां की भीड़ जुटने लगती है। भारी संख्या में पर्यटकों के आने से स्थानीय लोगों को अच्छा खासा रोजगार मिल जाता है। पर्यटन स्थलों के आसपास रहनेवाले ग्रामीणों को पिकनिक के इस मौसम का बेसब्री से इंतजार रहता है। पर्यटन समितियों और उनके सदस्यों को नवंबर से फरवरी तक लाखों रुपये की कमाई हो जाती है। नवंबर से लेकर फरवरी महीने तक खूंटी जिले के सभी पर्यटन स्थलों में हर दिन सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक स्थानीय ग्रामीण गुलगुला, चाय-



पकौड़ी, मुरही, चाट मसाला, गोलगप्पे, चिकन, म्टन, होटल, तेल-साबुन, इडली, मड़ुवा रोटी, हस्तशिल्प से लेकर लगभग जरूरत की हर चीज की दुकानें लगाते हैं। पेरवांघाघ जलप्रपात में चने की दुकान लगाने वाली फिलोमिना टोपनो कहती हैं कि धनकटी खत्म होने के बाद हमें चार महीने तक अच्छा रोजगार मिल जाता हे। उन्होंने बताया कि सभी तरह की दुकानें यहां लगती है। अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार लोग दुकानें लगाते हैं। उन्होंने कहा कि पूरा परिवार मिलकर दुकान का संचालन करते हैं। पेरवांघाघ में ही तेल-साबुन और अन्य मनिहारी की दुकान लगाने वाले मरकुस भेंगरा कहते हैं कि पिकनिक के मौसम का उन्हें बेसब्री से इंतजार रहता है। उन्होंने कहा कि खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड कों प्रकृति ने पेरवांघाघ, पांडुपुड़िंग, सप्तधारा, चंचला घाघ, सिड़िंग सहित गई पर्यटन स्थल उपहार के रूप में दिये हैं। इस क्षेत्र में रोजगार के अच्छे अवसर हैं, लेकिन प्रखासन इन पर्यटन स्थलों के विकास पर ध्यान नहीं दे रही है। तपकारा निवासी प्रदीप केसरी कहते हैं कि तोरपा और रनिया प्रखंड के पर्यटन स्थलों में सुविधा के अभाव में लोग कम आते है। उन्होंने कहा कि किसी भी पिकनिक स्पॉट में जाने के लिए अच्छी पड़क तक नहीं है। यदि आवागमन की सुविधा हो तो सालों भर सैलानी यहां आयेंगे और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। तोरपा प्रखंड के प्रमुख पर्यटन स्थल पेरवांघाघ, पांडुपुड़िंग तथा चंचलाघाघ में पर्यटक पहुंचने लगे है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में सैलानी यहां पहुंच रहे हैं। रविवार सहित अन्य छुट्टी के दिनों में सैलानियों की संख्या ज्यादा रहती है। फटका पंचायत में स्थित पेरवांघाघ प्रखंड का प्रमुख पर्यटन स्थल है। यहां के जलप्रपात की सुंदरता देखते ही बनती है। हरे-भरे जंगलों के बीच कारो नदी पर स्थित यह स्थल प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है। इस जलप्रपात के पास बोटिंग की व्यवस्था पर्यटक मित्रों द्वारा की जाती है। देसी तकनीक से लकड़ी का बोट बनाया जाता है, जिसमें बैठक सैलानी बोटिंग के रोमांच का लुत्फ़ उठाते हैं। जलप्रपात को देखने के लिऐ नदी की दूसरी तरफ जाने के लिए लकड़ी का अस्थाई पुल भी पर्यटक मित्रों द्वारा बनाया जाता है। पेरवांघाघ में थमोकोल का प्रयोग प्रतिबंधित है। इसकी जगह पर पत्ते से बने दोना पत्तल का प्रयोग सैलानी कर सकते हैं। दोना पत्तल की बिक्री पेरवां घाघ में की जाती है। गंदगी रोकने के लिए पर्यटक समितियों द्वारा कई कदम उठाये जाते हैं। पेरवांघाघ के पर्यटन मित्र इंद्र सिंह ने बताया कि पेरवां घाघ में गंदगी रोकने के लिए पर्यटन मित्र इस बार पर्यटकों को गारबेज बैग निःशुल्क देंगे।


**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

**e-Procurement Cell**
**Very Short e-Procurement Notice**

Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 58 /2024-25 Date:-19-12-2024

| Sl. No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation work of Cafeteria of Krishi paryatan Kandra at Dmotand , Hazaribag | 2342500/- | 47000/- | 5000/- | 03 Month |
| 2 | Renovation work of Toilet Block -A of Bhoomi Sanrakshan Anusandhan & Prshikshan Kendra at Dmotand , Hazaribag | 874000/- | 18000/- | 1250/- | 02 Month |
| 3 | Renovation work of Toilet Block -B of Bh oomi Sanrakshan Anusandhan & Prshikshan Kendra at Dmotand , Hazaribag | 677800/- | 14000/- | 1250/- | 02 Month |


| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 23-12-2024 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 30-12-2024 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR 342497 Building(24-25)#D

# दुनिया में मानवाधिकारों का हनन? ज्वलंत प्रश्न



विजय कुमार जैन

**भारतीय संविधान में सुप्रसिद्ध कानून विद डॉं भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में संविधान निमार्ताओं ने आम नागरिक के मानवाधिकारों का हनन न हो इसकी समुचित व्यवस्था की है। दुनिया के अनेक देशों में आम आदमी के मानवाधिकारों की रक्षा हेतु एक नहीं अनेक प्रयास किये हैं।**

भारत के संविधान में संविधान निमार्ताओं ने आम नागरिक के अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी उल्लेख किया है। इन्हें संविधान में नीति निदेशक तत्व कहा है। नीति निदेशक तत्वों में विश्व बंदनीय अहिंसा के अवतार भगवान महावीर के पावन संदेश जियो और जीने दो के साथ विश्व शांति प्राणी मात्र के कल्याण की भावना समाहित की गई है। इसी प्रकार मौलिक अधिकारों में आम आदमी के सर्वांगीण विकास की कानूनी व्यवस्था की गई है।

भारतीय संविधान में सुप्रसिद्ध कानून विद डॉं भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में संविधान निमार्ताओं ने आम नागरिक के मानवाधिकारों का हनन न हो इसकी समुचित व्यवस्था की है। दुनिया के अनेक देशों में आम आदमी के मानवाधिकारों की रक्षा हेतु एक नहीं अनेक प्रयास किये हैं। मानवाधिकारों की रक्षा हेतु सर्वप्रथम ब्रिटेन में सन 1215 में महान घोषणा पत्र प्रकाशित हुआ। इस घोषणा पत्र में उल्लेख किया है किसी नागरिक को उस समय तक बंदी न बनाया जाये और न ही निर्वासित किया जाये, जब तक उसका अपराध सिद्ध न हो जाये। ब्रिटेन में ही सन 1679 में बंदी प्रत्यक्षीकरण अधिनियम पारित किया गया। जिसमें व्यवस्था की गई कि बिना अभियोग चलाये किसी भी व्यक्ति को नजरबंद नहीं रखा जा सकता। ब्रिटेन में ही सन 1689 में अधिकार पत्र पारित कराया इसमें अन्य बातों के अलावा यह व्यवस्था थी कि संसद में जनता के प्रतिनिधियों को भाषण की स्वतंत्रता होगी। दुनिया में मानवाधिकारों की रक्षा पर अटलांटिक चार्टर सन 1941 एवं संयुक्त राष्ट्र संघ घोषणा 1942 से बल मिला। संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर में मूलभूत मानवीय अधिकारों में गौरव तथा मूल्यों में, स्त्री व पुरुषों के समान अधिकारों को पुनः स्वीकार किया गया।

कुछ आवश्यक संशोधनों के साथ 10 दिसंबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने सर्वसम्मति से पारित किया। इस मानवाधिकार घोषणा पत्र में प्रस्तावना सहित 30 अनुच्छेद हैं। इसके बाद 1993 में वियना में मानवाधिकारों को बढ़ावा देने के लिये सम्मेलन हुआ। जिसमें 171 देशों ने सहयोग करने का आश्वासन दिया। जिसका अनुमोदन दिसंबर 1993 में संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा में किया। वियना घोषणा में उल्लेख किया बड़े पैमाने वाले मानवाधिकारों के हनन, विशेष कर जनसंहार, जातीय विद्वेष और बलात्कार,




आत्मनिर्णय, वर्तमान और भविष्य की पर्यावरण संबंधी जरूरतों,परेशानी में रह रहे लोगों,विशेष रूप से अप्रवासी श्रमिकों, विकलांग व्यक्तियों और शरणार्थियों के साथ महिलाओं और बालिकाओं के मानवाधिकारों पर बल दिया गया।यहाँ यह विचारणीय प्रश्न है यद्यपि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकारों की हर स्तर पर रक्षा करने का संकल्प लिया गया है। दुनिया का हर देश भी चाहता है उसके नागरिकों के मानवाधिकारों का हनन न हो। परन्तु सरकारें यह जानते हुए कि उनकी रक्षा करना चाहिए, व्यवहारिक रूप देने में असफल हैं। भारत में हम आम नागरिकों की स्थिति को देखें तो आजादी के 75 वर्ष बाद भी दयनीय स्थिति है।

ग्रामीण अंचल में आज भी छुआछूत नहीं मिटा है। दलितों को गाँव के कुए से पानी नहीं भरने दिया जाता है। गाँव के जमींदार ठाकुर साहब या मुखिया के मकान के आगे से भी दलितों हरिजनों को जूते चप्पल पहनकर निकलने की अनुमति नहीं है। ग्रामीण अंचल में दलितों को अपने बेटे की बारात दूल्हे को घोड़े पर बैठाकर निकालने की अनुमति नहीं है। कोई हरिजन दलित इन पुराने दकियानूसी नियमों को तोड़ने का दुस्साहस करता भी है तो उस पर अनेक अत्याचार होते हैं। गोली चल जाती है मकान खेत में आग लगा दी जाती है। गाँव से ही निकाल दिया जाता है।हमारे देश भारत में ही करोड़ों बच्चे भीख मांगते देखे जाते हैं। 10 से 15 वर्ष के बच्चे देश में लाखों करोड़ों की संख्या में रेल स्टेशनों के आसपास प्लास्टिक की थैली एवं प्लास्टिक की पानी की खाली बोतल एकत्रित करते दिख जायेंगे। गरीब के बच्चे पढ़ते भी हैं तो उन्हें कक्षा 5 में जोड़ना घटाना नहीं आता है। उन्हें 10 तक पहाड़ा नहीं सिखाया जाता है। इन सब विसंगतियों के बावजूद उन्हें कक्षा 5 तक अनिवार्य रूप से उत्तीर्ण कर दिया जाता है। भारत में बाल मजदूरी पर प्रतिबंध के बावजूद करोड़ों 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे बाल मजदूरी कर रहे हैं, उन्हें पर्याप्त मजदूरी नहीं मिल रही है। रहने, जीवन यापन करने, रोटी कपड़ा मकान की सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।सरकार स्वयं संविदा में कर्मचारियों की नियुक्तियां करती है। इनमें कुछ नियुक्तियाँ तदर्थ करती है। क्या इन्हें समान कार्य के लिये समान वेतन,अवकाश, पेंशन आदि की सुविधा मिलती है?

कोरोना महामारी के भारी प्रकोप के कारण देश व्यापी लॉकडाउन24 मार्च 2020 को 21 दिन का लगाया। हजारों उद्योग एवं फेक्ट्री बंद हो जाने से लाखों मजदूर भुखमरी के शिकार हो गये। उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखंड, विहार के मूल निवासी मजदूरों का पलायन हुआ। अपने अपने प्रदेश सुरक्षित पहुचने की आशा से उन मजदूरों ने रेल एवं बस की सुविधा नहीं मिलने पर पैदल यात्रा सैकड़ों एवं हजारों किमी की सड़क मार्ग से की। भूखे प्यासे मजदूरों की सहायता स्वयं सेवी संस्थाओं ने उदारता से की। इन असहाय दुखी मजदूरों की सहायता करने सरकार ने मानवीयता का परिचय नहीं दिया। मानवाधिकारों के हनन का इससे बड़ा उदाहरण मिलना असंभव प्रतीत होता है।


भारत में सबसे ज्यादा शोषण बाल मजदूरी के नाम पर नौनिहालों का हो रहा है।बाल मजदूरी के नाम पर एक घटना का उल्लेख कर रहा हूँ, इस घटना से मैं स्वयं वहुत दुखी हुआ हूँ। बाल मजदूरी, बाल शोषण के विरुद्ध जीवन भर संघर्ष करने बाले भारत माता के महान सपूत श्री कैलाश सत्यार्थी जी को सन 2015 में नोवल शांति पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। उनको यह सम्मान मिला तो दुनिया में हम भारतवासियों का सिर गर्व से ऊंचा हुआ। नोवल शांति सम्मान मिलने पर श्री सत्यार्थी जी 6 जनवरी 2016 को गुना पधारे। गुना में उनकी भव्य शोभायात्रा निकली। शोभायात्रा में घोड़ा चल रहा था, उस घोड़े की रस्सी हाथ में लेकर 10 वर्ष का बाल मजदूर चल रहा था। श्री सत्यार्थी जी को भी पता नहीं था, जिस बाल मजदूरी, बाल शोषण के विरुद्ध जीवन भर संघर्ष करते रहे हैं, गुना बालों ने उन्हें दिखा दिया कि आप संघर्ष करते रहें बाल मजदूरी दुनिया से समाप्त नहीं हो सकती। सारी दुनिया मानवाधिकारों की रक्षा के लिये कानून बना रही है इन कानूनों का पालन नहीं हो रहा है। मानवाधिकारों की रक्षा के लिये सरकारों के साथ साथ आम आदमी की दूषित मानसिकता में परिवर्तन आवश्यक है।

(लेखक वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार एवं भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष है)

## संपादकीय

# हे राम!

'आखिर यह हो क्या रहा है? जो कुछ हो रहा है क्या वह सचमुच दुनिया के विशालतम लोकतंत्र की संसद में ही हो रहा है? गली-मोहल्ले में खेल-खेल में लड़-भीड़ जाने वाले, तू-तू-मैं-मैं पर उतर जाने वाले, एक-दूसरे के साथ धक्का-मुक्की करने और पहले तूने गाली दी, तूने धक्का दिया, तूने बेईमानी की, तूने झूठ बोला जैसे गली छाप वार्तालाप में लिप्त हो जाने वाले निठल्ले, आवारा लड़कों की याद दिला रही है संसद। संसदीय व्यवहार इतना उथला, अभद्र और अशोभनीय हो चला है कि इस पर कोई गंभीर या विचारपरक टिप्पणी करना भी कठिन होता जा रहा है। आखिर गृह मंत्री अमित शाह ने ऐसा क्या कह दिया था कि आसमान गिरता हुआ लगे या धरती फटती हुई दिखे। अमित शाह ने



यही तो कहा था कि आप हर समय अंबेडकर-अंबेडकर करते रहते हैं। अगर इतनी रटन भगवान को लेकर की गई होती तो स्वर्ग मिल जाता। अब इसमें कांग्रेस ने अंबेडकर का अपमान देख लिया। कैसे देख लिया, कहां से देख लिया यह कांग्रेस अभी तक नहीं बता पाई है, लेकिन कांग्रेस की देखा-देखी विपक्षी इंडिया गठबंधन के हर घटक ने इस कथित अपमान को लपक लिया और अब इनमें से कोई अमित शाह का इस्तीफा मांग रहा है तो कोई मोदी से अमित शाह को बर्खास्त करने की गुहार लगा रहा है तो कोई भाजपा के कथित अंबेडकर के अपमान पर आंदोलन चलाने पर उतर आया है। उधर भाजपा ने कांग्रेस और अंबेडकर के रिश्ते का इतिहास उड़ेल कर रख दिया है जो बताता है कि अंबेडकर की उपेक्षा, अवहेलना या अपमान अगर सबसे ज्यादा किसी ने किया है तो कांग्रेस ने किया है। शायद कांग्रेस को यह अच्छा नहीं लगा कि अंबेडकर के साथ भगवान को रखा जाए। उसे स्पष्ट कहना चाहिए था कि अंबेडकर के साथ भगवान को बिठाना अंबेडकर का अपमान है क्योंकि वह अंबेडकर को ही अपना भगवान मानने लगी है। शायद अमित शाह से भी चूक हो गई। उन्हें भी समझना चाहिए कि विपक्षी दलों को भगवान का नाम लेने से मोक्ष प्राप्त नहीं होगा बल्कि अंबेडकर के नाम की माला जपने से दलित सधेंगे, उसके पक्ष में वोट करेंगे और अंततः सत्ता रूपी स्वर्ग तक पहुंचाएंगे। इस समय भगवान नहीं बल्कि अंबेडकर ही जपने के लिए भगवान हैं; भले भीतर कितना भी कपट क्यों न भरा हो। अंत में प्रार्थना ही की जा सकती है कि हे भगवान इन्हें सद्बुद्धि दें?

## चिंतन-मनन

# कठिन काम

एक लड़का महात्मा के पास पहुंचा। लड़का बड़ा शैतान था, उसको देखते ही महात्मा ने भांप लिया। इसलिए मनोवैज्ञानिक ढंग से प्रतिबोध देने के लिए महात्मा बोले- बच्चे! तुम तो बड़े तेज दिखाई देते हो। वह अपनी प्रशंसा सुनकर खुश हुआ और कहने लगा - स्कूल में सब लड़के मुझसे डरते हैं। महात्मा- अच्छा, तुम सरल काम करना चाहते हो या कठिन? लड़का- मैं कठिन से कठिन काम करना चाहता हूं। महात्मा- तुम्हें कोई गाली दे तो तुम क्या करोगे? लड़का- मुझे कोई एक गाली देगा तो उसको दस गाली सुनाऊंगा।

महात्मा- ऐसा करना सरल है या कठिन? लड़का- महात्माजी! यह तो मैं बड़ी आसानी से कर लेता हूं। महात्मा- तुम तो तेज लड़के हो, ?सा सरल काम क्यों करते हो? लड़का कुछ सकुचाता हुआ बोला- अच्छा, आज से मैं कठिन काम करूंगा। महात्मा- गाली सहना बहुत कठिन है। गाली सुनकर गाली देने वाले बहुत मिलेंगे, पर उस समय खामोश रहने वाले विरले ही होते हैं। लड़का- महात्मा जी! जैसा आपने कहा है, मैं वैसा ही कठिन काम करूंगा। लड़का महात्माजी को वचन देकर आगे चला तो उसे एक दोस्त मिला। उसने एक कंकर उस पर फेंका। वह बालक तिलमिला गया। इतने में उसे महात्मा के शब्द याद आ गए। वह शांत खड़ा रहा। सामने वाला बच्चा यह देखकर दंग रह गया। वह बोला- भैया! मैंने अच्छा नहीं किया, क्षमा करना। ऐसा सुनकर उसने संकल्प कर लिया कि जीवन की स्वस्थता के लिए वह ?से ही काम करेगा।

# ध्यान से कर रहे हैं संपूर्ण विश्व का रूपांतरण : गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

एक शांत व्यक्ति शांत समाज बनाता है। इस गहरे दृष्टिकोण के साथ, गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर ने ध्यान और श्वास प्रक्रियाओं के माध्यम से एक वैश्विक परिवर्तन की शुरूआत की है। उनका उद्देश्य सरल और फिर भी विशाल हैः हर चेहरे पर मुस्कान लाना और एक तनावमुक्त, हिंसा-मुक्त विश्व का निर्माण करना।

ध्यान, जो एक प्राचीन अभ्यास है, भारत की आध्यात्मिक धरोहर का अहम हिस्सा है। यह लंबे समय से हिमालय में साधुओं और काशी जैसे पवित्र शहरों से ही जुड़ा हुआ था, लेकिन गुरुदेव ने इस प्राचीन ज्ञान की धरोहर को पुनः जीवित किया, जिससे यह तनाव, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं और आधुनिक जीवन की जटिलताओं से जूझ रहे आम जनमानस के लिए अधिक सुलभ और उपयोगी हो गया है।

### ध्यानः छोड़ने की कला

गुरुदेव कहते हैं, उत्तेजना रहित मन ध्यान है, जो मन वर्तमान क्षण में है, वह ध्यान है, और जो मन किसी पूवार्नुमान से मुक्त है, वह ध्यान है। उनके ध्यान के दृष्टिकोण को एक गूढ़ अभ्यास के रूप में नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला के रूप में देखा जाता है।

गुरुदेव ध्यान के बारे में एक मिथक को तोड़ते हुए कहते हैं, ध्यान एकाग्रता नहीं है; यह वास्तव में मन को ढीला छोड़ देने की प्रक्रिया है। यह छोड़ने की कला है। जब मन अपनी स्वाभाविक लय में समाहित हो जाता है, तो स्पष्टता और गहरी शांति का उदय होता है।

ध्यान केवल विश्राम की तकनीक से कहीं अधिक है–यह वर्तमान क्षण में जीने की कला है और एक सजग व शांत मन की अवस्था प्राप्त करने का तरीका है। यह लोगों को शांत रहने और ध्यान के साथ चुनौतियों का सामना करने, साथ ही अपनी अंतर्निहित क्षमता को उजागर करने में सक्षम बनाता है। ध्यान का उद्देश्य आंतरिक शांति और बाहरी गतिशीलता दोनों है।

### परिवर्तन की कहानियां : आंतरिक शक्ति, बाहरी बदलाव

गुरुदेव के दृष्टिकोण का प्रभाव अनगिनत लोगों के जीवन में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। एक किसान सुधीर चापटे, जो बढ़ते कर्ज के कारण आत्महत्या करने का सोच रहे थे, आज आर्ट ऑफ लिविंग के प्राकृतिक कृषि कार्यक्रम में भाग लेने के बाद अपनी फसल में मुनाफा कमाने में सक्षम हुए हैं। आज, वह केवल खाद्य उत्पादन नहीं कर रहे, बल्कि एक बेहतर भविष्य की आशा के बीज भी बो रहे हैं।

इसके अलावा, कर्नाटक की पहली महिला मेट्रो ड्राइवर प्रियंका, जो आर्ट ऑफ लिविंग के फ्री स्कूलों की छात्रा हैं, बताती हैं, मेरे गांव के लोग मुझ पर गर्व करते हैं क्योंकि वे अब शिक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं। उनकी यात्रा से प्रेरित होकर, उनके गांव के 14 बच्चों ने उसी स्कूल में प्रवेश लिया। ध्यान से बदलाव की यह लहर केवल कुछ लोगों तक सीमित नहीं है; बल्कि भारत के कोने-कोने में देखी जा सकती है। आर्ट ऑफ लिविंग के युवा नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम के एक और प्रतिभागी नाथाकदम, पूरे उत्साह से अपने सूखा प्रभावित गांव में लौटे और वहां की नदियों को पुनर्जीवित किया, बंजर भूमि को फिर से जीवन प्रदान किया और वहां के समुदायों को एकजुट किया। गुरुदेव के मार्गदर्शन में आठ राज्यों में 70 नदियाँ और जलधाराएँ पुनर्जीवित की गईं, जिससे 3.45 करोड़ लोगों को लाभ हुआ और 20,000 गांवों में बदलाव आया।

### वैश्विक शांति के लिए ध्यान

ध्यान की शक्ति केवल व्यक्तियों तक सीमित नहीं रही है–इसने देशीय विभाजन को समाप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और संघर्षरत देशों को एकजुट किया है। कोलंबिया में, जहां पांच दशकों से सशस्त्र संघर्ष हो रहे थे, गुरुदेव की मध्यस्थता, उनके संवाद और ध्यान के माध्यम से वर्षों के विवाद को समाप्त किया गया, जिससे एफएआरसी ने युद्धविराम की घोषणा की और लोकतंत्र को अपनाया।

इराक, सीरिया और श्रीलंका जैसे युद्ध प्रभावित क्षेत्रों में, ध्यान ने 1.5 लाख युद्ध प्रभावित लोगों को सांत्वना दी है। शरणार्थियों और आघात के शिकार लोगों ने श्वास तकनीकों के माध्यम से जीने की एक नई आशा और उपचार प्राप्त किया।

गुरुदेव ने 500 साल पुराने बाबरी मस्जिद-राम मंदिर विवाद में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विभिन्न समुदायों के बीच संवाद और समझ को बढ़ावा देने के उनके दृष्टिकोण ने यह दिखाया कि सबसे विभाजनकारी परिस्थितियों में भी ध्यान कैसे स्पष्टता, करुणा और दृढ़ता उत्पन्न करता है। गुरुदेव का कहना है कि ध्यान केवल मन को ही शांत नहीं करता, बल्कि यह एक विशाल दृष्टिकोण देता है, जिससे क्षेत्र के नेताओं और समुदायों को पुराने मतभेदों को पार करने और स्थायी शांति की ओर काम करने का सामर्थ्य मिलता है।

### कॉर्पोरेट, सरकारों और जेलों का सशक्तिकरण

ध्यान अब कॉर्पोरेट बोर्डरूम और सरकारी हॉल में भी अपनी जगह बना चुका है। गूगल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनियाँ गुरुदेव के कार्यक्रमों को अपनाकर अपने कर्मचारियों की उत्पादकता में वृद्धि और मानसिक कल्याण को बढ़ावा दे रही हैं। जापान की संसद ने हाल ही में गुरुदेव की शिक्षाओं से प्रेरित होकर एक योग क्लब की शुरूआत की।

जेलों में, ध्यान ने हजारों कैदियों को बेहतर जीवन का एक दूसरा अवसर प्रदान किया है। "प्रिजन स्मार्ट" कार्यक्रम के माध्यम से 60 देशों में 800,000 से अधिक कैदियों ने हिंसा के चक्र से बाहर निकलने और अपनी मानवीयता को फिर से जागृत करने का अनुभव किया।

### दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवक-आधारित आंदोलन

गुरुदेव के नेतृत्व में, आर्ट ऑफ लिविंग संस्था ने 180 देशों में 8 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को प्रभावित किया है और आज यह दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवक-आधारित संगठन बन चुका है। चाहे वह आघात-राहत कार्यक्रम हों, युवा नेतृत्व पहल हो या फिर पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन, गुरुदेव का दृष्टिकोण मात्र कोई आदर्श सिद्धांत नहीं है–यह हर दिन साकार हो रही एक वास्तविकता है। जैसा कि गुरुदेव कहते हैं, जब आप ध्यान करते हैं, तो आप सिर्फ अपनी सहायता नहीं कर रहे होते, बल्कि आप पूरी दुनिया का उत्थान कर रहे होते हैं।

ध्यान के माध्यम से, गुरुदेव न केवल आंतरिक शांति को बढ़ावा दे रहे हैं बल्कि वैश्विक परिवर्तन की प्रेरणा भी दे रहे हैं।

### विश्व ध्यान दिवस पर विश्व के सबसे बड़े ध्यान कार्यक्रम से जुड़ें

1981 में आर्ट ऑफ लिविंग संगठन की स्थापना करने से लेकर ध्यान को हर व्यक्ति तक पहुँचाने तक, गुरुदेव 43 वर्षों से ध्यान कार्यक्रमों का नेतृत्व कर रहे हैं। 2005 में, भारत में आर्ट ऑफ लिविंग के सिल्वर जुबली उत्सव के दौरान बेंगलुरु में 150 से अधिक देशों से 25 लाख लोग गुरुदेव के साथ ध्यान करने के लिए एकत्रित हुए थे। उसके बाद से गुरुदेव की यात्रा में कई मील के पत्थर आएः 2012 में अर्जेंटीना में 1,50,000 लोग गुरुदेव के साथ ध्यान करने के लिए एकत्रित हुए। अगले वर्ष, गुरुदेव ने 'आई मेडिटेट अफ्रीका' पहल शुरू की, जिसमें 30 से अधिक अफ्रीकी शहरों ने भाग लिया और उनके स्कूलों, जेलों और यहां तक कि सरकारी दफ्तरों में ध्यान का प्रसारण हुआ। 2016 में विश्व सांस्कृतिक महोत्सव में 37.5 लाख लोग 100 से अधिक देशों से दुनिया के सबसे बड़े मंच पर ध्यान करने के लिए एकत्रित हुए। उसी वर्ष, गुरुदेव ने यूके के प्रतिष्ठित रॉयल अल्बर्ट हॉल में भी ध्यान सत्र का नेतृत्व किया और यूरोपीय संसद में ₹ध्यान से मध्यस्थता तक₹ पर सत्र में भी हिस्सा लिया। पिछले वर्ष गुरुदेव ने वाशिंगटन, डीसी में चौथे विश्व सांस्कृतिक महोत्सव में 10 लाख से अधिक लोगों को ध्यान कराया, जिससे उनका स्थान शांति और सामंजस्य के वैश्विक प्रतीक के रूप में और अधिक मजबूत हुआ।

2015 में संयुक्त राष्ट्र में पहले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरूआत करने के बाद, गुरुदेव एक बार फिर 21 दिसंबर को पहले विश्व ध्यान दिवस पर पूरी दुनिया को ध्यान के माध्यम से एकजुट करेंगे। इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनें और वैश्विक ध्यान कार्यक्रम में भाग लें, जो 21 दिसंबर को रात 8:00 बजे IST पर प्रसारित होगा।

# अश्विन का संन्यासः हैरान कर गया संन्यास का फैसला



मनोज चतुर्वेदी

भारत के करिश्माई स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बीच ऑस्ट्रेलियाई दौरे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। पिछले कुछ समय से घुटने की तकलीफ की वजह से अश्विन के संन्यास लेने की चर्चाएं चल रहीं थीं, पर बीच दौरे में संन्यास लेने की घोषणा करना थोड़ा हैरान करने वाला है। वह भी तब अगले दो टेस्ट मेलबर्न और सिड़नी में खेले जाने हैं, यहां दो स्पिनरों को खिलाया जा सकता है। इससे ऐसा लगता है कि सीरीज के पहले टेस्ट में पहली बार उनकी मौजूदगी में वाशिंगटन सुंदर के रूप में किसी दूसरे ऑफ स्पिनर को खिलाया गया, उससे शायद उन्हें यह भरोसा नहीं रहा था कि दो स्पिनर खिलाए जाने पर भी उनका खेलना पक्का भी है।

अश्विन गाबा पर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट के ड्रा होने से पहले ड्रेसिंग रूम में विराट से बात करते हुए भावुक नजर आए। विराट उनके कंधे पर हाथ रखे हुए थे और अश्विन के आंसू पोंछ रहे थे। इसके बाद संवाददाता सम्मेलन में रोहित शर्मा के साथ अश्विन के आने से यह साफ हो गया कि कुछ खास है। संवाददाता सम्मेलन में अश्विन ने कहा, मैं आपका ज्यादा समय नहीं लूंगा। आज मेरा भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य के रूप में आखिरी दिन है। मुझे लगता है कि क्रिकेटर के तौर पर मेरे अंदर कुछ पंच बाकी है, इसे मैं क्लब स्तर की क्रिकेट में दिखाना चाहूंगा। इससे ऐसा लगता है कि वह पहले टेस्ट में नहीं खिलाए जाने और दूसरे टेस्ट में अच्छा खेलने के बाद तीसरे टेस्ट में नहीं खिलाने से उन्हें लगने लगा कि टीम को अब उनकी जरूरत नहीं रह गई है। लगता है कि इस सोच ने ही उन्हें बीच सीरीज संन्यास लेने के लिए प्रेरित किया। यह सही है कि वह पिछले कुछ समय से अपनी घुटने की तकलीफ को लेकर परेशान थे और वह संन्यास के बारे में सोचने लगे थे। पर न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज हारने और स्तरीय गेंदबाजी नहीं कर पाने के बाद ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने से पहले उनके मन में दोहरी सोच चल रही थी। पर एक बार दौरे पर जाने का फैसला कर लिया तो यह माना जा रहा था कि इस सीरीज को खेलेंगे ही। पर ब्रिस्वेन टेस्ट में नहीं खिलाने से वह शायद टूट गए और संन्यास का फैसला कर लिया। अश्विन की ही तरह एक अन्य महान स्पिनर हरभजन सिंह का कहना है कि मैंने जब संन्यास लिया था, तब टीम से बाहर था, टीम के अंदर रहते संन्यास लेना बेहद मुश्किल फैसला है। मुझे लगता है कि भारत को अब घर में सीरीज अक्टूबर में खेलनी है। उससे पहले इंग्लैंड का दौरे करके पांच टेस्ट खेलने हैं। अश्विन बीच सीरीज में संन्यास लेने की वजह से अनिल कुंबले और महेंद्र सिंह धोनी की जमात में शामिल हो गए हैं। धोनी ने 2014 के ऑस्ट्रेलियाई दौरे के बीच से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। धोनी के संन्यास लेने पर विराट कोहली कप्तान बने। वहीं कुंबले ने इंग्लैंड के खिलाफ 2008 की घरेलू सीरीज के बीच में संन्यास की घोषणा कर दी थी। अश्विन के नाम गेंदबाजी में ढेरों रिकॉर्ड. हैं और वह अनिल कुंबले के 619 विकेट के बाद देश के लिए दूसरे सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनके नाम 106 टेस्ट में 537 विकेट हैं और वह विकेट लेने के मामले में मुरलीधरन (800), शेन वार्न (708), जेम्स एंड्रसन (704), अनिल कुंबले (619), स्टुअर्ट ब्रॉड (604) और ग्लेन मैकग्रा (563) के बाद सातवें नंबर पर हैं। बल्लेबाजी में उन्होंने 106 टेस्ट में छह शतकों और 14 अर्धशतकों से 3503 रन बनाए हैं। इस कद वाले खिलाड़ी का विदाई टेस्ट के साथ कॅरियर समाप्त होता तो कहीं बेहतर होता। भारत को अश्विन जैसे जादुई स्पिनर मिलने की कहानी कम दिलचस्प नहीं है। अश्विन ने एक बल्लेबाज के तौर पर अपने कॅरियर की शुरूआत की थी। इस दौरान वह कभीझ्रकभी पेस गेंदबाजी भी किया करते थे। वह 14 साल की उम्र तक एक ओपनर के तौर पर खेला करते थेझ्र लेकिन एक मैच में चोट लग जाने पर उन्हें करीब आठ माह तक क्रिकेट से अलग रहना पड़ा। वह ठीक होकर लौटे तो टीम में उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी ने ले ली थी। इससे अश्विन काफी निराश हो गए थे, लेकिन मां कहने पर उन्होंने स्पिनर बनने का फैसला किया।

उनके बचपन के कोच सीके विजय ने ऑफ स्पिन गेंदबाजी करने की सलाह दी। कोच की इस सलाह ने




क्रिकेट जगत को अश्विन जैसा गेंदबाज देखने को मिला। अश्विन ने 2005 में चेन्नई स्थित एसएसएन इंजीनियरिंग कालेज में दाखिला ले लिया। पर अगले ही साल उनका तमिलनाडु. रणजी टीम में चयन हो गया। यह वह दौर था, जब क्रिकेट और पढ़ाई में सामंजस्य बनाना बेहद मुश्किल था। अश्विन क्रिकेट में कॅरियर बनाना चाहते थे, इसलिए इंजीनियरिंग की पढ़ाई छोड़ने का विचार बना ही रहे थे कि चोट लग जाने की वजह से क्रिकेट से दूर रहने के कारण वह इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने में सफल हो गए। अश्विन ने ऑफ स्पिन गेंदबाजी को जिस मुकाम पर पहुंचाया है, उसकी जगह लेने वाला दूसरा ढूंढना आसान नहीं है।

## एक नजर

### पेड़ काटने से मना करने पर मुखिया को जान से मारने की धमकी

**राजमहल** : थाना क्षेत्र के समसपुर पंचायत के मानसिंहा गांव में सड़क के किनारे लगे पेड़ काटने से मना करने पर मुखिया सुमरी मालतो को गांव के ही 1.मोजीबुर शेख 2.खिदीर शेख 3.अकलाउर शेख 4.तौकीर शेख, सभी का साकिन मानसिंहा, समसपुर, थाना राजमहल, जिला साहिबगंज के रहने वाले ने धक्का मुक्की और जाती सूचक गाली-गलौज करते हुए अंजाम भुगतने का धमकी दिया और कहा कि हम लोग पेड़ काट रहे हैं रोकेगी तो तुम्हारा भी गला काट कर फेंक देंगे। इसीलिए मैं भयभीत हूं और मैं पंचायत का मुखिया होने के नाते रोजाना मेरा प्रखंड मुख्यालय जिला मुख्यालय लगभग आना-जाना लगा हुआ रहता है युक्त लोग काफी दबंग प्रवृत्ति के हैं मेरे साथ किसी भी समय अप्रिय घटना घट सकती है वहीं मुखिया ने राजमहल थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर सभी लोगों का खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए न्याय की गौहर लगाई है।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय पटमदा ने मनाया हीरक जयंती, विधायक ने उत्सव किया उद्घाटन

**पटमदा** : उत्क्रमित मध्य विद्यालय पटमदा की स्थापना 1924 में हुई थी। जिसके एक सौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से हीरक जयंती उत्सव मनाया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार के तरफ से कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।वही अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते हुए दो सेवानिवृत शिक्षकों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू ने संबोधन में कहा कि विधायक मंगल कालिंदी के निर्देश पर इस कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी शिक्षा के साथ अन्य क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण युवक सरकारी स्कूल में पढ़कर भी उज्वल भविष्य गढ़ सकते है। विद्यालय के समस्या समाधान के लिए हर संभव प्रयास विधायक से मिलकर करने का काम करूंगा। पटमदा पंचायत में ही केजी से इंटर तक ही पढ़ाई हो रही हैं। उन्होंने जमींदाता का शिक्षा के बढ़ावा के लिए दान दी रैयती जमीन की सराहना की। पटमदा सीओ डॉ राजेंद्र कुमार दास ने कहा कि मानव शिक्षा के बिना पशु के समान हैं,शिक्षा की महत्व को जानकर अमल करने की जरूरत है। सरकारी स्कूल निजी विद्यालयों के बराबर प्रदर्शन कर रहे,अभिभावकों को जागरूक होने की जरूरत है।

### पानुलाल महतो की 13वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**बोकारो** : चास प्रखण्ड बिजुलिया बिनोद हटिया मैदान में शुक्रवार को का० पानुलाल महतो का 13 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। स्व० महतो के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। कहा का० पानुलाल महतो झारखंड अलग राज्य के आंदोलन कारी थे। स्व सांसद स्व ए के राय के करीबी थे। मौके पर माससजिला सचिव दिलीप तिवारी, दिलीप ओझा,समाजसेवी मंतोष रजक, चंदनकियारी विधानसभा पुर्व प्रत्याशी जगन्नाथ राजवार, अर्जुन राजवार, मासस भीम रजक, रामविलास महतो जितेंद्र महतो विकास चौबे लालमोहन रजवार साधु महतो सुरेश महतो विजय पदम महतो पशुपति महतो रजनीकांत महतो मुरारी राजूवार भावेश रजवार श्रीपाद बावरी मोहन महतो शंकर बड़ी रमेश रजवार नगरम रजवार मोहन महतो अशोक महतो बिट्टू रजवार सोना देवी नारायण चौबे सुधीर राय सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# अज्ञात युवक के शव मामले का हुआ खुलासा हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार, भेजा जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज/बरहेट** : शुक्रवार के अपराह्न बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नितिन खंडेलवाल ने बरहेट थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सहराज घुटू बहियार से बीते मंगलवार को बरामद अज्ञात युवक के शव मामले का उद्भेदन करने की जानकारी देते हुए बताया कि बीते मंगलवार को बरहेट थाना पुलिस ने सराजघुटू बहियार में एक अज्ञात युवक का शव होने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस ने सहराज घुटू बहियार पहुंचकर शव को बरामद किया था जिसकी पहचान नहीं हो सकी थी। इसके बाद बरहेट थाना में कांड दर्ज किया गया और आगे अनुसंधान में युवक की पहचान थाना क्षेत्र के हड़वाड़ीह गांव निवासी रमजान अंसारी के रूप में किया गया। आगे कांड के अनुसंधान में बरहेट थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए कांड का सफलतापूर्वक उद्भेदन किया गया और इसमें दो लोगों की गिरफ्तारी हुई है। जिसमें एक का नाम मंगल टुडू और दूसरे का नाम खाड़े टुडू है दोनों भाई है और भागबांध गांव का ही निवासी है। बताया कि कांड के अनुसंधान के क्रम में यह बातें सामने आई कि घटना के दिन रात्रि के करीब 12 से 01 बजे जो मृतक हैं भागाबांध में मंगल टुडू और खाड़े टुडू के घर में घुसे थे और इन दोनों का बैल चोरी करने का प्रयास कर रहे थे एक बैल तो खोलकर ले भी गए थे और दूसरा लाने के लिए गए थे इसी दौरान मंगल टुडू और खाड़े टुडू की आंखें खुल गई इसके बाद दोनों भाइयों ने मृतक को खदेड़ा और घटनास्थल पर मृतक के साथ दोनों भाइयों की हाथापाई होने लगी मृतक के पास एक छूरा था और वहीं दोनों भाइयों ने पत्थर से सिर पर मारकर मृतक रमजान अंसारी की हत्या कर दी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खंडेलवाल ने यह भी बताया कि मृतक के पास का छूरा, मृतक का मोबाइल अभियुक्त के पास से और अभियुक्त द्वारा हत्या में प्रयुक्त किए गए पत्थर को भी जप्त कर लिया गया है तथा दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से संचालित योजनाओं की मासिक समीक्षात्मक बैठक आहूत की गयी। बैठक में डीएमएफटी अन्तर्गत स्वीकृत योजनाओं क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में कार्यकारिणी एजेंसी कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल द्वारा निर्माण मध्य विद्यालय पुलिस लाईन बोरियो में छः अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण, मध्य विद्यालय बरमसिया बरहेट में छः अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण का कार्य एकरानामा की प्रक्रिया में है। वहीं सदर अस्पताल परिसर में पेपर ब्लॉक का निर्माण, का कार्य पूर्ण कर ली गई है। कार्यकारिणी एजेंसी एन०आर०ई०पी०, के कार्यों के विषय में जानकारी ली एवं सभी संचालित कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।वहीं



ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से चल रहे निर्माण कार्य की जानकारी लेते हुए तय समय सीमा के अंदर सभी कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करने को कहा गया। मौके पर जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी वीरेन्द्र कुमार सिन्हा, नगर परिषद प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह, परियोजना पदाधिकारी जिला ग्रामीण विकास विश्वम्बर पटेल, कार्यपालक अभियंता देवीलाल हांसदा, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल रामा कान्त, सभी जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद के फैलो उपस्थित थे।

## भूपनारायण हत्याकांड के तीन आरोपियों को भेजा गया जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत भूमि विवाद में गुरुवार की सुबह सौतेले भाइयों ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हाजीपुर दियारा निवासी 55 वर्षीय भूपनारायण रजक पर चाकू, हंसुआ, छुरी, भाला से वार कर दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई थी। उसे बचाने आयी पत्नी कविता देवी, बेटा 25 वर्षीय धर्मेंद्र रजक, 22 वर्षीय चीकू रजक व 20 वर्षीय ओमप्रकाश रजक भी बुरी तरह घायल हो गया था। घायलों को इलाज के लिए भागलपुर व साहिबगंज भेजा गया है। इनमें चीकू रजक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने छापेमारी कर मुकेश रजक सहित तीन को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की सूचना मिलने पर सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की भी घटनास्थल पर पहुंचे थे। मृतक भूपनारायण के पिता रामविलास



रजक ने दो शादी की थी। एक पत्नी से भूपनारायण था जबकि दूसरे से दिलीप रजक व मुकेश रजक है। तीनों भाईयों में जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह भागलपुर जिले के बाखरपुर थाना क्षेत्र में स्थित खेत में सभी गए थे और वहां कुछ विवाद हुआ था। इसके बाद सभी घर लौट आए जहां पुनः विवाद शुरू हो गया। इस क्रम में दिलीप रजक, मुकेश रजक व उनके बेटों ने मिलकर भूपनारायण पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। बचाने आयी पत्नी व घायल बेटों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। उधर, पुलिस ने छापेमारी कर हाजीपुर दियारा निवासी अमित कुमार, मुकेश रजक, रिंकी देवी को पुलिस ने शुक्रवार को जेल भेज दिया। तीनों को भूपनारायण हत्याकांड में गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए तीन नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## पानी की समस्या के निदान को लेकर बरकत खान ने स्थल का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा** : प्रखंड अंतर्गत नगर पंचायत के रेलवे कॉलोनी के नीचे टोला के ग्रामीणों ने पानी की समस्या को लेकर जिला अध्यक्ष बरकत खान से शिकायत की। इस पर जिला अध्यक्ष बरकत खान ने वार्ड नम्बर 05 के रेलवे कॉलोनी नीचे टोला जाकर पहले से किये हुए बोरिंग स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही वार्ड वासियों ने यह भी कहा कि आनाखोर पटाल के पास 11 हजार हाई टेंशन बिजली का तार झुल रहा था,जिस कारण लोगों को परेशानी हो रही थी,वहां पर भी एक बिजली का पोल देने का वादा किया। संबंधित पदाधिकारी से फोन पर वातार्लाप किया एवं जल्द निदान करने को कहा। साथ ही कुछ वार्ड वासियों ने एक सप्ताह पूर्व विधायक



निसात आलम को आवदेन देकर पीसीसी सड़क एवं डीप बोरिंग की मांग की थी,बरकत खान ने विधायक के निर्देश पर स्थल का निरीक्षण किया। ग्रामवासियों ने पक्की नाली की समस्या से भी बरकत खान को अवगत करवाया,इस पर बरकत खान ने जल्द ही नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी से वार्ता कर समस्या का निदान करने की बात कही। मौके पर प्रखंड महासचिव निताय सरकार, विष्णु माल, मिठुन माल, धर्मेंद्र साह, विक्की कर्मकार, मुन्ना यादव, रोहित कुमार, वरूण कुमार, बादल कुमार, संजीव कुमार, छोटू कुमार, बच्चु सेख, राकेश सेख, राजेश कर्मकार सहित अन्य मौजूद थे।

## एम्बुलेंस ने पाइप को किया क्षतिग्रस्त यात्रियों को हो रही पानी की समस्या

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड महिला व पुरुष आश्रय गृह में पानी मोटर का पाइप क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण यात्रियों को पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। बीते 18 दिसंबर 2024 को बस स्टैंड महिला और पुरुष आश्रय गृह के मोटर पाइप को 108 एम्बुलेंस के द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। जिससे आश्रय गृह में रहने वाले महिला और पुरुष यात्रियों को शौचालय और दिनचर्या के कार्यों के लिए पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है वही आश्रय गृह के यात्रियों से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि शौचालय व दिनचर्या के कार्यों के लिए पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण शौचालय के लिए बाहर जाना पड़ता है,जिससे हम लोगों को बहुत कठिनाइयां होती है। पानी की पाइप क्षतिग्रस्त को लेकर नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को भी 18 दिसंबर 2024 को आवेदन दिया गया था उसके बावजूद भी अभी तक नगर परिषद के द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया। महिला व पुरुष आश्रय गृह की यात्रियों का मांग है की उपायुक्त को जल्द से जल्द पानी समस्या का संज्ञान लेते हुए समाधान करें।

# उपजाऊ जमीन पर हवाई अड्डा बनाने के निर्णय से नराज किसानों ने राज्य सरकार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**साहिबगंज** : सदर प्रखंड के हाजीपुर पश्चिमी पंचायत के डिहारी गांव के समीप गौवचर भुमि एवं रैयती जमीन की कर्मचारी एवं अमीन द्वारा नापी कर पेड़ को चिन्हित करने पर हाजीपुर पश्चिमी पंचायत के किसानों ने गौवचर भुमि पर एक आवश्यक बैठक किया एवं रैयत किसान कमिटि का गठन किया, इसकी अध्यक्षता शिवनाथ महतो ने किया, इस संबंध में जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव ने बताया की सरकार की कार्य में हम बाधा नहीं बनेंगे लेकिन सरकार को अवगत कराना चाहते हैं कि झारखंड सरकार के पास बहुत सारी जमीन पड़ी है जो जंगल और झाड़ी में तब्दील हो




चुकी है उसी भूमि पर एयरपोर्ट बनाने की कृपा करें इस तरह के विकास कार्य हम स्वागत करते हैं। वही रैयत, शिवशंकर यादव, चंद्रमा यादव, भारती हलधर किसान यूनियन जिला अध्यक्ष लक्ष्मण गोप ने बताया कि गौवचर एवं रैयती भूमि पर हेलीपैड बनाने की बात सामने आई है इसको लेकर हम लोग विरोध करते हैं, यह भी बताया गया कि गौवचर भूमि पशुओं का चारागाह है, यह अंग्रेजों के शासन काल से ही पशुओं की चारागाह बनाया गया था,इसके समीप में ही रैयती भूमि है जो छोटे छोटे किसानों को बंदोबस्त किया गया है जो अपने परिवार का फसल उगाकर भरण पोषण करते हैं, वहीं सभी जमीन की मापी की जा रही है,इस पर सभी रैयत द्वारा बैठक की गई है, वहीं यह भी बताया गया कि यह क्षेत्र किसानी क्षेत्र है यहां के लोग कृषि पर ही निर्भर रहते हैं, हेलीपैड बनने से यहां के किसान भुखमरी के कगार पर आ जाएगे, यहां गेहूं, मक्का, ईख, दलहन, तेलहन की प्रचुर मात्रा में खेती होती है। सरकार को आवेदन देकर अवगत कराएंगे ताकी किसानों की परवरिश पर ध्यान केंद्रित हो इसको लेकर हमलोग रैयत किसान समिति के बैनर तले उपस्थित हो कर इस कार्य का घोर विरोध करते है यदि यह योजना को नहीं रोकी गई तो चरणबद्ध तरीके से विरोध करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला खनन पदाधिकारी ने अरशद के खिलाफ फिर दर्ज करायी एफआईआर





**साहिबगंज** : जिले के खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू के दिए आवेदन पर जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी पंकज कुमार दुबे ने बीएनएस की धारा-126(2),115(2), 221,224,132,352, 351(2) (3) और 3 (1) (आर) व एससी/एसटी एक्ट के तहत बीते मंगलवार को चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सैयद अरशद नसर के खिलाफ जिरवाबाड़ी थाना में कांड संख्या-204/2024 दर्ज की है। मामले का अनुसंधानकर्ता एस.आई दीपक क्रिएशन बनाएं गए हैं। बताते चले की बीते जुन माह में भी खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू ने अरशद के खिलाफ भा.दि.वि की धारा-353,354,504,506 के तहत जिरवाबाड़ी थाना में कांड संख्या-104/2024 दर्ज कराया था। अरशद नसर ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा की खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू साजिश व षडयंत्र रचकर एफआईआर दर्ज करवा रहें हैं, ताकि वे इनके अनैतिक कार्यकलाप व भ्रष्टाचार को उजागर नहीं कर सके। अरशद ने कहा की खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू के खिलाफ सड़क से लेकर मीडिया व मीडिया से लेकर सरकार व सरकार से लेकर न्यायालय तक में संघर्ष करेंगे।

### एसपी कार्यालय में सड़क सुरक्षा को ले वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक



**साहिबगंज** : अपर पुलिस महानिदेशक (अभियान), झारखण्ड, रांची की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सड़क सुरक्षा संबंधी समीक्षा बैठक की गई। जिसमें पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक(मु.), आईआरएडी/ईडीएआर के मैनेजर मनोज कुमार, रोड सेफ्टी इंजीनियर अनुज पराशर एवं रोड सेफ्टी मैनेजर नीरज कुमार उपस्थित थे।

### जमीन का उचित मुआवजा नही मिलने से नाराज ग्रामीणों ने भू-अर्जन पदाधिकारी को दिया ज्ञापन



**साहिबगंज** : मिजाचौकी से फरक्का के बीच बनने वाले फोरलेन सड़क में सरकार द्वारा किए गए जमीन अधिग्रहण के बाद रैयतों को मिलने वाली मुआवजा की राशि से सदर प्रखंड क्षेत्र के 5 अलग अलग पंचायतों के लोग नाखुश हैं जहां शुक्रवार को साहिबगंज सदर प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख ब्रह्मदेव यादव के नेतृत्व में सभी पंचायत के लोगों ने एकजुट होकर उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर जिला भू अर्जन पदाधिकारी से उनके कार्यालय कक्ष में मिलकर आवेदन सौंपते हुए इस दिशा में कार्यवाही करने की मांग की है।ग्रामीणों ने कहा कि सरकार द्वारा जो मुआवजा मिल रहा है वह बहुत ही कम राशि मिल रहा है। जिससे हम लोग संतुष्ट नहीं है। वे लोग सरकार से मांग किया, की घर वासी जमीन के अनुसार सभी को मुआवजा दिया जाए। मौके पर कांग्रेस ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष अजय यादव, गोपाल यादव, अभिषेक कुमार, राम मंडल, महेश मंडल, मो जमशेद, पंकज यादव,विनोद मंडल,महेश पांडेय,रोहित झा,योगेश यादव,कल्पना देवी,शशि कला देवी सहित छोटी कोदरजन्ना,बलुआ दियरा,रेजा नगर,महादेवगंज समेत अन्य पंचायत के लोग भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### हाथियों से आतंकित से ग्रामीणों ने वन विभाग के प्रति जातायी नाराजगी



**निमडीह** : जिला के नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के कादला गाँव में जंगली हाथियों के झुंड चौधरी प्रमाणिक के आलू व बांदु गांव में दीनु महतो के धान को अपना निवाला बनाया। हाथियो आतंक से ग्रामीणों ने वन विभाग के प्रति नाराजग। ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र मे जंगली हाथियों के आतंक एक गंभीर समस्या बन गया है, जिसमें स्थानीय लोगों का जन जीवन प्रभावित हो रहा है। हाथी जंगल को छोड़कर गाँव में प्रवेश कर रहे है ओर फसलों को नुकसान पंहुचा रहे है। जिसके कारण किसानो मे कॉफी नाराजगीदेखा गया है। खेत से लेकर खलियान पर धान नहीं मिलने से अब हाथियों के झुंड घर में रखें अनाज पर निशाना बना रहा हे। ओर आकर्षित हो रहें है। हाथियों के आतंक से जनजीवन अस्तव्यस्त रहने लगा। शाम ढलते ही जंगली हाथियों का झुंड विभिन्न जंगलों से उतर कर गाँव मे प्रवेश कर जाते है। साथ ही घरों की चार दीवार को क्षतिग्रस्त कर किसान की घर में रखे धान, चावल, आलू आदि सामग्री को अपना निवाला बनाते है। ग्रामीणों के लिए एक बड़ा समस्या उत्पन्न हो गया। तीन दिन पहले कदला पहाड़ पर 16 हाथियों का झुंड डेरा डाला है । उसी झुंड से एक हाथी बिछड़ कर जुगिलोंग गांव के माँ मनसा महिला समिति राशन दुकान को निशाना बनाकर रखे अनाज को खाया। चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी जो दलमा गज परियोजना से जाना जाता हे। इस आश्रयणी रहने के बाबजूद हाथियों का झुंड सेंचुरी से पलायन करके ईचागढ़ विधान सभा क्षेत्र मे डेरा डालकर पौष्टीक भोजन के लिए गांव पहुंच जाते है।एक तरफ केंद्र सरकार दूसरी ओर राज्य सरकार द्वारा वन एवं पर्यावरण विभाग प्रति वर्ष करोड़ों रुपया मुहैया करते हैं। जंगल एवं जंगली जीवजंतु की संरक्षण के लिए। उसके बाबजूद भी वन्य जीवजंतु पर्याप्त भोजन के लिए संेचुरी छोड़ कर ईचागढ़ विधान सभा के विभिन्न जंगल में विगत पांच वर्षों से डेरा डाला हुआ हे। ओर शाम ढलते ही आतंक मचा रखा हे। चांडिल वन क्षेत्र के पदाधिकारी हाथी द्वारा क्षत्रि पूर्ति पर कोई कारवाई नहीं करते न एलिफेंट ड्राइव टीम द्वारा हाथी को ड्राइव करके दलमा संेचुरी की ओर ले जाने की कार्य शुरू किया।जिसे ग्रामीण वन विभाग के प्रति नाराजगी देखा गया।

## प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी से

# मार्च तक जगदानंद की विदाई

### रेस में 5 नाम, तेजस्वी के पसंदीदा चेहरे पर लगेगी फाइनल मुहर






**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के बिहार प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह काम पर लौट आए हैं। उन्होंने घर से कामकाज संभाल लिया है। इसके साथ ही उनकी नाराजगी और इस्तीफे के अटकलों पर भी विराम लग गया है। बताया जा रहा है कि सिंह को मार्च तक पद पर बने रहने को कहा गया है। ताकि तय प्रक्रिया के तहत अगले प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव हो सके। उपचुनाव के रिजल्ट में मिली हार के बाद जगदानंद सिंह ने खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर पद छोड़ने की बातें शीर्ष नेतृत्व को कही थी। साथ ही उन्होंने ऑफिस आना बंद कर दिया था। इसके बाद उनको घर से ही मार्च तक काम करने को कहा गया है। अगले प्रदेश अध्यक्ष की खोज शुरू पार्टी में नए प्रदेश अध्यक्ष की खोज तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि पार्टी सिंह की तरह अनुशासन प्रिय और साफ छवि के नेता की तलाश कर रही है। सूत्रों के अनुसार, अगला अध्यक्ष तेजस्वी यादव की पसंद का हो सकता है। जगदानंद सिंह की पारी खत्म होने के साथ ही RJD सुप्रीमो लालू यादव का राज भी पार्टी में कम हो जाएगा। इसके बाद पार्टी पदाधिकारियों के चयन में तेजस्वी की पसंद हावि रह सकती है। हालांकि, अंतिम फैसला लालू यादव ही करेंगे। जनवरी में होगी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक RJD के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक जनवरी 2025 में होगी। इसके बाद पार्टी पदाधिकारियों का चुनाव शुरू होगा। बूथ, पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर के चुनाव के बाद प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का चुनाव होगा। बताया जा रहा है कि मार्च तक प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद अप्रैल तक राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव पूरा हो जाएगा।इससे पहले दो बार इस्तीफे पर अड़े थे जगदानंद सिंह, लालू और तेजस्वी ने मनाया 5 जुलाई 2021 को छात्र RJD के कार्यक्रम में तेजप्रताप यादव ने जगदानंद सिंह को 'हिटलर' कह दिया था। इस पर सिंह भड़क गए और पार्टी ऑफिस आना बंद कर दिया। 15 अगस्त को प्रदेश कार्यालय में झंडोतोलन में भी नहीं आए। बाद में तेजस्वी यादव ने उन्हें मनाया। इसके बाद जगदानंद सिंह ने 2022 में भी पार्टी आना बंद कर दिया था। उनके बड़े बेटे सुधाकर सिंह तब कृषि मंत्री थे और वह उट नीतीश कुमार के खिलाफ हमलावर थे। इस पर सुधाकर सिंह को इस्तीफा देना पड़ा। इस्तीफा स्वीकार होने पर जगदानंद सिंह नाराज हो गए। 2 अक्टूबर 2022 से पार्टी ऑफिस आना बंद कर दिया। तब लालू यादव ने मनाया।प्रदेश अध्यक्ष के लिए 5 नामों की चर्चा RJD के अगले प्रदेश अध्यक्ष के लिए पार्टी के अंदर और बाहर चर्चा शुरू हो गई है। अब्दुल बारी सिद्दकी, रितु जायसवाल, आलोक मेहता, रणविजय साहू और शिवचंद्र राम का नाम आगे है। सूत्रों के अनुसार, इन 5 नामों में से नया अध्यक्ष हो सकता है। नई पीढ़ी को मौका


**राजनीतिक विश्लेषक प्रवीण बागी कहते हैं- जगदानंद सिंह ने राजनीति में लंबे समय से अपनी सक्रियता बनाए रखी है।**

**जनवरी में होगी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक**

**RJD के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक जनवरी 2025 में होगी। इसके बाद पार्टी पदाधिकारियों का चुनाव शुरू होगा। बूथ, पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर के चुनाव के बाद प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का चुनाव होगा। बताया जा रहा है कि मार्च तक प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद अप्रैल तक राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव पूरा हो जाएगा।**

## संक्षिप्त डायरी

### बदमाशों ने बीटेक छात्र सहित 2 को मारी गोली



**जमुई।** के टाउन थाना क्षेत्र के काकन गांव में गुरुवार की देर रात श्राद्ध कार्यक्रम में अपराधियों ने गोलीबारी की है। एक बीटेक के छात्र सहित दो युवक को गोली लग गई। दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। एक युवक के पैर में लगी गोली को सर्जरी के जरिए निकाला गया। उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया है।घायल छात्र की पहचान काकन गांव निवासी रामवृक्ष यादव के 22 साल के बेटे सकलदेव कुमार और दूसरे घायल युवक की पहचान नारायण यादव के 21 वर्षीय बेटे नीतीश कुमार के रूप में हुई है। घायल छात्र के पिता रामवृक्ष यादव ने बताया कि उसकी मां का देहांत हो गया था। गुरुवार की रात पीपल पानी के बाद श्राद्ध कार्यक्रम को लेकर भोज का आयोजन किया गया था।अचानक उसके बेटे और एक अन्य युवक को गोली लगने की जानकारी मिली। इसके बाद दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। इधर, घटना की जानकारी के बाद टाउन थाना की पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई और पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। टाउन थाना की पुलिस को आशंका है कि सकलदेव कुमार के बाएं पैर के घुटने के पास गोली लगी है।नीतीश कुमार के हाथ में गोली लगी है, जिससे लगता है कि एक ही गोली दोनों को लगी हो, पुलिस को आशंका है कि कहीं हर्ष फायरिंग के दौरान तो गोली नहीं लगी। हालांकि पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। टाउन थानाध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि दो युवक को गोली लगी है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### प्रेमी जोड़े की परिजनों ने की पिटाई



**जमुई ।** रेलवे स्टेशन पर गुरुवार की दोपहर पटना सिविल कोर्ट से शादी कर प्रेमी जोड़ा पहुंचा। इस दौरान इनके परिजनों ने इनके साथ मारपीट की। सूचना पर मौके पर पर पहुंचे जीआरपी थानाध्यक्ष मनोज देव ने बीच-बचाव करते हुए प्रेमी जोड़े को बचाया। हालांकि इस दौरान रेलवे स्टेशन पर हंगामा हुआ। मुंगेर के खड़गपुर थाना अंतर्गत मुजफ्फरगंज की रहने वाली 21 साल की अमीषा कुमारी पड़ोस के ही 30 साल के जितेंद्र तांती से बचपन से ही प्यार करती थी। लेकिन परिवार वालों ने उसकी शादी दूसरे युवक के साथ तय कर दी गई थी। इसके बाद वह 6 दिसंबर को अपनी प्रेमी जितेंद्र तांती के साथ अपने घर से भाग गई और 10 दिसंबर को पटना सिविल कोर्ट में शादी कर ली।शादी के बाद दोनों घूमने के लिए दिल्ली चले गए। युवती के परिवार वालों ने जितेंद्र और उसके परिवार वालों पर अपहरण का मामला दर्ज कर दिया था। गुरुवार की दोपहर ये पूर्वा एक्सप्रेस ट्रेन से जमुई रेलवे स्टेशन पर उतरे। वहां पहले से छिपे अमीषा के भाई और अन्य परिजन ने दोनों प्रेमी जोड़ों को पकड़ लिया और स्टेशन पर ही मारपीट शुरू कर दिया। इसके बाद हंगामा हुआ।

### छुप-छुप कर मिलते पकड़े गये प्रेमी-प्रेमिका



**जमुई।** में प्रेमी अपनी प्रेमिका से मिलने आया था। इसी बीच ग्रामीणों ने दोनों को पकड़ लिया। दोनों को ग्रामीणों ने पकड़ा तो यह बात सामने आयी कि वह दोनों ढाई सालों से एक दूसरे से प्यार करते हैं। इसके बाद ग्रामीणों की सलाह पर प्रेमी युगल शादी करने को राजी हो गए। फिर मंदिर में ले जाकर दोनों की शादी करवा दी। इसका वीडियो सामने आया है।मामला जमुई के टाउन थाना क्षेत्र लखनपुर इलाके का है। प्रेमी उमा शंकर खैरा थाना क्षेत्र के प्रधानचक और प्रेमिका शिवानी कुमारी दोनों ही बालिग है। दोनों पिछले ढाई साल से एक दूसरे से प्रेम करते थे और छुप- छुपाकर एक दूसरे से मिलते थे। 17 दिसंबर को प्रेमी अपनी प्रेमिका से मिलने आया था, लेकिन दोनों को ग्रामीणों ने देख लिया और प्रेमी युगल शादी करा दी। हालांकि दोनों ने अपनी मर्जी से शादी करने की बात कही है। प्रेमी कुमार शंकर ने बताया कि शिवानी से ढाई साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था।उन्होंने यह भी बताया की लखनपुर इलाके में गांव के ही कई लोगों के यहां रिश्तेदारी होने के कारण मेरा आना जाना लगा रहता था।इसी क्रम में शिवानी से मुलाकात हुई और धीरे धीरे दोनों के बीच प्यार हो गया।प्रेमी शंकर और शिवानी ने बताया कि हम दोनों अपनी मर्जी से शादी किए हैं कोई जोर जबरदस्ती से शादी नहीं करवाया है। दोनों की शादी मंदिर में विधिवत तरीके से करा दी गई। ग्रामीणों की मौजूदगी में प्रेमी और प्रेमिका ने सात फेरे और सिंदूर भरने की रस्म पूरी हुई। दोनों परिवार के लोगों ने इस शादी को सहमति देकर लड़की को लड़की के घर विदा कर दिए।

## महिला सेक्स वर्कर की गला दबाकर हत्या



**सीतामढ़ी।** में रेड लाइट एरिया में गुरुवार की रात महिला सेक्स वर्कर की गला दबाकर हत्या कर दी गई है। अचानक महिला की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग दौड़े। उनके मौके पर पहुंचने से पहले ही महिला की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि जब हम लोग महिला की चीख सुनकर उसके घर के पास पहुंचे। एक युवक वहां से भाग रहा था। उसे पकड़कर हमने खूब पिटा। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची नगर थाना पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी।साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही पकड़े गए युवक को हिरासत में लेकर थाने ले गई। उससे पूछताछ की जा रही है। नगर थानाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने बताया कि हिरासत में लिए गए युवक से पूछताछ की जा रही है। हत्या की वजह का भी पता लगाया जा रहा है। युवक की हत्या में संलिप्त की भी जांच की जा रही है। फिलहाल इस मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

## कांग्रेस कार्यकताओं ने फूंका पुतला



**औरंगाबाद।** शहर के रमेश चौक पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह के नेतृत्व में शहर के समारणालय के पास स्थित कांग्रेस कार्यालय के पास दर्जनों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए और गृह मंत्री अमित शाह व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोध जमकर नारेबाजी करते हुए शहर के रमेश चौक पहुंचे। गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने जो आपत्तिजनक बयान दिया है। इसी को लेकर आक्रोश है। कहा कि गृह मंत्री अमित शाह को अंबेडकर के नाम लेने से क्या समस्या है। भीमराव अंबेडकर ने क्या गलत किया जो उनके नाम लेने से समस्या उत्पन्न होगी। हम लोग अंबेडकर जी का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करने वाले हैं। इसी को लेकर आक्रोश मार्च निकाला गया है।

कहा कि संविधान के निमार्ता अंबेडकर साहब हैं। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पासवान ने कहा कि भीमराव अंबेडकर के बारे में सदन के अंदर एनडीए सरकार के गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहब का अपमान किया। इससे लोगों में आक्रोश है। जब से केंद्र में एनडीए की सरकार स्थापित हुई है। तब से संविधान को नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है।बाबा साहेब के ऊपर आपत्तिजनक टिप्पणी हम लोग कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। क्योंकि बाबा साहब संविधान निमार्ता है। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारत को एक मजबूत संविधान देने का काम किया है।

इस संविधान की बदौलत पूरा हिंदुस्तान आज चल रहा है। संविधान की बदौलत ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता में काबिज है। गृह मंत्री अमित शाह को अपने बयान पर माफी मांगना चाहिए नहीं तो बहुत बड़ा आंदोलन होगा।

स मौके पर सदर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप सिंह, देव प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र सिंह, सल्लू दुबे, श्याम बली पासवान, शहनाज रहमान उर्फ सल्लू खान, ब्यास राम, गायत्री देवी, धिरेंद्र सिंह, अंबिका पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## शराब तस्करी के बड़े रैकेट का भंडाफोड़



**जमुई ।** के सोनो थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 756 लीटर विदेशी शराब के साथ दो लग्जरी कार, दो बाइक और पांच शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह घटना लोहा-जोकटिया मोड़ के पास की है। पुलिस ने बताया कि यह शराब झारखंड के बोकारो से लाई जा रही थी और नए साल के मौके पर इसे जमुई और लखीसराय के बाजार में खपाने की योजना थी। कैसे हुई कार्रवाई एसडीपीओ झाझा राजेश कुमार ने बताया कि सोनो थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि झारखंड से एक लाल रंग की कार और एक बाइक के जरिए शराब की बड़ी खेप लोहा के रास्ते पंचपहाड़ी की ओर जा रही है। एसपी चंद्रप्रकाश के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने लोहा मोड़ पर कार्रवाई करते हुए एक लाल रंग की कार और बाइक को पकड़ा। जांच के दौरान, गाड़ी में बड़ी मात्रा में विदेशी शराब मिली। पकड़े गए तस्करों से पूछताछ के बाद पुलिस ने छुपकर एक सफेद रंग की कार का इंतजार किया, जिसमें शराब की दूसरी खेप लाई जा रही थी। थोड़ी देर बाद, सफेद कार और उसके साथ एक और बाइक मौके पर पहुंची। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कार और बाइक को जब्त कर उसमें सवार तीन लोगों को हिरासत में लिया। तस्करी की रणनीति और गिरोह का पदार्फाश पुलिस ने बताया कि इस रैकेट में स्थानीय और झारखंड के तस्कर शामिल हैं। बाइक सवार युवकों का काम शराब लदी गाड़ियों को पुलिस की नजर से बचाते हुए ग्रामीण मार्गों से सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाना था। गिरफ्तार आरोपियों में सोनो के बिट्टू कुमार, गम्हरिया के मुकेश कुमार, झाझा थाना के हथिया गांव के पियूष कुमार, सोहजाना के मिथलेश कुमार उर्फ मिट्ठू और सफेद कार चालक बोकारो चास के अनोज कुमार तिवारी शामिल हैं। पुलिस ने जब्त की सामग्रीशराबः 756 लीटर विदेशी शराब (विभिन्न ब्रांड)वाहनः दो लग्जरी कार और दो बाइकअन्य सामानः पांच मोबाइल फोनआगे की कार्रवाई एसडीपीओ ने बताया कि इस गिरोह में अन्य लोग भी शामिल हैं, जिनकी पहचान और गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है।

गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जमुई भेज दिया गया है।

## औरंगाबाद में 4 केजी के तीन प्रेशर आईडी बरामद



**औरंगाबाद।** पुलिस और सीआरपीएफ कोबरा बटालियन 205 ने गुरुवार को 3 प्रेशर आईडी और कार्बाइन और मैगजीन बरामद की है। कार्रवाई नक्सल विरोधी अभियान के दौरान की गई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-टू अमित कुमार ने कहा कि औरंगाबाद एसपी अंबरीष राहुल के निर्देशन पर सीआरपीएफ कोबरा बटालियन 205 के समादेष्टा धीरेंद्र पाठक और दिवेश मिश्रा के नेतृत्व मदनपुर थाना क्षेत्र के चकरबंधा के नजदीक सहैया पहाड़ और करीवा डोभा के पास से एक कार्बाइन और मैगजीन बरामद किया गया है। वहीं दूसरी ओर चक्रबंधा के समीप बासडिह के समीप से 4-4 केजी के तीन प्रेशर आईडी बरामद किए गए। जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।संयुक्त कार्रवाई से नक्सलियों का मनोबल काफी गिरा हुआ है। नक्सली गतिविधि पर अंकुश लगाए जाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगा। मालूम हो कि इस माह तीसरी बार पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। इससे पहले भी 3 प्रेशर आईडी और भारी मात्रा में कारतूस इन क्षेत्रों से बरामद हुआ था।

## जनसुराज में 10 प्रदेश उपाध्यक्ष और 10 महासचिव बनाए गए




**पटना।** 2025 विधानसभा चुनाव को लेकर जनसुराज पार्टी अपने संगठन को मजबूत करने में लगी है। जनसुराज ने गुरुवार को संगठन में विस्तार करते हुए पदाधिकारियों को नियुक्त करना शुरू किया है। जनसुराज के अध्यक्ष मनोज भारती ने पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए संगठन विस्तार की जानकारी दी है। पार्टी में 10 प्रदेश उपाध्यक्ष, 10 प्रदेश महासचिव, 5 प्रदेश सचिव के नामों की भी घोषणा की गई है। बेगूसराय की रहने वाली सुभद्रा सहनी को महिला प्रदेश अध्यक्ष, मुजफ्फरपुर के रहने वाले वीरेंद्र राय को किसान अध्यक्ष, आनंद मिश्रा को युवा अध्यक्ष और पटना के रहने वाले अरविंद सिंह को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। जनसुराज विधानसभा में ठोकेगा ताल प्रशांत किशोर ने जनसुराज को बिहार के चार सीटों पर हुए उपचुनाव में उतारकर अपनी क्षमता को आंका था। परिणाम से उत्साहित होकर पार्टी को और मजबूत बनाने के लिए जल्द ही संगठन को विस्तार देना शुरू कर दिया है। पैदल यात्रा कर संगठन का विस्तार किया गया उत्तर बिहार में प्रशांत किशोर ने पैदल यात्रा कर संगठन का विस्तार तो जरूर किया है। लेकिन, दक्षिण बिहार में जनसुराज का विस्तार ज्यादा नहीं हो पाया है । अब पदाधिकारियों की नियुक्ति कर संगठन को मजबूत करने में लगी है।

## चिराग ने सभी जिला प्रभारी और सह प्रभारी को हटाया



**पटना।** विधानसभा चुनाव से पहले चिराग पासवान ने अपनी पार्टी लोजपा (R) के बिहार के अपने सभी जिला प्रभारियों और सह प्रभारियों को गुरुवार को हटा दिया। इसके पीछे विधानसभा चुनाव की रणनीति बताई जा रही है। पार्टी के अंदर इस ऑपरेशन को चिराग पासवान के जीजा और जमुई सांसद अरुण भारती लीड कर रहे हैं। अभी पार्टी के बडे. नेता दिल्ली में हैं और वहीं से यह ऐलान किया है। बताया जा रहा है कि जिला प्रभारियों और जिला सह प्रभारियों को मिलाकर पार्टी ने 76 जिला स्तर के पदाधिकारियों की छुट्टी की है। बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने लेटर जारी कर कहा है कि 'नई कमेटी की घोषणा जल्द की जाएगी।'शीतकालीन सत्र के बाद होगा नामों का ऐलान संसद के शीतकालीन सत्र के बाद लोजपा (आर) में जिला प्रभारियों का चयन किया जाएगा। तीन साल पहले चिराग पासवान के आदेश पर प्रदेश कमेटी को भंग कर दिया गया था। इसके साथ ही प्रदेश इकाई के सभी प्रवक्ताओं, टीवी पैनलिस्टों और मीडिया प्रभारी की टीम को भी खत्म कर दिया गया था। इसके बाद नए सिरे से इनका गठन किया गया था। बता दें, पिछले विधानसभा चुनाव-2020 में लोजपा ने दो दर्जन से ज्यादा सीटों पर नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू को नुकसान पहुंचाया था। तब लोजपा 137 सीटों पर लड़ी थी और पार्टी से महज एक विधायक जीते थे। 9 सीटों पर लोजपा दूसरे नंबर पर रही थी। कई ऐसी सीटें थी, जहां लालू प्रसाद की पार्टी आरजेडी, लोजपा की वजह से जीती थी। विधानसभा चुनाव के बाद टूट गई थी लोजपा 2020 विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद लोजपा दो फाड़ हो गई थी। तब यह कहा गया था कि नीतीश कुमार ने लोजपा से बदला ले लिया। लोजपा दो फांक हुई तो एक पार्टी लोजपा (रामविलास) और दूसरी राष्ट्रीय लोजपा बनी। एक के अध्यक्ष चिराग पासवान और दूसरी के चाचा पशुपति पारस हुए। पारस गुट को एनडीए में बीजेपी तरजीह नहीं दे रही। जबकि, चिराग गुट से चिराग पासवान को केन्द्र में मंत्री बनाया गया है। पारस गुट अपने तरीके से विधान सभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) में बड़ी टूट हो सकती है। लोकसभा चुनाव के समय से ही प्रदेश स्तर के कई बड़े नेता नाखुश हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश के प्रधान महासचिव और 8 से 9 प्रदेश उपाध्यक्ष पार्टी छोड़ सकते हैं। हालांकि, पार्टी छोड़ने की बात कोई भी ऑन रिकॉर्ड नहीं कर रहा है, लेकिन चिराग पासवान को लेकर पार्टी में नाराजगी की बात सामने आ रही है। नेताओं ने हमसे बातचीत की, लेकिन नाम लिखने से मना कर दिया। कुछ ने यहां तक कहा कि हमें हमारी पसंद की सीट नहीं मिली तो हम निर्दलीय ही सही, इस बार चुनाव जरूर लड़ेंगे।

**लोजपा (R) ने विधानसभा चुनाव से पहले उठाया बड़ा कदम, नई कमेटी बनेगी**

**शीतकालीन सत्र के बाद होगा नामों का ऐलान**

संसद के शीतकालीन सत्र के बाद लोजपा (आर) में जिला प्रभारियों का चयन किया जाएगा। तीन साल पहले चिराग पासवान के आदेश पर प्रदेश कमेटी को भंग कर दिया गया था। इसके साथ ही प्रदेश इकाई के सभी प्रवक्ताओं, टीवी पैनलिस्टों और मीडिया प्रभारी की टीम को भी खत्म कर दिया गया था। इसके बाद नए सिरे से इनका गठन किया गया था।



# थेरी का सीन-दर सीन रीमेक नहीं है बेबी जॉन

वरुण धवन कील्स द्वारा निर्देशित बेबी जॉन के जरिए दर्शकों के बीच तहलका मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ये एक्शन-थ्रिलर क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर, 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। क्योंकि, फिल्म एटली कुमार द्वारा सह-निर्मित है, इसलिए वरुण धवन के प्रशंसकों ने अनुमान लगाना शुरू कर दिया कि अपकमिंग फिल्म एटली की 2016 में रिलीज हुई फिल्म थेरी का आधिकारिक रीमेक हो सकती है। इस फिल्म में थलापति विजय लीड रोल में नजर आए थे। इन दावों पर अब वरुण धवन ने भी प्रतिक्रिया दी है।

## क्या थेरी का रीमेक है बेबी जॉन?

बेबी जॉन को थेरी का रीमेक बताने वाले दावों का खंडन करते हुए अब वरुण आगे आए हैं और कहा है कि बेबी जॉन फिल्म का सीन-दर-सीन रीमेक नही बल्कि एक एडेप्टेशन है। इंडिया टुडे के साथ एक साक्षात्कार में, वरुण धवन ने कहा कि एटली स्क्रिप्ट के साथ आए थे, जिसमें फिल्म की भूगोल के कारण बहुत कुछ बदलना पड़ा। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग थेरी के किताब-दर-किताब रीमेक की उम्मीद कर रहे हैं, उन्हें निराशा होगी।

## आगे क्या बोले वरुण धवन?

वरुण धवन आगे कहते हैं- जब एटली यह फिल्म लेकर आए तो इसके पीछे एक कारण था और उन्होंने कहा कि हमें फिल्म का में बहुत कुछ बदलना पड़ा। उन्होंने कहा, हमें इसे एक एडाप्टेशन के रूप में उपयोग करना होगा न कि एक रीमेक के रूप में और मुझे लगता है कि हमने यही किया है। जैसा कि आप देख रहे हैं, बहुत सारे फ्रेम और कहानी के बहुत सारे एंगल्स अलग-अलग हैं। इसलिए, अगर कोई बुक बाय बुक रीमेक की उम्मीद कर रहा है, तो वे निराश होंगे क्योंकि फिल्म वह नहीं है। यह एक एडाप्टेशन है। हम उससे भाग नहीं रहे हैं, बल्कि यह एक सच में फिल्म से प्रेरित है।

## फिल्म के बारे में

फिल्म में वरुण धवन के अलावा वामिका गब्बी और कीर्ति सुरेश भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म का संगीत थमन एस ने तैयार किया है। फिल्म में वरुण धवन ने सत्या वर्मा का किरदार निभाया है जो एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी है। वह अपनी मौत का नाटक करता है और एक व्यक्तिगत दुखद घटना के बाद अपनी बेटी खुशी की परवरिश के लिए अंडरग्राउंड हो जाता है।



# फूल के किरदार के लिए दीपिका-आलिया ने की थी मदद

लापता लेडीज में फूल बनकर दर्शकों के दिलों में पहचान बनाने वाली नितांशी गोयल ने कम उम्र में ही वह कामयाबी हासिल कर ली है, जिसका सपना हर कलाकार देखता है। कमसिन उम्र और करियर की शुरुआत में ही नितांशी के कदमों को सफलता ने इस कदर चूमा है कि उनके नाम की गूंज अब हॉलीवुड में भी सुनने को मिल रही है, लेकिन क्या आपको पता है कि लापता लेडीज में फूल के किरदार के लिए नितांशी को बॉलीवुड की इन दो अभिनेत्रियों की मदद मिली थी?

## नितांशी ने ऐसे शूट किया था पहला सीन

हाल ही में, जूम के साथ एक साक्षात्कार में नितांशी ने लापता लेडीज के पहले सीन की शूटिंग को याद किया और बताया कि पहले दृश्य की शूटिंग के वक्त वह काफी डरी हुई थीं। अभिनेत्री ने कहा, पहला सीन काफी इमोशनल था और इमोशनल सीन मेरी मजबूती है। मैंने खुद से कहा कि अगर इसे अच्छे से नही किया तो नाक कट जाएगी क्योंकि रोना मेरे अभिनय का मजबूत पक्ष है। अगर मैं आपके सामने रोती हूं तो सब कहते हैं कि मैं एक अच्छी अभिनेत्री हूं।

## दीपिका-आलिया ने ऐसे की थी मदद

नितांशी ने आगे बताया, किरण राव ने मुझपर काफी भरोसा किया था और मैं उनके भरोसे को तोड़ना नहीं चाहती थी। इसलिए शूटिंग से पहले मैंने रातभर गूगल पर दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट के रोने वाले सीन को सर्च किया। फिर सुबह मैंने दो-तीन इमोशनल सॉन्ग सुने और खुद को सीन के लिए तैयार कर लिया था।



# बड़ी और बेहतर होगी हीरामंडी 2

2024 में वेब सीरीजों में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली हीरामंडी को लेकर यह समाचार आ रहे हैं कि संजय लीला भंसाली जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि कहा यह जा रहा है कि भंसाली इन दिनों अपनी फिल्म लव एण्ड वॉर को पूरा करने में लगे हैं, उसके बाद ही वह हीरामंडी 2 पर काम शुरू करेंगे। फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज 'हीरामंडी - द डायमंड बाजार' इसी साल ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इसकी लोकप्रियता का आलम यह था कि यह सबसे ज्यादा देखी जाने वाली वेब सीरीज में से एक बन गई। एक्ट्रेस संजीदा शेख ने भी इसमें अहम रोल किया था। उन्होंने 'हीरामंडी' के अगले पार्ट को लेकर उत्साह दिखाया है। संजीदा ने कहा कि मुझे यकीन है कि 'हीरामंडी 2' बड़ी और बेहतर होगी। मुझे नहीं पता कि हम शूटिंग कब शुरू करेंगे, लेकिन जब संजय लीला भंसाली सर की बात आती है, तो यह ड्रीम प्रोजेक्ट की तरह हो जाता है। मैं कोई शो देखती थी, जहां कुछ कलाकार आते थे और कहते थे कि उन्हें 'भंसालीफाइड' कर दिया गया है और मुझे आश्चर्य होता था कि मेरी बारी कब आएगी। अब जब मैं अपनी मीटिंग के लिए जाती हूं तो मेकर्स तारीफ करते हैं कि मैं कितनी अच्छी परफॉर्मर हूं। मुझे काफी अच्छा फील होता है, क्योंकि मेरा मानना है कि मेरा काम खुद बोलना चाहिए। बता दें जून में रिलीज हुई 'हीरामंडी' में संजीदा ने 'वहीदा' का किरदार निभाया था। इसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा, फरदीन खान, शेखर सुमन, अध्ययन सुमन सहित कई सितारे नजर आए थे।



# संजय लीला भंसाली सर का आभारी हूं, जिन्होंने मुझे ताजदार का किरदार सौंपा

द डायमंड बाज़ार में ताहा शाह बदुशा के नवाब, ताजदार बलूच के किरदार ने उन्हें शहर में चर्चा का विषय बना दिया है। यह सीरीज़ 2024 की सबसे लोकप्रिय भारतीय वेब सीरीज़ की सूची में नंबर 1 पर पहुंच गई है और दुनिया भर में टॉप 5 टीवी शो में शुमार हो गई है। इसके अलावा, यह गूगल की 2024 के सबसे सर्च किए गए कंटेंट की लिस्ट में भी शामिल है, जो न केवल शो की बड़ी सफलता को दर्शाता है, बल्कि ताहा के प्रदर्शन के शानदार आकर्षण को भी दर्शाता है। ताजदार बलोच का किरदार एक फेनोमिनन बन गया है, जिससे ताहा हर लड़की का ड्रीम क्रश और नया नेशनल हार्टथ्रोब बन गए हैं। उनकी लोकप्रियता इतनी बढ़ गई है कि वे अब सोशल मीडिया पर एक सर्टिफाइड सेंसेशन बन चुके हैं, जहां प्रशंसक उनके लिए समर्पित पेज और फैन आर्ट बना रहे हैं। प्रसिद्ध निर्देशक संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित हीरामंडी ने अपनी जटिल कहानी और शानदार दृश्यों के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए, ताहा ने कहा, मैं संजय लीला भंसाली सर का बेहद आभारी हूं, जिन्होंने मुझे यह अवसर दिया।



# क्या वाकई घर बसाने जा रही हैं कृति? तेज हुई शादी की अफवाह

अभिनेत्री कृति सेनन ने इस साल फिल्म दो पत्ती से बतौर निर्माता डेब्यू किया है। इसमें उन्होंने काजोल के साथ अभिनय भी किया। फिल्म और अभिनय के साथ-साथ कृति इस वक्त अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब सुर्खियों में हैं। कथित तौर पर वे कबीर बहिया को डेट कर रही हैं। दोनों के अफेयर की खबरों के बीच इनकी शादी की अफवाह फैल रही हैं।

## शादी समारोह में साथ नजर आए

कबीर बहिया के साथ अफेयर की चर्चाओं के बीच हाल ही में कृति सेनन उनके साथ एक शादी समारोह में शामिल हुईं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि शादी कबीर के किसी करीबी रिश्तेदार की थी, जिसमें कृति ने भी शिरकत की। यह शादी दुबई में आयोजित हुई। शादी से अभिनेत्री की एक तस्वीर सामने आई है। इसे स्नेहकुमार नाम के यूजर ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

## क्या अगले साल शादी की तैयारी?

इस शादी समारोह में महेंद्र सिंह धोनी अपनी पत्नी साक्षी के साथ पहुंचे। धोनी के एक फैन पेज से भी इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की गई है, जिसमें कृति भी पिंक साड़ी में नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों के सामने आने के बाद दावा किया जा रहा है कि कृति और कबीर एक-दूसरे को लेकर सीरियस हैं। कहा तो ये भी किया जा रहा है कि दोनों अगले साल शादी करने की तैयारी में हैं। हालांकि,



आधिकारिक रूप से इन खबरों की पुष्टि नहीं हुई है।

## कृति तोड़ चुकी हैं डेटिंग की खबरों पर चुप्पी

कृति सेनन और कबीर इससे पहले भी कई बार साथ नजर आ चुके हैं। इससे पहले कबीर के साथ अपनी डेटिंग और शादी की अफवाहों पर चुप्पी तोड़ते हुए कृति ने कहा था कि वे अभी शादी करने के मूड में नहीं हैं। उन्होंने इस तरह की खबरों को परेशान करने वाला बताया। फिलहाल एक बार फिर चर्चाएं तेज होने पर कृति क्या प्रतिक्रिया देती हैं, देखना दिलचस्प होगा।

## कौन हैं कबीर बहिया

कबीर बहिया बिजनेसमैन हैं। वे यूके में रहते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक वे यूके स्थित ट्रैवल एजेंसी साउथहॉल ट्रैवल के संस्थापक कुलजिंदर बहिया के बेटे हैं। कृति के जन्मदिन पर भी कबीर के साथ उनकी फोटो वायरल हुई थी। कहा गया कि कृति ने अपना जन्मदिन कबीर के साथ ही मनाया।



# जान्हवी कपूर ने भाई अर्जुन को कहा थेरेपिस्ट करना चाहते हैं साथ में फिल्म

अर्जुन कपूर का अपनी कजिन बहन जान्हवी कपूर और खुशी कपूर के साथ रिश्ता काफी अच्छा है। उनका यह भाई-बहन का खास रिश्ता समय के साथ और भी गहरा होता गया। वे अक्सर एक-दूसरे के अभिनय की प्रशंसा करते और उनका हौसला बढ़ाते नजर आए हैं। इसी बीच जान्हवी का एक इंटरव्यू सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें जान्हवी ने अर्जुन को थेरेपिस्ट बुलाया है और अब जान्हवी के थेरेपिस्ट बुलाने पर अर्जुन ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर इन दिनों सिंघम 3 को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। अर्जुन प्रोफेशनल लाइफ हो या पर्सनल लाइफ, सभी में लोगों की मदद करते रहते हैं, खास तौर पर अपनी बहनों के लिए वह काफी सहायक भाई हैं। सिर्फ जान्हवी कपूर और खुशी ही नहीं बल्कि अर्जुन अपनी सभी बहनों अंशुला कपूर और शनाया कपूर के लिए भी एक सहायक भाई हैं। अर्जुन के सहायक स्वभाव की वजह से ही जान्हवी ने एक बार उन्हें सभी कपूर बहनों का थेरेपिस्ट कहा था। अब, अर्जुन ने जान्हवी की इस बात पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान, अर्जुन कपूर से जब पूछा गया कि उनकी बहनें उन्हें थेरेपिस्ट क्यों कहती हैं तो इस पर अर्जुन ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह एक बड़ा बयान है वह अपनी बहनों से बड़े हैं और इसलिए उनके पास अधिक अनुभव है। वह स्थिति को समझने और अपना दृष्टिकोण देने की परिपक्वता रखते हैं। आगे अर्जुन कपूर ने कहा, मैं थोड़ा नाप-तोल के लोगों को एक दृष्टिकोण दे सकता हूं। अर्जुन कपूर का कहना है कि जब भी वह किसी समस्या में फंस जाती हैं तो वह अपनी बहनों को सिक्के के दोनों पहलुओं के बारे में बताते हैं और यह उन्हें तय करना है कि वे क्या चाहती हैं।


## जान्वही के साथ करना चाहते हैं अभिनय

जान्हवी कपूर के बारे में बात करते हुए अर्जुन ने कहा कि वह उनके साथ काम करने के बारे में बात करते हैं क्योंकि वे एक ही पेशे में हैं। उन्होंने यह भी कहा, आप सुनते हैं, और आप उनसे सीखते भी हैं। अर्जुन ने कहा, आपको एक-दूसरे के लिए वहां रहने की आवश्यकता है, जहां उन्हें आपकी जरूरत हो। हम भाई और बहन हैं, लेकिन हमें अपने गहरे संबंधों को खोजने के लिए एक लंबा सफर तय करना है।



# बड़े वेब सीरीज के ऑफर को पवित्रा ने दिखाया ठेंगा, इंटीमेट सीन से किया तौबा

टीवी अभिनेत्री पवित्रा पुनिया बिग बॉस के बाद से ही फैंस के बीच लाइमलाइट में बनी हुई हैं। पवित्रा अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। पिछले दिनों अभिनेत्री ने पूर्व प्रेमी एजाज खान पर उन पर धर्म परिवर्तन करने का आरोप भी लगाया था। हालांकि, अब पवित्रा ने मनोरंजन जगत से खुद को दूर करने की वजह बताई है और बताया है कि क्यों वह ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नहीं आ रही हैं। पवित्रा ने टेली मसाला के साथ एक इंटरव्यू में कहा, मैं सीरीज में अपने कपड़ों और सीन्स को लेकर ज्यादा कंफर्टेबल नहीं थी, इसलिए मैंने मना कर दिया। पवित्रा ने आगे कहा कि मुझे कुछ सीन्स करने में आपत्ति थी, जो मैं करती तो शायद छा जाती, मैंने बहुत सारे काम छोड़े हैं।



# अंडर-19 महिला एशिया कप : भारत ने श्रीलंका को हराकर फाइनल में बनाई जगह, अब खिताब पर नजरें

कुआलालंपुर (एजेंसी)। बाएं हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला ने शानदार 4 विकेट लेकर भारत को शुक्रवार को बेयूमास क्रिकेट ओवल में श्रीलंका को 4 विकेट से हराकर अंडर-19 महिला एशिया कप के फाइनल में प्रवेश दिलाया। भारत की पिछली सुपर फोर जीत में बांग्लादेश के खिलाफ तीन विकेट लेने वाली आयुषी ने 4-10 के आंकड़े हासिल किए और श्रीलंका को 20 ओवरों में 98/9 पर सीमित करने में अहम भूमिका निभाई।

उन्हें साथी बाएं हाथ की स्पिनर परुनिका सिसोदिया का अच्छा साथ मिला जिन्होंने दो विकेट लिए, जबकि शबनम शकील और द्रिथी केसरी ने एक-एक विकेट लिया, क्योंकि मनुदी नानायकारा के 33 रन को छोड़कर श्रीलंका की कोई भी बल्लेबाज 25 तक नहीं पहुंच सकी। ईश्वरी अवसारे और सानिका चालके को जल्दी खोने के बावजूद जी त्रिशा और जी कमलिनी ने सुनिश्चित किया कि 99 रन का पीछा करने की भारत की कोशिश पटरी पर रहे।

2023 महिला अंडर 19 टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य त्रिशा ने 24 गेंदों में 32 रन बनाए और जी कमलिनी के साथ 63 रनों की साझेदारी की जिन्होंने 26 गेंदों में 28 रन बनाए। श्रीलंका ने मैच में वापसी की क्योंकि चामुदी मुनासिंघे ने त्रिशा को आउट कर दिया लेकिन शांत और धैर्यवान मिथिला विनोद ने चार चौके लगाए जिसमें विजयी रन भी शामिल था, और 12 गेंदों पर 17 रन बनाकर नाबाद रहीं जिससे भारत ने 14.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

आयुषी को उनके चार चौकों के लिए अंततः प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत अब रविवार को बयूमास क्रिकेट ओवल में होने वाले टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण के खिताबी मुकाबले में बांग्लादेश-नेपाल सुपर फोर गेम के विजेता से भिड़ेगा।



# चौथे और पांचवें टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान, 19 साल का युवा टीम में शामिल



लुसैल (कतर) (एजेंसी)। मेलबर्न = ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के चौथे और पांचवें टेस्ट के लिए टीम की घोषणा कर दी है। युवा सैम कोंस्टास को आस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया जबकि सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी को जगह नहीं मिल सकी है। 19 वर्ष के कोंस्टास पिछले 70 साल में ऑस्ट्रेलिया के सबसे युवा टेस्ट बल्लेबाज होंगे। पहले तीन टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के शीर्षक्रम खासकर मैकस्वीनी के खराब प्रदर्शन के बाद कोंस्टास को टीम में जगह मिली।

पर्थ में पहले टेस्ट में पदार्पण करने वाले 25 वर्ष के मैकस्वीनी एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके और छह पारियों में 10, 0, 39, नाबाद 10, 9 और चार स्कोर किया। वहीं कोंस्टास ने न्यू साउथवेल्स के लिए शेफील्ड शील्ड के दो मैचों में शतक जमाया। भारत ए के खिलाफ एमसीजी पर मैच में उन्होंने नाबाद 73 रन बनाए जबकि कैनबरा में भारत के खिलाफ प्रधानमंत्री एकादश के लिए गुलाबी गेंद के मैच में 107 रन की पारी खेली।

ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, 'सैम को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उसकी बल्लेबाजी की शैली अलग है। हमें विश्वास है कि नाथन के पास काबिलियत है और उसे भविष्य में टेस्ट क्रिकेट में और मौके मिलेंगे। उसे बाहर रखने का फैसला कठिन था।'

### चौथे और पांचवें टेस्ट के लिए आस्ट्रेलियाई टीम

पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबोट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, झाय रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

# पृथ्वी को एमसीए ने करारा जवाब दिया, अनुशासन में रहें



### -फिटनेस और रवैया सुधारें

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने विजय हजारे ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल नहीं किये जाने पर आलोचना कर रहे बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को करारा जवाब दिया है। एमसीए के एक अधिकारी ने कहा कि पृथ्वी ने लगातार अनुशासन तोड़ा है और उसकी हरकतों से हमें शर्मिंदा होना पड़ता है। इसलिए टीम से बाहर किसे जाने का कारण स्वयं वह है। एमसीए ने कहा कि पृथ्वी स्वयं ही अपना दुश्मन है। खराब फिटनेस, रवैये और अनुशासन के कारण कई बार टीम को मैदान पर उसे छुपाना तक पड़ा है।

इससे पहले इस युवा क्रिकेटर ने 16 सदस्यीय विजय हजारे ट्रॉफी टीम में जगह नहीं मिलने पर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी नाराजगी जतायी थी। इस क्रिकेटर का कहना है कि इससे पहले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने वाली मुंबई टीम में वह शामिल था। अधिकारी ने कहा, 'सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हम 10 फील्डरों के साथ खेल रहे थे क्योंकि पृथ्वी को छिपाना पड़ता था। गेंद उसके पास से निकल जाती थी और वह पकड़ नहीं पाता था। उन्होंने कहा, 'बल्लेबाजी के दौरान भी उसे गेंद तक पहुंचने में परेशानी हो रही थी। उसकी फिटनेस, अनुशासन और रवैया खराब है और अलग-अलग खिलाड़ी के लिए अलग नियम नहीं हो सकते। टीम में सीनियर खिलाड़ी भी उसके रवैये की शिकायत करने लगे थे।

ट्रॉफी के दौरान वह नियमित तौर पर अभ्यास सत्रों से गायब रहे और पूरी रात बाहर रहने के बाद सुबह छह बजे टीम होटल पहुंचते थे। अधिकारी ने कहा कि मैदान से बाहर की हरकतों के कारण ही ये क्रिकेटर अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं कर पा रहा है। इसलिए उसे सोशल मीडिया पोस्ट भेजने की जगह अपने को ठीक करना चाहिये।

# पाकिस्तान का ऑलराउंड प्रदर्शन, दक्षिण अफ्रीका को बड़े अंतर से हराया

केपटाउन (एजेंसी)। कप्तान मोहम्मद रिजवान (80), बाबर आजम (73) और कामरान गुलाम (63) रनों की अर्धशतकीय पारियों के बाद शाहीन शाह अफरीदी (चार विकेट) तथा नसीम शाह (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 81 रनों से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

पाकिस्तान के 329 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान तेम्बा बवूमा और टोनी डीजॉर्जी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 34 रन जोड़े। छठे ओवर में नसीम शाह ने तेम्बा बवूमा (12) को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 12वें ओवर में अबरार अहमद ने डीजॉर्जी (34) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को दूसरा झटका दिया।

रासी वान दर दुसें (23), एडन मारक्रम (21) और डेविड मिलर (29) रन बनाकर आउट हुई। हाइनरिक क्लासन ने 74 गेंदों में आठ चौकों और चार छक्कों की मदद से (94) रनों की पारी खेली। पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे इसके बाद दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 43.1 ओवर में 248 रन पर सिमट गई। कामरान गुलाम को उनकी आतिशी बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच% से नवाजा गया। पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी ने चार विकेट तथा नसीम शाह ने तीन विकेट लिए। अबरार अहमद को दो विकेट मिले। आगा सलमान ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



इससे पहले कल देर रात खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 330 रनों का लक्ष्य दिया था। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में अब्दुल्लाह शफीक (पांच) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाज करने आये बाबर आजम ने सईम अयूब के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 10वें ओवर में वेना मफाका ने सईम अयूब (25) को आउट कर पाकिस्तान को दूसरा झटका दिया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान मोहम्मद रिजवान ने बाबर आजम के साथ तीसरे विकेट के लिए 115 रनों की साझेदारी की। तीसरे विकेट के रूप में बाबर आजम (73) रन बनाकर आउट हुये। आगा सलमान (33), इरफान खान (15) और शाहीन शाह अफरीदी (16) रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद रिजवान ने 82 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए (80) रन बनाए। वही कामरान गुलाम ने 32 गेंदों में चार चौके और पांच छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में (63) रनों की पारी खेली। पाकिस्तान की पूरी टीम निर्धारित 50 ओवरों में 329 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से वेना मफाका ने चार विकेट लिए। मार्को यानसन को तीन विकेट मिले। ब्योर्न फोर्टेन और एंडिले फेहुक्वायो ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# मेरे करियर के अंतिम दिन का कॉल लॉग ऐसा अंदाजा नहीं था : अश्विन

चेन्नई। अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय से संन्यास वाले दिन को याद कर कहा है कि अगर किसी ने मुझसे 25 साल पहले कहा होता कि इस दिन मेरे पास स्मार्ट फोन होगा और बतौर भारतीय क्रिकेटर मेरे करियर के आखिरी दिन का कॉल लॉग ऐसा होगा तो मैं मुझे उसी दिन हार्ट अटैक आ गया होता। अश्विन ने तीसरे टेस्ट मैच के ठीक बाद अचानक ही संन्यास की घोषणा कर दी थी। उनके संन्यास से खेलजगत हैरान रह गया था. किसी को भी अंदाजा नही था कि जिस गेंदबाज ने 537 टेस्ट विकेट लिए हैं, वह क्रिकेट से इस प्रकार संन्यास ले लेगा। टीम में शामिल तो अश्विन के फैसले से हैरान ही थी, अश्विन को संन्यास लेने के बाद दिग्गज क्रिकेटरों ने भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। अश्विन ने अपने अंतिम दिन के कॉल लॉग का स्क्रीनशॉट भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। इसमें अश्विन के पिता के अलावा 4 लोगों के नाम देखे जा सकते हैं। इन 4 नामों में सचिन तेंदुलकर और कपिल देव शामिल है1 वही दो अन्य नाम चीना और सुद हैं। पूर्व कप्तान. कपिल देव ने अश्विन के संन्यास पर हैरानी जताई थी.

# शमी दिल्ली के खिलाफ विजय हजारे टॉफी के शुरुआती मुकाबले से हटे, फिटनेस पर उठे सवाल


कोलकाता। भारतीय क्रिकेट टीम में वापसी का प्रयास कर रहे बंगाल के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी शनिवार को हैदराबाद में दिल्ली के खिलाफ होने वाले विजय हजारे टॉफी के शुरुआती मुकाबले से हट गये हैं। इससे एक बार फिर शमी की फिटनेस पर सवाल उठने लगे हैं। शमी 2023 एकदिवसीय विश्व कप के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर हैं। उन्होंने टखने की सर्जरी के एक साल के बाद रणजी ट्रॉफी से घरेलू क्रिकेट में वापसी की थी। इस दौरान उन्होंने अच्छी गेंदबाजी कर करीब सात विकेट लिए।

उन्होंने हाल में समाप्त हुई सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी नौ विकेट लिए थे पर घुटने में आ रही सूजन के कारण वह फिटनेस हासिल नहीं कर पा रहे हैं। इसी कारण उनकी भारतीय टीम में वापसी भी रुकी हुई है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने भी हाल में कहा था कि शमी जब भी टीम में चाहें वापसी कर सकते हैं पर पहले उन्हें फिटनेस हासिल करनी होगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ही उनके रिहैबिलिटेशन को देख रही है और वही उनकी फिटनेस पर कुछ कह सकती है। रोहित ने कहा कि मैं समझता हूं कि वह घर पर बहुत क्रिकेट खेल रहे हैं पर उनके घुटने को लेकर अब भी कुछ चिंतायें हैं। हम तब तक कोई जोखिम नहीं लेंगे जब तक कि हम उनकी फिटनेस के बारे में सुनिश्चित नहीं हों। वहीं विजय हजारे ट्रॉफी में शमी की भागीदारी को चैंपियंस ट्रॉफी सहित आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए उनकी उपलब्धता निर्धारित करने की दिशा में एक अहम कदम के रूप में देखा जा रहा हैं पर इसके लिए उन्हें फिटनेस हासिल करनी होगी।

# बैडमिंटन में 2024 में ओलंपिक में मिली निराशा, कुछ सफलताएं और कुछ नए वादे

नई दिल्ली (एजेंसी)। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शानदार जोड़ी ने जहां भारतीय बैडमिंटन में एक अमिट छाप छोड़ी तो वहीं लक्ष्य सेन की पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक मैच में मिली हार इस साल कड़वे अनुभवों में शामिल रही। पूरे साल मीठे अनुभवों पर अकसर निराशा का साया रहा। सात्विक और चिराग के लिए अच्छा और बुरा दोनों समय रहे क्योंकि यह जोड़ी चार फाइनल में पहुंची और दो खिताब जीते जिससे ऐतिहासिक ओलंपिक पदक की उम्मीद जगी। लेकिन पेरिस ओलंपिक में क्वार्टरफाइनल से बाहर होने के साथ उनका अभियान निराशा में समाप्त हो गया।

एशियाई खेलों के चैम्पियन ने फ्रेंच ओपन सुपर 750 और थाईलैंड सुपर 500 में खिताब जीतकर दुनिया की शीर्ष जोड़ियों में अपना दर्जा मजबूत किया। यह जोड़ी मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया सुपर 750 में उप विजेता रही लेकिन 8 साल में दूसरी दफा ओलंपिक जीतने का सपना पूरा नहीं हो पाया। इस हार के बाद उनके दानिश कोच माथियास बो ने इस्तीफा दे दिया, लेकिन मलेशिया के टैन किम हर की वापसी ने आत्मविश्वास बढ़ाया।



टैन किम हर को सात्विक और चिराग को एक साथ लाने का श्रेय दिया जाता है। वहीं सेन के लिए यह बहुत करीब और फिर भी दूर का मामला रहा। वह पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए उम्मीद की किरण थे। साल की शुरुआत में फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियंस के सेमीफाइनल तक के सफर ने उनकी खराब फॉर्म से वापसी कराई और पहले ओलंपिक पदक के सपने को जगा दिया। हालांकि अल्मोड़ा का यह 23 वर्षीय खिलाड़ी ओलंपिक में कांस्य पदक के मैच में बुरी तरह हार गया। हालांकि उनके सैयद मोदी इंटरनेशनल में खिताबी जीत ने आगामी सत्र के लिए उम्मीद की किरण जगाई।

भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के लिए साल निराशाजनक रहा। उन्होंने अपने कोचिंग स्टाफ में कई बदलाव किये और महान बैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग के लिए बेंगलुरु चली गईं। लेकिन उनका टूर्नामेंट के शुरूआत में बाहर होना जारी रहा जिससे उनकी फॉर्म और फिटनेस से संघर्ष उजागर हुआ। वह मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंची लेकिन तीसरा ओलंपिक पदक जीतने का सपना प्री क्वार्टरफाइनल में मिली हार से खत्म हो गया। हालांकि इस 29 साल की खिलाड़ी ने अपना सत्र सैयद मोदी इंटरनेशनल खिताब जीतकर समाप्त किया और वह इस महीने के अंत में परिणय सूत्र में बंधने के लिए तैयार हैं। एचएस प्रणय के लिए यह सत्र दृढ़ता और प्रतिकूलता भरा रहा। उनके हमवतन खिलाड़ी जहां बेहतर प्रतिद्वंद्वियों से हार गए तो वहीं प्रणय फिर अपने स्वास्थ्य से जूझते रहे। ओलंपिक से ठीक पहले पेट से जुड़ी समस्या और चिकनगुनिया से जूझता हुआ यह खिलाड़ी दृढ़ता से पेरिस के नॉकआउट चरण में पहुंचने में सफल रहा, हालांकि वह अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिखा। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के ओलंपिक में पदक नहीं जीतने से निराश पूर्व आल इंग्लैंड चैम्पियन पादुकोण ने खिलाड़ियों से जवाबदेही की बात तक कह डाली।

वहीं अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो तथा गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की दो महिला युगल जोड़ियों ने कुछ अच्छा प्रदर्शन दिखाया और भारतीय बैडमिंटन की लय को जारी रखा। अश्विनी और तनीषा का पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना किसी चमत्कार से कम नहीं था क्योंकि दोनों की रैंकिंग साल के शुरू में काफी सामान्य थी। हालांकि यह जोड़ी पेरिस में जल्दी बाहर हो गई लेकिन गुवाहाटी मास्टर्स में खिताबी जीत ने उनकी जोड़ी पर भरोसा मजबूत किया।

# बांग्लादेश ने तीसरे टी20 में भी वेस्टइंडीज को हराकर 3-0 से सीरीज जीती



किंग्सटाउन। बांग्लादेश ने मेजबान वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 80 रन से हराकर तीसरे टी20 मैच में भी हराकर 3-0 से सीरीज अपने नाम की है। इस मैच में बांग्लादेश ने 7 विकेट पर 189 रन बनाये और मेजबान वेस्टइंडीज को जीत के लिए 190 रनों का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में मेजबान टीम 16.4 ओवर में 109 रनों पर ही सिमट गयी। इस मैच में बांग्लादेश के गेंदबाज हावी रहे। .वहीं वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड 33 के अलावा एक भी बल्लेबाज 25 रन तक भी नही पहुंच पाया। शेफर्ड के अलावा जॉनसन चार्ल्स ने 23 रन बनाये। बांग्लादेश की ओर से रिशाद हुसैन ने सबसे अधिक 3 विकेट लिए। वहीं तस्कीन अहमद और मेहदी हसन ने 2-2 विकेट लिए। वहीं जाकिर अली ने 72 रन बनाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। जाकिर ने 41 गेंद की अपनी पारी में 6 छक्के और 3 चौके लगाये। उनका स्ट्राइक रेट 175.60 रहा। सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन एमोन ने 39 और मेहदी हसन मिराज 29 ने भी अच्छी पारियां खेलीं। बांग्लादेश ने इससे पहले वेस्टइंडीज को पहले टी20 मैच में 7 रन और दूसरे मैच में 27 रन से हराया था।

# विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप : रोमांचक रेस में 5 टीमें, जानें भारत कैसे पहुंचेगा फाइनल में

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्षा से प्रभावित तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ रहने के बाद वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की दौड़ और रोमांचक हो गई है। आठ मैच बाकी हैं और फाइनल के लिए 5 दावेदार रेस में हैं। इन 5 में से कोई भी टीम ना तो फाइनल में जगह बना पाई है और ना ही पूरी तरह से बाहर है। भारत, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका अभी भी मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं, जबकि श्रीलंका और पाकिस्तान दूसरों के भरोसे अभी भी रेस में हैं।

### दो मैच जीतकर फाइनल में पहुंच सकता है भारत

भारत के लिए सबसे सरल समीकरण है कि वो बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाकी के बचे हुए दोनों मैच जीत जाए जिससे अंक प्रतिशत 60.53 हो जाएगा और टीम बिना किसी अन्य परिणाम पर निर्भर रहे फाइनल में पहुंच जाएगी खेल पाएगी। सीरीज 3 अभी एक-एक की बराबरी पर है।



### 2 जीत और 1 ड्रॉ से फाइनल खेलेंगा ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया को क्वालीफाई करने के लिए 2 जीत और 1 ड्रॉ की आवश्यकता है। यदि कंगारू भारत के खिलाफ अपने शेष दो टेस्ट में केवल ड्रॉ करते हैं तो उन्हें श्रीलंका के खिलाफ दो जीत की आवश्यकता होगी ताकि वे 58.77 पर समाप्त हों, जो भारत (57.02) से आगे होगा। अन्यथा दक्षिण अफ्रीका को पाकिस्तान से कम से कम 1-0 से हारना होगा। यदि ऑस्ट्रेलिया मेलबर्न और सिडनी में ये 2 टेस्ट जीतता है, तो वह अन्य परिणामों की परवाह किए बिना क्वालीफाई कर लेगा।

### दक्षिण अफ्रीका के लिए 2 मैचों में से एक जीतना जरूरी

दक्षिण अफ्रीका को फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ अपने दो टेस्ट में से एक जीतना होगा। अगर वह सीरीज 0-1 से हार जाता है तो ऑस्ट्रेलिया और भारत दोनों ही उसे पार कर सकते हैं। दोनों टेस्ट हारने पर दक्षिण अफ्रीका टीम 52.78 अंक पर आ जाएगा। ऐसे में भारत या ऑस्ट्रेलिया में से कोई एक निश्चित रूप से अपने बचे हुए मैचों में उस अंक को पार कर लेगा।

### श्रीलंका अन्य टीमों पर निर्भर

श्रीलंका टीम ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 2-0 की श्रृंखला जीत के साथ अधिकतम 53.85 तक पहुंच सकती है। ऑस्ट्रेलिया, भारत और दक्षिण अफ्रीका तीनों को उससे नीचे रहने के लिए द. अफ्रीका को पाकिस्तान से 0-2 से ऑस्ट्रेलि को भारत के विरुद्ध दो टेस्ट मैचों में एक जीत और एक ड्रॉ से अधिक नहीं मिलना चाहिए जबकि दक्षिण अफ्रीका को हारना होगा। श्रीलंका हाल ही में दक्षिण अफ्रीका से सीरीज हारा है।

### पाकिस्तान सिर्फ गणितीय संभावना से रेस में

चार में से चार जीत के साथ भी पाकिस्तान 52.38 पर समाप्त होगा, जो कि द. अफ्रीका के 52.78 से थोड़ा कम होगा। हालांकि कई परिणामों के पाकिस्तान के पक्ष में जाने के पर दूसरे स्थान पर रहना संभव है। हालांकि पाकिस्तान के इस मोड़ पर पूरी तरह से बाहर होने की संभावना है।

# भारत-पाक मुकाबले हाइब्रिड मॉडल पर खेले जाने को लेकर भी खुश हैं आमिर

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के मैच कहीं भी हो, दर्शक वहां तक पहुंच जाएंगे। आमिर ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का गतिरोध समाप्त होने पर खुशी जतायी है। उन्होंने कहा कि हाइब्रिड मॉडल (तटस्थ स्थान) पर भारत-पाक मैच होने पर उन्हें खुशी हुई है। उन्होंने कहा कि भले ही भारत-पाकिस्तान मैच चाँद पर क्यों न हो प्रशंसकों को उसका पता मिल ही जाएगा। एक विशेष साक्षात्कार में आमिर ने यह भी कहा कि आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के मामले को हल करने में काफी समय लिया जबकि ये मामला पहले ही हल हो जाना चाहिये था। जय शाह के नये आईसीसी चेयरमैन बनने के बाद सबसे पहले चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी का मामला हल हुआ। इसमें तय किया गया कि भारत अपने मैच पाक के साथ किसी अन्य तटस्थ स्थान पर खेलेगा। इसके साथ ही 2024-27 चक्र में सभी आईसीसी आयोजनों के लिए हाइब्रिड मॉडल तय किया गया है जो भारत या पाक में आयोजित किए जाएंगे। आमिर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के हाइब्रिड मॉडल का स्वागत किया और इसमें भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि एक क्रिकेटर के रूप में मैं चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में तटस्थ स्थान में भारत बनाम पाकिस्तान मैच की घोषणा का स्वागत करता हूं। आमिर ने आगे कहा कि मैं इस बात का स्वागत करता हूं कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच हो रहा है। मैं खुश हूं और मुझे भरोसा है कि वे सभी जो इसे देखना चाहते हैं, वो भी खुश होंगे।

## महिला ने ऑन लाइन मंगाया इलेक्ट्रॉनिक सामान, पार्सल में आ गया मानव-शव

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला को एक पार्सल के द्वारा लाश मिली है। मामले की सूचना मितले ही पुलिस भी हरकत में आई और शव को ऑटोप्सी के लिए भेजा गया है। अब तक साफ नहीं हो सका है कि शव किसका है। महिला घर निर्माण में लगने वाली सामग्री का इंतजार कर रही थी। रिपोर्ट के अनुसार, घटना उंदी मंडल के येंडागांदी गांव की है। नाग तुलसी नाम की एक महिला ने घर बनाने में मदद के लिए क्षत्रिय सेवा समिति को पत्र लिखा था। इसके बाद महिला को समिति की तरफ से टाइल्स भेजे गए थे। इसके बाद जब महिला ने फिर मदद मांगी, तब समिति ने कथित तौर पर इलेक्ट्रॉनिक सामान उपलब्ध कराने का वादा किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, आवेदक को मैसेज मिला कि लाइट, पंखे और स्विच भेज दिए जाएंगे। इसके बाद गुरुवार देर रात एक शख्स उनके घर पहुंचा और पार्सल छोड़कर चला गया। साथ ही महिला को बताया कि पार्सल में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण हैं। बाद में जब तुलसी ने बॉक्स खोला, तब वह दंग रह गई। बॉक्स में एक शव मिला। इसके बाद हैरान परिवार ने पुलिस को तत्काल इसकी सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। बाद में शव को ऑटोप्सी के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खबर है कि बॉक्स में एक लेटर भी मिला है, इसमें परिवार से 1.30 करोड़ रुपये की मांग की गई है। साथ ही कहा गया है कि रकम नहीं मिलने पर गंभीर परिणाम होगा।

## संजय राउत के घर की रेकी, बाइक सवार युवकों की तलाश में मुंबई पुलिस

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के घर की रेकी का मामला सामने आया है। सांसद राउत के परिवार का आरोप है कि बाइक पर सवार दो लोग उनके घर की रेकी करने आए थे। ये दोनों व्यक्ति हेलमेट और मास्क पहने हुए थे और उनके घर की तस्वीरें भी लीं। राउत के परिवार ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। संजय राउत के भाई और शिवसेना (यूबीटी) विधायक सुनील राउत ने बताया कि भांडुप इलाके में स्थित संजय राउत के घर के पास दो बाइक सवार युवकों ने 20 दिसंबर की सुबह रेकी की। दोनों बाइक सवारों ने घर की तस्वीरें ली, इस लेकर राउत परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बात दें कि राउत अक्सर अपने बयानों के कारण सुर्खियों में रहते हैं। वह 15 नवंबर 1961 को अलीबाग, महाराष्ट्र में जन्मे थे और उनकी शिक्षा मुंबई विश्वविद्यालय से हुई है। राउत की शादी वर्षा राउत से 1993 में हुई थी और उनके दो बच्चे हैं।

## दिल्ली में फिर डीपीएस स्कूल को मिली धमकी

नई दिल्ली। स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियों का सिलसिला थम नहीं रहा है। शुक्रवार को सुबह सुबह एक बार फिर दिल्ली के डीपीएस स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिला है। जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने परिसर में तलाशी अभियान प्रारंभ किया। पुलिस ने यह जानकारी दी है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि हमें द्वारका सेक्टर-23 स्थित डीपीएस से बम की धमकी के बारे में सुबह पांच बजकर दो मिनट पर फोन आया। तलाशी अभियान के दौरान फिलहाल कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली है। पुलिस पूरे माले की जांच कर रही है। बता दें कि पिछले 11 दिन में यह छठी बार है जब राष्ट्रीय राजधानी के स्कूलों को ऐसी धमकियां मिली हैं।

## जी सिनेमा पर देखिए 'वेदा' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर - साहस

मुंबई : इस वीकेंड जी सिनेमा लेकर आ रहा है 'वेदा', जो हौसले, इंसाफ और उम्मीद की एक शानदार मिसाल है। जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ जैसे शानदार कलाकारों के साथ यह फिल्म शनिवार, 21 दिसंबर को रात 8 बजे दिखाई जाएगी। सच्ची घटनाओं से प्रेरित यह कहानी दमदार एक्शन, गहरे इमोशन और सोचने पर मजबूर करने वाले लम्हों से लबरेज है। फिल्म के डायरेक्टर निखिल आडवाणी ने इसमें समाज के अहम मुद्दों को उठाया है, जैसे भेदभाव और समानता के लिए संघर्ष। इस फिल्म में जॉन अब्राहम ने एक ऐसे फौजी का किरदार निभाया है, जो अपने सिद्धांतों के लिए लड़ते हैं और हर सीन में अपना जज्बा दिखाते हैं। शरवरी वाघ ने एक छोटे शहर की लड़की का किरदार निभाया है, जो मुश्किल हालात में भी हिम्मत नहीं हारती। उनका किरदार न सिर्फ युवाओं को प्रेरित करता है, बल्कि समानता के लिए लड़ाई का प्रतीक भी बनता है। फिल्म में अभिषेक बनर्जी ने एक बेरहम सरपंच का किरदार निभाया है, जो कहानी में गहराई और सस्पेंस जोड़ता है। इसके अलावा, दमदार एक्शन सीन और शानदार विजुअल्स फिल्म के मैसेज को बड़े प्रभावशाली ढंग से पेश करते हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए निखिल आडवाणी ने कहा, जॉन और मैं हमेशा ऐसी कहानियां बनाना चाहते हैं जो दर्शकों को छू सकें। 'वेदा' के जरिए हम कुछ ऐसा दिखाना चाहते थे, जो भावुक और असरदार हो। उम्मीद है कि जी सिनेमा पर इसके प्रीमियर के साथ इसे ज्यादा से ज्यादा लोग देखेंगे और समझेंगे कि ये कहानी कितनी अहम है। 'वेदा' एक छोटे शहर की लड़की की कहानी है, जिसके बड़े सपने और अरमान हैं। उसे और उसके परिवार को जातिगत भेदभाव का सामना करना पड़ता है, लेकिन वो पीछे हटने को तैयार नहीं। अपनी हिम्मत और हक के लिए लड़ते हुए, उसकी मुलाकात एक सैनिक से होती है, जो उसकी लड़ाई में उसकी ताकत बनता है। तो तैयार हो जाइए! देखिए 'वेदा' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर, शनिवार, रात 8 बजे, सिर्फ जी सिनेमा पर!

# शाह ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलरेन्स पर कहा- जल्द ही आतंक मुक्त होगा जम्मू और कश्मीर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में जम्मू और कश्मीर पर उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव, निदेशक (आईबी), रॉ प्रमुख, सेनाध्यक्ष, जीओसी-इन-सी (उत्तरी कमान), डीजीएमओ, जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशक और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलरेन्स की नीति के तहत, हम जल्द से जल्द 'आतंकमुक्त जम्मू और कश्मीर' के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे और इसके लिए सभी संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार, सभी सुरक्षाबलों के एकजुट प्रयासों के साथ जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद पर संपूर्ण वर्चस्व स्थापित करने के प्रति कटिबद्ध है। शाह ने कहा कि विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर के लोगों की अभूतपूर्व भागीदारी से पता चलता है कि उनका देश के लोकतंत्र पर पूरा विश्वास है। गृह मंत्री ने आतंकी घटनाओं, घुसपैठ और आतंकवादी संगठनों में युवाओं की भर्ती में उल्लेखनीय गिरावट के लिए सुरक्षा एजेंसियों के प्रयासों की सराहना की।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के निरंतर और समन्वित प्रयासों के कारण जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का इको-सिस्टम लगभग खत्म हो गया है। उन्होंने सभी सुरक्षा एजेंसियों को जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने के लिए समन्वित तरीके से काम जारी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने एरिया डॉमिनेशन प्लान और ज़ीरो टेरर प्लान का कार्यान्वयन मिशन मोड में करने पर ज़ोर दिया।

## योगी का विरोधियों को जबाव, संभल हिंसा में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर-मस्जिद विवाद पर बड़ा बयान दिया है। अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने कहा कि यदि हमें विश्व मानव सभ्यता को बचाना है, तब सनातन धर्म का सम्मान करना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-मनीषियों ने वसुधैव कुटुम्बकम का सिद्धांत दिया था, और सनातन धर्म ही ऐसा धर्म है जिसने कठिन समय में अन्य धर्मों और मतों को शरण दी। सीएम योगी ने भारतीय इतिहास में हिंदू मंदिरों को बार-बार तोड़ने का जिक्र किया। उन्होंनेकहा, क्या कभी हिंदुओं के साथ ऐसा हुआ? क्या हुआ बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में? कभी काशी विश्वनाथ धाम, कभी अयोध्या में, कभी संभल में, तब कभी भोजपुर में हर समय हिंदुओं के मंदिरों को तोड़ा गया। योगी ने इतिहास के विवादास्पद शासक औरंगजेब पर भी कड़ा हमला किया। उन्होंने कहा, औरंगजेब का खानदान अब कोलकाता के पास रिक्शा चला रहा है। अगर उसने ईश्वर की दुर्गति नहीं की होती, तब उसकी औलादों को ये दिन नहीं देखना पड़ता। इस दौरान सीएम योगी ने हाल ही में हुई संभल हिंसा पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि 1947 से अब तक संभल में 209 हिंदुओं की हत्या हो चुकी है, और जिन लोगों ने कभी इस मुद्दे पर आवाज नहीं उठाई, वे अब मारे गए लोगों के लिए आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संभल हिंसा में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट में मान सरकार ने दिया डल्लेवाल की सेहत का अपडेट, सभी पैरामीटर सामान्य



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** किसान आंदोलन के बीच आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से डल्लेवाल की हेल्थ रिपोर्ट देने को कहा था, जिसके बाद पंजाब सरकार ने उनकी मेडिकल रिपोर्ट पेश की।

पंजाब सरकार ने अदालत को बताया कि डल्लेवाल की ईसीजी सामान्य है और सभी पैरामीटर सामान्य सीमा में हैं। उनका हार्ट भी सामान्य काम कर रहा है। राज्य के एजी गुरमिंदर सिंह ने कहा कि डल्लेवाल अब अपनी मेडिकल जांच में सहयोग कर रहे हैं। इसके अलावा, कोर्ट ने आदेश दिया कि डल्लेवाल की स्थिति की निगरानी के लिए उन्हें धरने वाली जगह के पास अस्थायी अस्पताल में शिफ्ट किया जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने 19 दिसंबर को मान सरकार से कहा था कि वे डल्लेवाल की स्वास्थ्य की जांच करे और उसकी रिपोर्ट अदालत में पेश करे। कोर्ट ने मान सरकार को फटकार लगाकर पूछा था कि वे अनशन पर बैठे डल्लेवाल की मेडिकल जांच क्यों नहीं कर रही है। डल्लेवाल कैंसर के मरीज हैं और वह फसलों पर एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) की कानूनी गारंटी सहित कई अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

डॉक्टरों की रिपोर्ट के मुताबिक, डल्लेवाल का ब्लड प्रेशर कम हो गया था और उनके पैरों की मालिश की गई थी। हालांकि, उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है और डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि उनकी जान खतरे में हो सकती है। डॉक्टरों का कहना था कि उनका कीटोन्स का स्तर बहुत अधिक है और इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन के कारण किसी भी समय कार्डियक अरेस्ट हो सकता है।

# 23 दिसंबर से पश्चिम चंपारण से सीएम नीतीश शुरु करेंगे प्रगति यात्रा

**- योजनाओं का जमीनी हकीकत जानेंगे और विकास कार्यों का करेंगे निरीक्षण**



**पटना (एजेंसी)।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार प्रगति यात्रा की शुरुआत 23 दिसंबर को पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर से करेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य सरकार की योजनाओं का जमीनी हकीकत से रूबरू होना और विकास कार्यों का निरीक्षण करना है। सीएम नीतीश सबसे पहले वाल्मीकिनगर के घोटहवा टोला पहुंचेंगे, जहां वह लोगों को संबोधित करेंगे और सरकार द्वारा किए गए कार्यों का ब्यौरा देंगे। इसके बाद वह मझौलिया के धोकरहा पंचायत स्थित शिकारपुर गांव जाएंगे। यहां वह मनरेगा पार्क का दौरा करेंगे जिसे विशेष रूप से सजाया जा रहा है।

प्रगति यात्रा के दौरान सीएम नीतीश एसडीआरएफ ट्रेनिंग सेंटर और मनरेगा पार्क का उद्घाटन करेंगे। इन योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के चहुंमुखी विकास को बढ़ावा देना है। इसके बाद सीएम बेतिया के कठईया जाएंगे, जहां वह बाईपास रोड का निरीक्षण करेंगे। प्रगति यात्रा का यह पहला चरण 23 से 28 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार पश्चिम चंपारण के अलावा मोतिहारी, शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली और मुजफ्फरपुर जिलों का भी दौरा करेंगे। यात्रा के दूसरे चरण का शेड्यूल फिलहाल जारी नहीं किया गया है।

सीएम नीतीश की इस यात्रा को लेकर विपक्ष ने सवाल खड़े किए हैं। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इसे राजनीतिक ड्रामा बताते हुए कहा कि सरकार को पहले अपनी विफलताओं का जवाब देना चाहिए। जिला प्रशासन की टीम सीएम के दौरे को लेकर पूरी तरह सक्रिय है। बेतिया के जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय और एसपी डॉक्टर शौर्य सुमन तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। सीएमए नीतीश कुमार की यह यात्रा जनता से सीधे संवाद और विकास योजनाओं का आकलन करने की दिशा में एक अहम कदम है।

## सुप्रीम कोर्ट की दो टूक : पति से जबरन वसूली के लिए कानून नहीं है

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून के सख्त प्रावधान महिलाओं की भलाई के लिए हैं न कि उनके पतियों को 'दंडित करने, धमकाने, उन पर हावी होने या उनसे जबरन वसूली करने' के लिए। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस पंकज मिथल ने कहा कि हिंदू विवाह एक पवित्र प्रथा है, जो परिवार की नींव है, न कि कोई व्यावसायिक समझौता। कोर्ट ने कहा, महिलाओं को इस बात को लेकर सावधान रहने की जरूरत है कि उनके हाथों में कानून के ये सख्त प्रावधान उनकी भलाई के लिए हैं, न कि उनके पतियों को दंडित करने, धमकाने, उन पर हावी होने या उनसे जबरन वसूली करने के साधन के रूप में हैं। पीठ ने कहा कि विशेष रूप से वैवाहिक विवादों से संबंधित अधिकांश शिकायतों में दुष्कर्म, आपराधिक धमकी और विवाहित महिला से क्रूरता करने सहित भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं को लगाने के लिए शीर्ष अदालत ने कई मौकों पर फटकार लगाई है। पीठ ने यह टिप्पणी अलग-अलग रह रहे एक दंपति के विवाह को समाप्त करते हुए कहा कि यह रिश्ता पूरी तरह से टूट चुका है। पीठ ने कहा, आपराधिक कानून के प्रावधान महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए हैं लेकिन कभी-कभी कुछ महिलाएं इनका इस्तेमाल ऐसे उद्देश्यों के लिए करती हैं, जिनके लिए वे कभी नहीं होते। इस मामले में पति को एक महीने के भीतर अलग रह रही पत्नी को उसके सभी दावों के पूर्ण और अंतिम निपटान के रूप में स्थायी गुजारा भत्ता के रूप में 12 करोड़ रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया गया था।

# उत्तराखंड के सभी मदरसों का होगा वेरिफिकेशन

**धामी सरकार का आदेश, 30 दिन में पूरा होगा काम**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड पुलिस ने राज्य में कुछ मदरसों के अवैध रूप से चलने की शिकायतों के बाद मदरसों की जांच करने का आदेश दिया है. पुलिस महानिरीक्षक (अपराध और कानून व्यवस्था) निलेश आनंद भरणे ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय से डीजीपी को इस संबंध में निर्देश मिलने के बाद यह आदेश जारी किया गया है. उन्होंने कहा कि यह जांच प्रक्रिया बच्चों की सुरक्षा और राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक है. आईजीपी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध गतिविधियों को रोकना और यह सुनिश्चित करना है कि सभी मदरसे कानूनी ढांचे के भीतर कार्य करें. सभी जिलों को एक महीने के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है. जांच अभियान का फोकस यह पता लगाने पर होगा कि मदरसों के पास पंजीकरण है या नहीं और सभी जरूरी दस्तावेज हैं या नहीं. इसके अलावा, मदरसों के वित्त पोषण के स्रोत और वहां पढ़ रहे बच्चों की जांच भी की जाएगी.


### उत्तराखंड के मदरसों में पढ़ाई जाएगी संस्कृत और अरबी

हाल ही में उत्तराखंड मदरसा एजुकेशन बोर्ड ने उत्तराखंड के मदरसों में संस्कृत विषय शामिल करने का फैसला लिया था. इसके साथ ही यह फैसला भी लिया गया कि अरबी भाषा की शिक्षा भी दी जाएगी. इस बात की जानकारी उत्तराखंड मदरसा एजुकेशन बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून काजमी ने दी थी. उन्होंने कहा था कि संस्कृत और अरबी दोनों प्राचीन भाषाएं हैं और इनमें आपस में कई समानताएं हैं. हमारे मदरसों में एनसीईआरटी का कोर्स लागू किया और 96.5 पर्सेंट बच्चे पास हुए हैं. हम उन बच्चों को मेन स्ट्रीम से जोड़ रहे हैं जिसे पूर्व सरकारों ने भय दिखाकर मुख्यधारा से काटा था.

### उत्तर प्रदेश मदरसों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का आदेश

संबंधित मामले में, उत्तर प्रदेश में 5 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने 2004 के राज्य कानून को संवैधानिक रूप से वैध ठहराया था, जो मुस्लिम अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थानों को नियंत्रित करता है. कोर्ट ने कहा था कि एक कानून को धर्मनिरपेक्षता के आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता. सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी करते हुए कहा कि धर्मनिरपेक्षता का सकारात्मक विचार राज्य से यह अपेक्षा करता है कि वह अल्पसंख्यक संस्थाओं को धर्मनिरपेक्ष संस्थाओं के समान दर्जा दे और सभी को समान रूप से मान्यता दे, चाहे उनका विश्वास और धर्म कुछ भी हो. यह आदेश सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा कानून की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखते हुए दिया. इस फैसले ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 22 मार्च के आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें मदरसा कानून को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करार दिया गया था.

# मंदिर-मस्जिद विवादों को उठाना स्वीकार्य नहीं



* यह कह संघ प्रमुख भागवत ने जताई चिंता
* हिंदु-मुस्लिम कर समाज में पैदा कर रहे तनाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने देश में चले रहे मंदिर-मस्जिद विवादों को फिर से उठाने (उभारने) पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोग इन विवादों को उठाकर हिंदुओं के नेता बनने का प्रयास कर रहे हैं, जो समाज में और ज्यादा तनाव पैदा कर सकते हैं।

भागवत ने आगे कहा कि यह स्थिति स्वीकार्य योग्य नहीं है और ऐसे विवादों का उठना समाज की एकता को नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने इस मुद्दे पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि राम मंदिर का निर्माण हिंदू आस्था का विषय था, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि ऐसे विवादों को फिर से तूल दिया जाए। आरएसएस प्रमुख ने समावेशी समाज की जरुरत पर बल दिया और कहा कि भारतीय समाज अपनी विविधता के साथ शांति और सद्भावना से रह सकता है। उन्होंने उदाहरण के तौर पर रामकृष्ण मिशन में क्रिसमस मनाए जाने की बात कही और इसे भारतीय समाज की परंपरा का हिस्सा बताया। उन्होंने यह भी साफ किया कि भारत अब संविधान के अनुसार चलता है और किसी भी प्रकार के वर्चस्व की भाषा का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरा रही है कि यहां सभी अपनी-अपनी पूजा पद्धतियों का पालन कर सकते हैं, बशर्ते वे कानून का सम्मान करें।

बता दें इससे पहले मंदिरों के सर्वेक्षण और मस्जिदों के नीचे शिवलिंग की खोज को लेकर अदालतों में कई याचिकाएं दायर की गई थीं, जिनका आरएसएस प्रमुख ने विरोध किया था। भागवत का यह बयान देश में सद्भावना और एकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

# महाकुंभ में लोगों के ठहराने के लिए सरकार घरों को बना रही होम स्टे

* श्रद्धालुओं को मिलेगा घर जैसा पारंपरिक खाना और परिवार जैसा अनुभव

**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ 2025 को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए यूपी सरकार पूरी तरह से जुटी है। इस बार कुंभ में उम्मीद से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। ऐसे में श्रद्धालुओं को ठहराना सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इसे देखते हुए सरकार ने कई उपाय किए हैं, जिनमें स्थानीय घरों को होम स्टे में बदलने की योजना तैयार की जा रही है।

अब तक 26 घरों को होम स्टे बनाया गया है, और 36 अन्य घरों को होम स्टे में तब्दील करने के लिए आवेदन आए हैं। पर्यटन विभाग के मुताबिक होम स्टे में श्रद्धालुओं को घर जैसा माहौल मिलेगा, जिसमें वे पारंपरिक खाना और परिवार जैसा अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। इन घरों में कम से कम दो और अधिकतम पांच कमरे होने चाहिए। साथ ही आग से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और खाने की व्यवस्था मकान मालिकों को ही करनी होगी। इन होम स्टे की जानकारी और बुकिंग महाकुंभ मेला और यूपी पर्यटन की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

इसके अलावा टेंट सिटी और होटलों में ठहरने की व्यवस्था पर भी काम किया जा रहा है। प्रयागराज के सभी छोटे-बड़े होटलों और गेस्ट हाउस की क्षमता का आकलन किया जा रहा है। होटल संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वह श्रद्धालुओं से ज्यादा किराया न वसूलें। इसके अलावा कई हैरिटेज प्रॉपर्टीज को भी ठहरने की सुविधा में तब्दील किया जा रहा है। सरकार आगजनी और अन्य संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों पर भी जोर दे रही है। सभी आवासीय और अस्थायी ठिकानों पर आग से बचाव के इंतजाम किए जा रहे हैं।

पर्यटन विभाग की रीजनल ऑफिसर ने बताया कि श्रद्धालुओं को ठहराने की व्यवस्था करना महाकुंभ की सबसे बड़ी चुनौती है। इसके लिए टेंट सिटी, होम स्टे, होटल और गेस्ट हाउस जैसी सुविधाओं को सक्रिय रूप से तैयार किया जा रहा है। महाकुंभ 2025 के लिए सरकार का यह मेगा प्लान न केवल इसे भव्य बनाएगा, बल्कि इसे श्रद्धालुओं के लिए सुखद और सुरक्षित अनुभव भी बनाएगा।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**